सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 30.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-23 पेज-12
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 11 जुलाई 2024
04 मोहर्रम 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# उन्नाव में हादसा, 18 की मौत

## सड़क पर बिखरी लाशें देखकर पुलिसकर्मी बेहोश, बिहार से दिल्ली जा रही बस टैंकर से टकराई

- बगैर फिटनेस, इंश्योरेंस, परमिट के बिहार से दिल्ली तक दौड़ रही थी बस
- 16 जगहों पर हुई अनदेखी



**उन्नाव।** आगरा एक्सप्रेसवे पर उन्नाव में बुधवार सुबह जो डबलडेकर बस हादसे की शिकार हुई, वह रोजाना बिहार से दिल्ली के बीच सड़क पर काल बनकर दौड़ती थी।

परिवहन विभाग और पुलिस की मिलीभगत से बस बगैर परमिट व फिटनेस के करीब 1300 किमी. चल रही थी। इस बीच 16 आरटीओ कार्यालयों के क्षेत्र से बस रोज गुजरती थी, पर किसी भी अफसर ने संजीदगी नहीं दिखाई। बुधवार को आगरा एक्सप्रेसवे पर डबलडेकर बस हादसे में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई घायल हैं। बस संख्या यूपी 95 टी 4720 बिहार के मोतिहारी से दिल्ली के बीच आगरा एक्सप्रेसवे के रास्ते चलती थी। बस की फिटनेस एक जनवरी, 2021 को ही खत्म हो चुकी है। टैक्स भी 30 नवंबर, 2023 तक ही जमा था, वहीं इंश्योरेंस इसी साल दो फरवरी व परमिट भी खत्म हो गया है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि जब बस की फिटनेस, परमिट आदि नहीं था तो चेकिंग अधिकारियों ने बस पर कार्रवाई क्यों नहीं की। इससे यह साफ होता है कि अफसरों व पुलिस की मिलीभगत से यह बस सड़क पर दौड़ रही थी। सड़क पर बिखरी लाशें देखकर पुलिसकर्मी बेहोश हो गये। चेकिंग में होती रही अनदेखी डबलडेकर बस बिहार से दिल्ली के बीच कुल 16 आरटीओ कार्यालयों के क्षेत्र से गुजरी, पर फिटनेस, इंश्योरेंस, टैक्स बकाया होने के बावजूद कहीं कोई कार्रवाई नहीं हुई। कुशीनगर, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, अयोध्या, बाराबंकी, लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, कन्नौज, फिरोजाबाद, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, नोएडा और गाजियाबाद आरटीओ से बस गुजरती थी। परिवहन विभाग के अफसरों ने बताया कि डबलडेकर बस के कागजों में जो पता दर्ज है, वह फर्जी है। महोबा के खेतिहर किसान पुष्पेंद्र सिंह के नाम से महोबा में यह बस पंजीकृत है।

### राष्ट्रपति, पीएम और सीएम योगी ने जताया दुख

उन्नाव जिले में सड़क हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। राष्ट्रपति ने इस दुखद दुर्घटना में मृतकों के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने उन्नाव में हुए हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। सीएम आदित्यनाथ ने लिखा, उन्नाव जिले में सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।

### ऑस्ट्रिया में मोदी का सेरेमोनियल वेलकम

# निर्दोष लोगों की हत्या बर्दाश्त नहीं: पीएम मोदी

- बातचीत से ही रुकेगा यूक्रेन में युद्ध : प्रधानमंत्री मोदी
- चांसलर ने कहा, भारत की बात पूरी दुनिया सुनती है




**वियना।** प्रधानमंत्री मोदी अपने दो दिवसीय दौरे पर ऑस्ट्रिया में हैं। रात में गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत के बाद मोदी सुबह ऑस्ट्रिया के पीएम आवास पहुंचे। यहां उनका सेरेमोनियल वेलकम हुआ। मोदी ने विजिटर्स बुक में दस्तखत किए। इस दौरान ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर उनके साथ रहे। दोनों ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान ऑस्ट्रिया के चांसलर ने कहा, भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जिसकी आवाज पूरी दुनिया में सुनी जाती है। भारत का भरोसेमंद पार्टनर होने के साथ ऑस्ट्रिया भी यूक्रेन संकट का शांतिपूर्ण हल चाहता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कहा कि यूक्रेन संकट का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं हो सकता। उन्होंने आतंकवाद की भी कड़ी निंदा की। मैंने पहले भी कहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है। उनकी यह टिप्पणी वियना में संघीय चांसलरी में ऑस्ट्रियाई चांसलर कार्ल नेहमर के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद आई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हम युद्ध के मैदान में समस्याओं का समाधान नहीं ढूंढ पाएंगे।

# केजरीवाल के जमानत मामले पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध खारिज

- केजरीवाल को राहत नहीं, हाईकोर्ट में हुई तीखी बहस



### ईडी के दावे को चुनौती : अभिषेक मनु

केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने ईडी के दावे को चुनौती दी। सिंघवी ने कहा कि जवाबी प्रति मंगलवार दोपहर 1 बजे जांच कार्यालय (आईओ) को भेज दी गई। सिंघवी ने कहा कि मामले में बहुत जल्दी है, क्योंकि केजरीवाल को दी गई जमानत पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है।

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली आबकारी नीति धन शोधन मामले में अरविंद केजरीवाल की जमानत मामले पर तत्काल सुनवाई के अनुरोध को खारिज कर दिया।

हाईकोर्ट ने पहले ट्रायल कोर्ट द्वारा केजरीवाल को दी गई जमानत पर रोक लगा दी थी, जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ट्रायल कोर्ट के जमानत आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का रुख किया था। हाईकोर्ट की जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने आज मामले की सुनवाई टाल दी, क्योंकि अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने कहा कि ईडी की याचिका पर केजरीवाल का जवाब उन्हें कल देर रात दिया गया और एजेंसी को इस पर जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय चाहिए। राजू ने कहा कि जवाबी प्रति उन्हें मंगलवार रात 11 बजे दी गई और उनके पास जवाबी हलफनामा तैयार करने और दाखिल करने का समय नहीं है।

उन्होंने कहा कि वह अपने जवाबी हलफनामे पर भरोसा किए बिना मामले पर बहस करने के लिए तैयार हैं। हालांकि जस्टिस कृष्णा ने टिप्पणी की कि ईडी केजरीवाल के जवाब पर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का हकदार है। इसलिए, इसने मामले को 15 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया। केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने इस आरोप में गिरफ्तार किया था कि वह कुछ शराब विक्रेताओं को लाभ पहुंचाने के लिए 2021-22 के लिए अब समाप्त हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति में जानबूझकर खामियां छोड़ने की साजिश का हिस्सा थे।

# सात राज्यों में 13 सीटों पर उपचुनाव के लिए वोटिंग खत्म

- उत्तरांखड और पश्चिम बंगाल को छोड़कर अन्य राज्यों में मतदान शांतिपूर्ण हुआ



**नई दिल्ली।** देश के सात राज्यों में 13 सीट पर विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को वोटिंग हुई है। इसमें कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है. हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर भी चुनावी मैदान में हैं।

ये चुनाव कुछ मौजूदा सदस्यों की मौत और कुछ के इस्तीफे की वजह से खाली हुई थीं। उत्तरांखड और पश्चिम बंगाल को छोड़कर अन्य राज्यों में मतदान शांतिपूर्ण हुआ। हिमाचल प्रदेश की नालागढ़ सीट पर सबसे ज्यादा 78.1 प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे कम 47.68 फीसदी मतदान उत्तराखंड की बद्रीनाथ सीट पर हुआ है। उत्तराखंड के मंगलौर विधानसभा क्षेत्र में एक मतदान केंद्र पर राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। इसमें चार लोग घायल हो गए. मतदान केंद्र पर फायरिंग की भी बात कही जा रही है, हालांकि पुलिस ने इसका खंडन किया है. कहा जा रहा है कि मतदान केंद्र पर हिंसा उस वक्त हुई जब जब कुछ लोग बूथ में घुस गए. उन्होंने लोगों को वोट डालने से रोका. बूथ में घुसे लोगों ने अपना चेहरा ढक रखा था। इस घटना को लेकर पूर्व सीएम हरीश रावत, और यूपी की सहारनपुर सीट से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद अन्य कई कांग्रेस नेताओं ने निंदा की है। उन्होंने कहा है कि उत्तराखंड में ऐसी घटना पहले कभी नहीं हुई। पश्चिम बंगाल के बगदाह और रानाघाट दक्षिण में भी हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुईं। बीजेपी ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर बूथ एजेंटों पर हमला करने और उम्मीदवारों को मतदान केंद्रों पर जाने से रोकने का आरोप लगाया है।


## मुस्लिम महिलाएं पति से ले सकती हैं गुजारा भत्ता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मुस्लिम महिलाओं के हक में एक बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि कोई भी मुस्लिम तलाकशुदा महिला पति से गुजारे भत्ता मांग सकती है। इसके लिए महिलाएं सीआरपीसी की धारा 125 के तहत याचिका दायर कर सकती हैं। पीठ ने जोर देकर कहा कि भरण-पोषण दान नहीं, बल्कि हर शादीशुदा महिला का अधिकार है और सभी शादीशुदा महिलाएं इसकी हकदार हैं, फिर चाहे वे किसी भी धर्म की हों। उसने कहा, मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 को सीआरपीसी की धारा-125 के धर्मनिरपेक्ष और धर्म तटस्थ प्रावधान पर तरजीह नहीं दी जाएगी।

### सीएम ने नवनियुक्त 7720 लेखपालों को नियुक्ति पत्र बांटे

# ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ हुआ चयन: योगी

- युवाओं को बिना किसी भेदभाव के मिल रही नौकरी
- पहले जिले एक परिवार में बंटते थे और चाचा-भतीजा वसूली करते थे
- जल्द ही होगी 4700 लेखपालों की भर्ती




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मिशन रोजगार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को 7720 लेखपालों को नियुक्ति पत्र सौंपे। लोकभवन सभागार में आयोजित नियुक्त पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश व केंद्र की डबल इंजन की सरकार युवाओं को रोजगार और नौकरी से जोड़ने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

पिछले सात वर्षों से नियुक्ति की प्रक्रिया बिना किसी भेदभाव के पूरी की जा रही है और उसी का परिणाम है कि छह लाख से अधिक युवाओं को हम नौकरी प्रदान करने में सफल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने नव चयनित लेखपालों को उनकी जिम्मेदारी का एहसास भी कराया। कहा, आप भी बिना किसी भेदभाव और सिफारिश के काम करें और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने का हिस्सा बनें। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही 4700 और लेखपालों की नई नियुक्त प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस मौके पर उन्होंने पूर्व की सरकारों पर निशाना भी साधा। कहा, 2017 के पहले लेखपालों के आधे पद खाली क्यों थे, क्योंकि भर्ती की प्रक्रिया से पहले ही चचा-भतीजे की जोड़ी वसूली के लिए निकल पड़ती थी। अलग-अगल जिले आवंटित हो जाते है।आज एक भी व्यक्ति की चयन प्रक्रिया में किसी को सिफारिश की आवश्यकता नहीं पड़ती। युवाओं का यही विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के जो प्रयास शुरू हुए हैं, नियुक्ति प्रक्रिया उसी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हमने 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में सफलता प्राप्त की है। अभी 30 लाख करोड़ के प्रस्तावों को जमीन पर उतारना बाकी है। इससे 1.62 करोड़ युवाओं को अपने जिलों में रोजगार मिलेगा। यही नहीं प्रदेश सरकार ने स्वरोजगार के लिए केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। पीएम मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, ओडीओपी सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से 62 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया है। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश की बेरोजगारी दर तेजी से नीचे गिरी है। कहा, वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश देश की छठी अर्थव्यवस्था माना जाता था, आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

### करोड़ों नौकरियों का हुआ सृजन

सीएम योगी ने प्रदेश में मिशन रोजगार को लेकर कहा कि पिछले 7 वर्ष में आपने देखा होगा कि प्रदेश सरकार नियुक्ति की प्रक्रिया को पूरी इमानदारी और बिना भेदभाव के युवा की योग्यता और उनकी क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ा रही है। इसी का परिणाम है कि 6 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है और आज वो सभी युवा अलग-अलग क्षेत्र में प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। प्रदेश में एक लाख 55 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की नियुक्ति की गई है, जबकि 1 लाख 54 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया को पूरा किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों में भी इसी प्रकार की भर्तियों की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया गया है। सीएम ने कहा कि प्रदेश में अब तक हमारी सरकार 15 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश को धरातल पर उतार चुकी है।



अवधनामा



# राजनाथ सिंह के जन्मदिन पर लखनऊ में पूजा अर्चना कर उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की गई

अवधनामा संवाददाता





**लखनऊ।** देश के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह जी का जन्मदिन बुधवार को संसदीय क्षेत्र लखनऊ में भी बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए पूजा अर्चना की गई।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के संयोजन में लखनऊ महानगर इकाई द्वारा भी हनुमान सेतु मंदिर में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा के पाठ सहित विभिन्न आयोजन किये गये। मंदिर में पाठ के उपरांत उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा,प्रदेश महामंत्री संजय राय, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा द्वारा आरती पूजन के उपरांत विशेष रूप से बनवाए गए 74 किलो के बड़े लड्डू का केक काटा गया और प्रसाद वितरण किया गया। हनुमान सेतु पार्किंग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री और अतिथियों ने 74 पक्षियों को पिंजरे से आजाद किया गया और 74 गुब्बारे भी छोड़े गए। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने 7074 मछलियों को गोमती में पुनः प्रवाहित किया।मंदिर के सामने पार्किंग स्थल पर आयोजित भजन संध्या आयोजन में किशोर चतुर्वेदी द्वारा राजकुमार सिंघल जी भजन स्तुति प्रस्तुत की गई। लखनऊ महानगर मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि राजनाथ सिंह के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अत्यंत वरिष्ठ 70 वर्ष आयु से अधिक के कार्यकर्ताओं का सम्मान व अभिनंदन भी किया गया जिन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ पार्टी में कार्य करते हुए पार्टी को मजबूत किया। जिसमें सुशील भट्ट, इंदिरा बाजपेई, विजय गुलाटी, विनोद सोनकर, श्रीकांत चौबे, श्री रामचंद्र चौरसिया, जी एन सेठ , वशिष्ठ शुक्ला, कुंजन सिंह, हरिप्रसाद मिश्रा, विनोद वाजपेई, मनोहर सिंह, ओंकार श्रीवास्तव राजकुमार, कौशल किशोर रामाशंकर त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी,पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, वीरेंद्र प्रताप सिंह, अंजनी श्रीवस्तव, रजनीश गुप्ता, सुधीर हलवासिया,अमित टंडन, रामअवतार कनौजिया, टिंकू सोनकर, घनश्याम अग्रवाल, अभिषेक खरे, मानवेंद्र सिंह, सीता नेगी, गणेश वर्मा, विपिन सोनकर व उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, पार्षद गणों और महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा 74 बड़े दीप जलाए गए और आरती पूजन करके एवं ईश्वर से राजनाथ सिंह के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अटल जी ने लखनऊ में विकास का जो सपना देखा था उसे आदरणीय राजनाथ सिंह जी पूरा करने का कार्य कर रहे है। हम सभी उनके शतायु जीवन के लिए प्रार्थना करते है। सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि राजनाथ सिंह जी में हमारे देश के शीर्ष वरिष्ठ अटल,आडवाणी,मुरली मनोहर जोशी और मोदी जी जैसे नेताओं के गुणों का समन्वय है।

## अज्ञात वाहन की बाईक की टक्कर से युवक की मौत

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** ग्राम सुभनापुर थाना अमृतपुर निवासी 35 वर्षीय अनेश पुत्र ब्रिज बिहारी अपने साथी कन्हैया के साथ बाइक द्वारा फर्रुखाबाद अस्पताल में भर्ती अपने भाई को देखने गया था। देर रात वापस आते समय कुतलूपुर आईटीआई के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अनेश का सर फट गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। बाइक पर बैठे कन्हैया के गंभीर चोटें आयीं।वहां से निकल रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची राजेपुर थाने की पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस द्वारा राजेपुर स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां पर मौजूद डॉक्टर ने अनेश को मृत घोषित कर दिया और घायल साथी को बेहतर इलाज के लिए लोहिया रेफर कर दिया। लोगों का कहना था कि अगर मृतक हेलमेट लगाए होता तो सर में चोट नहीं आती और जिंदगी बच सकती थी। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरा। पत्नी किरण एवं उसके तीन बच्चे जिसमें 10 वर्षीय जाह्नवी 12 वर्षीय अमन एवं 7 वर्षीय रमन व माता देव श्री का रो-रो कर बुरा हाल था।

## नवागत इओ ने जलालपुर पालिका का पदभार ग्रहण किया

**अंबेडकरनगर इब्ने अली जाफ़री/दानिश मेंहदी।** बीते 3 महीने से खाली चल रहे



जलालपुर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के कुर्सी को बांदा से स्थानांतरण हो आए अजय कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही नव नियुक्त अधिशासी अधिकारी ने नगर पालिका कर्मचारियों और मीडिया कर्मियों से औपचारिक मुलाकात की। औपचारिक मुलाकात में अधिशासी अधिकारी ने कहा हम सभी को मिलजुल कर और तालमेल बिठाकर काम करने की जरूरत है। साथ ही अधिशासी अधिकारी ने कहा कि मैं पूरा प्रयास करूंगा कि जलालपुर नगर पालिका को एक बेहतर और सुंदर नगर पालिका बनाया जाए इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने नगर पालिका के क्षेत्र वासियों से अपील किया कि यदि किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या या शिकायत होती है तो वह निःसंकोच और निडर होकर अपनी बात मेरे समक्ष रख सकता है। जिसका निस्तारण तत्काल करने का प्रयास किया जाएगा।

## प्रशिक्षु पीसीएस ने ग्रहण किया खंड विकास अधिकारी का चार्ज

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** अतिरिक्त पीसीएस अधिकारी पवन पटेल ने खंड विकास अधिकारी रामपुरा के रूप में पदभार ग्रहण किया है। जनपद चित्रकूट के मूल निवासी पवन पटेल 2023 के पीसीएस अधिकारी है। अपनी नियुक्ति के उपरान्त प्रशिक्षण काल के दौरान जिला अधिकारी जालौन कार्यालय में अतिरिक्त अधिकारी के रूप में सेवाएं दे चुके है तदुपरांत जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे द्वारा श्री पटेल को बतौर प्रशिक्षु अधिकारी



के रूप में स्वतंत्र रूप से कार्य करने का अनुभव करने के लिए विकासखंड रामपुरा में खंड विकास अधिकारी के रूप में अस्थाई नियुक्त दी है। नवागंतुक पीसीएस अधिकारी पवन पटेल के विकासखंड रामपुरा कार्यालय में खंड विकास अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण करने पर ब्लॉक में उपस्थिति सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) भारत सिंह, नौशाद अली एडीओ (आईएसबी), शाइस्ता खान बीएमएम, गौरव कंप्यूटर ऑपरेटर, राममोहन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, अनिल बाबूजी, ओम नारायण पाल, रामबरन, केशवकांत, जलील सिद्दीकी तकनीकी सहायक, मुकेश सविता, रत्नेश कुमार सहित अनेक अधिकारी कर्मचारियों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जन्मदिन पर चढ़ाई चादर



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं देश के यशस्वी रक्षा मंत्री लखनऊ के लोकप्रिय सांसद श्री राजनाथ सिंह जी के 74वें जन्मदिन पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री मोहम्मद जीशान खान की अगुवाई में अल्पसंख्यक समुदाय के कार्यकर्ताओं ने शाहमीना शाह चौक मेडिकल कॉलेज पर चादर चढ़ाकर रक्षामंत्री की लम्बी उम्र के लिए दुआ मांगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी के दीर्घायु होने की कामना करते हुए प्रदेश मंत्री मोहम्मद जीशान खान ने कहा कि उन्होंने सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया है लखनऊ में विकास कार्यों को अधिक गति दी है। उनकी सांसद विकास निधि से अनकों का कार्य लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में कराये जा रहें है समय.2 पर वे कार्यकर्ताओं से आकर मिलते रहते है और उनसे सीधा सम्पर्क हम सबका बना हुआ है। लखनऊ भ्रमण के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी धर्मगुरु अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों एवं मुस्लिम समुदाय के कार्यकर्ताओं से मिलते रहते हैं । रक्षामंत्री की लंबी उम्र की दुआ के लिए मोहम्मद जीशान खानएरशीद अलीए मिनाई सजदा नाशीए नासिर ख़ानए अरीज़ बेगए अब्दुल्ला ख़ानए आनिस अहमदए शहंशा हुसैनए अब्दुल करीम आदि मुस्लिम समुदाय के कार्यकर्ताओं ने शाहमीना शाह चौक पर चादर चढ़ाई।

# क्षेत्र पंचायत मरौरी की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**पीलीभीत।** पीलीभीत बैंकट हॉल पीलीभीत में श्रीमती सभ्यता देवी वर्मा, ब्लाक प्रमुख मरौरी महोदया की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत मरौरी की बैठक प्रातः 12 बजे प्रारम्भ हुई जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में ओम प्रकाश प्रतिनिधि मंत्री जी, गन्ना विकास एवं चीनी मिले उप्र उपस्थित रहे तथा कुल क्षेत्र पंचायत सदस्य 105 के सापेक्ष 91 तथा 95 ग्राम प्रधानों के सापेक्ष 80 प्रधान उपस्थित रहे, तथा बैठक में श्रीमती मृदुला, खण्ड विकास अधिकारी मरौरी, श्री राजेन्द्र वर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी मरौरी, श्री सुरेन्द्र कुमार, कृषि विभाग, श्री हिमांशू, पूर्ति विभाग, श्री खूब करन, बेसिक शिक्षा विभाग, श्रीमती मनीषा चौधरी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर, श्री मेहरवान सिंह राना स0वि0अ0 (पं0) श्री रिजवान, ग्रा0वि0अ0, श्री विशाल सक्सेना, अवर अभियन्ता आरई0डी0, श्री नसीम अख्तर, बी0एम0एम0 एवं श्री सचिन कुमार (आंकिक) विकास खण्ड मरौरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मा0 ब्लाक प्रमुख महोदया द्वारा श्री ओम प्रकाश प्रतिनिधि मा0मंत्री जी, गन्ना विकास एवं चीनी मिलें उ0प्र0 शासन को स्मृति चित्र भेंट कर स्वागत किया गया। तदोपरान्त बैठक में उपस्थित सम्बन्धित विभागो के अधिकारियों के द्वारा बैठक में शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा बैठक में उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों के द्वारा अपनी समस्याओं को सदन में रखा गया जिनका निस्तारण मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा कर दिया गया। वैठक में उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले निर्माण कार्य के 37 प्रस्ताव भी मा0 अध्यक्ष महोदया को उपलब्ध कराये गये। श्री सचिन कुमार, (आंकिक) द्वारा गत बैठक की कार्यवाही पढकर सुनाई गई, जिसपर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति व्यक्त की गई। बैठक के अन्त में श्रीमती सभ्यता देवी वर्मा, ब्लाक प्रमुख महोदया द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करने हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

## लोक अदालत में बैठक का हुआ आयोजन

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक सभागार में बीडीओ आलोक दत्त उपाध्याय के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित किया गया। बुधवार को सचिवों व एडीओ पंचायत के साथ आयोजित बैठक में उपस्थित लोगों से बीडीओ ने कहा कि सभी सचिव अपने तैनाती वाले गांवों में प्रचार प्रसार व चर्चाकर लोगों से 13 जुलाई को जिला न्यायालय में लगने वाले लोक अदालत में पंहुच कर अपने मामले का निस्तारण करा लेने का निर्देश दिया। शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले लोक अदालत में विकास व पंचायती राज विभाग से संबंधित मामले जिन लोगों का चल रहा है, वे सभी समय से पंहुचकर निस्तारण कर लें। इस दौरान एडीओ पंचायत संजय पटेल, विवेक कुशवाहा, प्रतीक रावत, राम सागर, धीरेंद्र सिंह यादव, हरीराम चौधरी, जय प्रकाश, रविंद्र सिंह, श्याम बहादुर, रणविजय यादव, मनमोहन पांण्डेय, अजीत कुमार, न्याय बहादुर आदि उपस्थित रहे।

# बस्ती पहुंचे केशवचन्द यादव, उपचुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस

## कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष ने बैठक कर दिया पार्टी का संदेश

अवधनामा संवाददाता




**बस्ती।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्वांचल जोन के प्रभारी केशवचन्द यादव के बस्ती आगमन पर पार्टी दफ्तरों पर जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा उप चुनाव निकट है, पार्टी उसकी तैयारियों में जुटी है। गठबंधन सक्रिय रहेगा और पूर्व में सम्पन्न हुये लोकसभा चुनाव से ज्यादा ताकत से उपचुनाव लड़ा जायेगा।

उन्होने बस्ती के कांग्रेसजनों का आवाह्न करते हुये कहा कि टाण्डा और अयोध्या में भी उपचुनाव होने हैं। ये दोनो सीटें बस्ती से सटी हैं और इससे प्रभावित होती है। इसलिये बस्ती कांग्रेस को पूरी ताकत से जुटना होगा। उन्होने भारत जोड़ो यात्रा के अपने अनुभवों और यात्रा के दौरान अपने राहुल गांधी की कठिन दिनचर्या भी कांग्रेसजनों से साझा की। जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कहा बस्ती के लोग पूरी क्षमता से अपना योगदान देंगे और लोकसभा चुनाव से भी बेहतर परिणाम आयेंगे।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी जयकरन वर्मा, पूर्व विधायक अंबिका सिंह, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, प्रवक्ता मो. रफीक खां, नर्वदेश्वर शुक्ला, सुरेन्द्र मिश्रा, जिपंस. अनिल कुमार भारती, शकुन्तला देवी, अशोक श्रीवास्तव, डीएन शास्त्री, गंगा प्रसाद मिश्र, मो. अशरफ अली, राकेश पाण्डेय, जगदीश शर्मा, विश्वनाथ चौधरी, डा. वाहिद अली, मो. सरवर अंसारी, अतीउल्लाह सिद्धीकी, अखिलेश पाण्डेय, आशुतोष पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, मो. सिद्धीक अंसारी, मो. अकरम, आनंद निषाद, इजहार अहमद, संजीव त्रिपाठी, मनोज कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## तीसरी मोहर्रम का मातमी जुलूस जलालपुर में हुआ बरामद

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर के मुहल्ला जाफराबाद स्थित तीसरी मुहर्रम के मातमी जुलूस का आगाज़ बड़े इमाम बारगाह पर हैदर



मेहंदी की हदीस ख्वानी के बाद अंजुमन अब्बासिया के रवायती नौहे से हुआ अंजुमन ने नौहा पढ़ा मक़तल की सरजमीं पर रोता है जुलजिनाह। कुरैशी खानदान की तरफ़ से उठने वाला परम्परागत मातमी जुलूस में हज़रत इमाम हुसैन की सवारी जुलजनाह (दुलदुल) की जियारत के बाद अजादारो ने फातेहा पढ़ा। जुलूस में अंजुमन अब्बासिया, जाफरिया, हुसैनिया, रौनक -ए-अजा,अजा-ए-हुसैन, जुल्फ़िक़ारिया, अंजुमन काजिमया, अंजुमन जुलफेकारिया नयी ने जाफराबाद मोहल्ला का भ्रमण कर नौहा ख्वानी व सीनाजनी किया। जुलूस देर रात पुनः बड़े इमाम बारगाह पहुंच कर समाप्त हुआ। जुलूस की निगरानी कोतवाल संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ कर रहे थे। उक्त अवसर पर नोडल अधिकारी सचिव कुमार मौर्य अरून कुमार, रोहित सिंह आदि मौजूद रहे। इसके अलावा मासूमिया इमाम बारगाह में हसन इमाम, सज्जादिया इमाम बारगाह, साजिद उर्दू बाबू,हाजी शब्बीर,हाजी इरफान, हाजी फईक हुसैन, सगीर हुसैन के आवास पर हुई मजलिसों में अजादार कर्बला के वाकयात को सुन कर आंखें नम कर रहे हैं। देर रात्रि तक छोटे इमाम बारगाह, बड़े इमाम बारगाह पर आयोजित मजलिसों में अजादारो का हुजूम उमड़ रहा है। इसके अलावा थाना क्षेत्र के सोनगांव, पेठिया, कर्बला हुसैनपुर, मछलीगांव समेत मुस्लिम बहुल इलाकों में मजलिस व मातम का सिलसिला जारी है।

## दिल्ली से वापस आते समय बाइक दुर्घटना में युवक की मौत

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** घर से बाहर खाने और कमाने के लिए गए युवक की घर वापस आते समय बाइक दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम हरसिंहपुर निवासी 28 वर्षीय प्रभु दत्त द्विवेदी पुत्र शंभू रतन दिल्ली में पंडिताई एवं गार्ड की नौकरी करता था। बीते दिवस वह दिल्ली से सुबह 4 बजे बाइक द्वारा 18 वर्षीय निखिल के साथ वापस अपने गांव आ रहा था। थाना रजपुरा जिला संभल के पास बाईक और पिकअप में टक्कर हो गई। जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हुई और उसकी मौत हो गई। साथ में बैठे निखिल के गंभीर चोटें आयीं जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और थाना अमृतपुर में सूचना देकर उसके परिजनों को अवगत कराया गया। परिजन मौके पर पहुंचे और उसकी डेड बॉडी को आज देर रात घर ले आए। घर आने पर माता बिरना देवी भाई रिंकू बीनु सचिन व बहन कंचन का रो-रोकर बुरा हाल था।

# ग्राम जुगराजपुर में नवनिर्मित गौशाला का किया गया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत रन्धीरपुर के मजरा जुगराजपुर में एक करोड़ 62 लाख रुपए की धनराशि से निर्मित हो रही गौशाला का आज भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष श्रीमती उर्विजा दीक्षित द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। स्थाई गौशाला को दुल्हन की तरह सजाया गया तथा साफ सफाई के बेहतर प्रबंध किए गए।

मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी की जिलाअध्यक्षा उर्विजा दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा गाय को सनातन धर्म में पूजनीय एवं वंदनीय माना गया है । गौ सेवा करने से ग्रहों की शांति हो जाती है। इस लोक की तो छोड़िए परलोक का भी सुधार होता है। आज बड़े ही हर्ष का विषय है कि देश की सबसे छोटी संसद कहीं जाने वाली ग्राम पंचायत में शासन की प्राथमिकताओं में गौशालाओं में गौ सेवा की जा रही है । वर्तमान सरकार में गायों को हरा चारा भूसा,चोकर से लेकर उन्हें स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त चिकित्सा भी प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा गाय की पूजा करने मात्र से ही प्राणियों के सारे दुख दूर हो जाते हैं।जिसे भी गौ सेवा का अवसर मिल रहा है, वह अपने आप को भाग्यवान समझे । उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से करबद्ध प्रार्थना करते हुए कहा सभी लोगों से जो भी संभव हो सके गौ सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान अवश्य दें। चराचर विश्व में गौ माता के लिए बड़े-बड़े आश्रमों द्वारा बगैर किसी सहायता के गौशालाओं का संचालन किया जा रहा है तथा उनकी सेवा भी की जा रही है। आज स्थाई गौशाला जुगराजपुर में वृहद गौशाला बनने से आसपास के दर्जनों गांव की समस्या का समाधान संभव हो गया है ।अब कोई भी अन्ना गोवंश किसान भाइयों की फसलों को क्षति नहीं पहुंचा पाएगें। यह गौशाला जनपद की अनुकरणीय गौशाला साबित होगी।

## अफ़हामे ज़मा सोसायटी के प्रतिनिधिमंडल ने नवाबीने अवध के साथ की हुसैनाबाद ट्रस्ट के सचिव और प्रभारी से मुलाकात

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अफ़हामे जमा समिति के प्रतिनिधि मंडल ने नवाबीने अवध के साथ एडीएम पूर्वी सचिव हुसैनाबाद ट्रस्ट और सिटी मजिस्ट्रेट प्रभारी हुसैनाबाद ट्रस्ट से उनके कार्यालय में मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि हुसैनाबाद ट्रस्ट द्वारा छोटे इमामबाड़े में जो सालन रोटी बंटता था उसी तरह बांटा जाए। सात मुहर्रम से पहले इमामबाड़े में जिस जगह पर चूनाकारी नहीं हुई है वह भी करवाई जाए। इसी के साथ-साथ 10 मोहर्रम की शाही जारी को सम्मानपूर्वक दफ़नाने के सिलसिले में भी वार्ता की गई। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष सैयद अली मीसम नकवी एडवोकेट, ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद अली मदहोश एडवोकेट, प्रिंस इक़बाल मिर्जा, अब्बास निगार, मोहसिन रिजवी एडवोकेट, जावेद नवाब, श्रीमती मिथिलेश सिंह, आशीष पांडे एडवोकेट, डॉक्टर कम्बर नवाब एडवोकेट के अलावा समिति के तमाम अधिवक्ता मौजूद थे।

## प्रोत्साहन योजना की बैठक में छह आवेदन आए

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0वी0के0सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक जनपद एक उत्पाद विपणन प्रोत्साहन योजना की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मेलो में प्रतिभाग करने पर स्टाल किराये, यात्रा व्यय, माल ढुलाई पर मिलने बाले वित्तीय अनुदान के लिये आये हुए 06 आवेदनों पर विचार कर दावे को शासनादेश के अनुसार उपयुक्त पाये जाने पर भुगतान का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त उधोग केंद्र व संबंधित अधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

# उपजिलाधिकारी ने डुमरियागंज के बाढ़ग्रस्त गांवो का किया भ्रमण

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** राप्ती नदी का जल स्तर निरन्तर बढ़ रहा है, दो दर्जन से अधिक गांवों के जलमग्न व मुख्य मार्गों पर पानी भर जाने से आवागमन बाधित और जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया हैं।

बुधवार को ग्राम पेंदा व बघाडी के बीच बँधे पर बने रेगुलेटर के पास जल रिसाव की सूचना पर उपजिलाधिकारी डुमरियागंज डॉ. संजीव दीक्षित तुरन्त अपने सहकर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए तथा सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को फोन करके मौके पर आने का निर्देश दिया। मौके पर बंधे की स्थिति काफी चिंताजनक थी, अगर बांध टूट जाता तो कई ग्राम बुरी तरह से बाढ़ से प्रभावित हो जाते तथा व्यापक क्षति हो जाती। बढ़ते रिसाव को देखते हुए उपजिलाधिकारी ग्रामवासियों की मदद से स्वयं बोरी में मिट्टी भरकर डालने लगे, उन्हें यह कार्य करता देख गांव के जिम्मेदार आगे आये और देखते ही देखते बंधे के रिसाव को पूरी तरह से बंद कर दिया गया, जिससे कई गांवों बाढ़ पीड़ित होने से सुरक्षित हो गए। उपजिलाधिकारी बाढ़ पीड़ित स्थानों का निरीक्षण करते हुए ग्राम खन्ता, जुड़िकुइया, परसोहिया सदानंद, असनहरा माफी, बेतनार, बेव मु. जहदा मु. आदि का भ्रमण किया। वही क्षेत्रीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के साथ नगर पंचायत में स्थित गौशाला का भी निरीक्षण किया तथा पशुओं के चारे के सम्बंध में जानकारी प्राप्त किया। उपजिलाधिकारी डॉ. संजीव दीक्षित ने बताया कि बाढ़ प्रभावित ग्रामों के सभी लेखपाल कानूनगों को निर्देश दिया गया है कि सभी लोग अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए नजर बनाए रखे तथा किसी भी घटना की सूचना तत्काल उपलब्ध कराएं। इस दौरान लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेशचंद्र श्रीवास्तव, संजय कुमार वरुण, देवेंद्र राठौर, जियालाल यादव, राष्ट्रदीप, विवेक आदि उपस्थित रहे।

### बाढ़ पीड़ितों के लिए स्थापित हुआ कंट्रोल रूम

राप्ती नदी के बढ़ते हुए जलस्तर को देखते हुए उपजिलाधिकारी डॉ. संजीव दीक्षित ने तहसील मुख्यालय पर बाढ़ कंट्रोल सेवा का आरंभ करवाते हुए बताया कि बाढ़ कंट्रोल सेवा को 24 घण्टे के लिए सक्रिय कर दिया गया है तथा शिफ्टवार कर्मचारियों की तैनाती भी कर दी गयी है। किसी भी आपातकालीन सेवा या बाढ़ से से संबंधित किसी भी सूचना के लिए कंट्रोल रूम में 05541-297043 अथवा 9454415945 पर काल करके अवगत करा सकते हैं प्रशासन जनता के सारी समस्या में साथ खड़ी है।

## काकोरी में पारिवारिक कलह के चलते युवक ने फांसी लगायी

अवधनामा संवाददाता

**काकोरी लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र में कसबा काकोरी मे बुधवार को एक व्यक्ति ने अपने घर में साड़ी का फंदा बनाकर आत्म हत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम राज कुमार उम्र लगभग 46 वर्ष पुत्र सुंदर लाल निवासी खोया मंडी कस्बा काकोरी ने अपने घर में साडी के सहारे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली परिजनों ने बताया मृतक शाराब का आदि था पारिवारिक कलह की चलते फांसी लगा ली है। मृतक पास ही में पाइप की फैक्ट्री में मजदूरी का कार्य करता था। मृतक के परिवार में मृतक के परिवार में पत्नी राधा पुत्री सिमरन 12 जितेंद्र 15 वर्ष है। स्थानी लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची काकोरी पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## फ़र्ज़ी अस्पतालो पर प्रशासन का चला चाबुक

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनता को फर्जी



अस्पतालों से निजात पाने के लिए लगातार अपने बच्चो की कुर्बानी देनी पड़ेगी। जनता को यह बात जितनी जल्दी समझ में आ जाए उतना अच्छा है। अभी कुछ दिन पहले बसखारी के एक अस्पताल में डिलीवरी के टाइम जच्चा बच्चा दोनो की मौत के बाद जब जिला प्रशासन की थू थू होने लगी तो जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने टीम गठित कर छापेमारी की कार्यवाही कराई जिसमें 17 अस्पतालों को सील किया गया 8 को नोटिस दिया गया। वैसे जनता ने तभी कहा था कि यह अधूरी कार्यवाही है। फिर रामनगर के अस्पताल में एक मौत हुई जिसके बाद जिला अधिकारी की नींद खुली उन्होंने फिर टीम गठित की टीम ने आलापुर और टांडा तहसील के 6 अस्पतालों को सील किया अभी जिला अधिकारी पूरी तरह वाह वाही बटोर भी नही पाए थे कि फिर एक प्रसूता की जान चली गई। श्यामा मेमोरियल हॉस्पिटल जलालपुर अकबरपुर रोड स्थित हाथी पार्क के बगल में मंगलवार को एक प्रसूता का ऑपरेशन हुआ था जिसकी आज मौत हो गई। देखते है अब जिलाधिकारी फिर कब टीम गठित करते है और इस बार कितने अस्पताल सील होते हैं। खैर अंबेडकरनगर की जनता से अनुरोध है कि हौसला बनाए रखिए जान गंवाते रहिए एक न एक दिन जिला अधिकारी साहब सारे फर्जी अस्पतालों को अवश्य बंद करा देंगे। सीएमओ के बारे में कोई टिप्पणी करना अपना मुंह गंदा करने के बराबर है इसलिए उसके बारे में कुछ लिखने का मन भी नही हो रहा है। वह राक्षस है इंसानों की बलि लेता है। सारे फर्जी हॉस्पिटल उसी की देख रहे में संचालित हो रहे हैं।

## 40 लेखपालों को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित लेखपाल चयन परीक्षा 2022 के आधार पर लेखपाल पद के लिए चयनित होने पर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डॉक्टर बीके सिंह सांसद मुकेश राजपूत विधायक नागेंद्र सिंह, सुशील शाक्य , डॉक्टर सुरभि गंगवार जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ,अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति, एसडीएम रजनीकांत पांडे की उपस्थिति में चयनित 40 अभ्यर्थी लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए साथ ही जिले की तहसीलों में तैनाती कर दी गई है।

## सूचना

मेरे पासपोर्ट नं0- P4967652 में त्रुटिवश मेरा नाम तालिब (TALIB) दर्ज हो गया है। जबकि आधार कार्ड सहित अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम तालिब शेख (TALIB SHEKH) दर्ज है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**तालिब शेख (TALIB SHEKH) निवासी ग्राम-देवपुरा इस्लामपुर थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी (उप्र)**

## कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-1, लालबाग जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रा सं0- 560/ई0ई0-1/एल0जे0एस0 दिनांक 10/7/2024

### अल्प कालीन निविदा-सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दि0 18/7/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन शायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 18/7/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-1 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Reboring of submersible pump near Nala at Corpporator Sri Mukesh Singh(Monty)'s House, Maulveeganj Ward, Lko. | 3300.00 | Rs. 200 | 07 दिवस |
| 2 | Reboring of submersible pump near Maszid at Bhanmati Chauraha, Nazarbagh-Yadunath Sanyal Ward, Lko. | 3300.00 | Rs. 200 | 07 दिवस |

निविदा प्राप्त करने की शर्त :- 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता जोन-1
जलकल विभाग, नगर निगम,
लखनऊ

# विधायक व जिलाधिकारी ने जनपद में नव चयनित लेखपालों को वितरित किया नियुक्ति पत्र

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में प्रदेश के नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। लखनऊ में आयोजित



इस कार्यक्रम में जनपद अयोध्या से नव चयनित 103 लेखपालों में 50 नव चयनित लेखपालों को भी मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया तथा जनपद के शेष नव चयनित लेखपालों को माननीय विधायक अयोध्या व जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक व जिलाधिकारी ने नव चयनित लेखपालों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपने दायित्वो का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विभाग प्रशासन की रीढ़ है और लेखपाल राजस्व विभाग की रीढ़ होता है। सभी लाभार्थीपरक योजनाओं का लेखपाल और ग्राम पंचायत सचिव रीढ़ होते हैं। सभी योजनाओं में लेखपालों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, लेखपाल का कार्य जमीनी स्तर का कार्य है, जिसे सभी लेखपाल बेहतर ढंग से पूर्ण मनोयोग एवं निष्ठा के साथ करें। सभी लाभार्थी परक योजनाओं की अच्छी जानकारी रखें, इस हेतु योजनाओं को पढ़े और प्रत्येक लाभार्थी परक योजना के पात्रता की शर्तों योग्यता व आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी रखें। विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आवेदनकर्ताओं के आवेदनों का नियमानुसार का ससमय निराकरण करने के साथ ही ऐसे पात्र व्यक्ति जिन्होंने आवेदन नहीं किया हो अथवा उन्हें योजना की जानकारी नहीं है को योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें उनकी पात्रता श्रेणी में आने वाले योजनाओं से लाभान्वित कराएं।

इससे आप अधिक से अधिक जरूरतमंद अर्थात गरीब की मदद कर पाएंगे यही जीवन की सतर्कता है। जिलाधिकारी ने प्रत्येक लेखपाल एवं कर्मचारी को उपलब्ध संसाधनों का बेहतर सदुपयोग करने तथा जो व्यक्ति कर्मचारी अधिकारी अच्छा कार्य कर रहा है से सीखने को कहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, उप जिलाधिकारी सदर राजकुमार पांडेय, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार वर्मा, तहसीलदार सोहावल विनोद कुमार चौधरी सहित नव चयनित लेखपाल उपस्थित है।

# शिक्षकों की मौलिक मांगे पूर्ण हुए बिना ऑनलाइन उपस्थित संभव नहीं: मुकेश प्रताप सिंह



*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर अयोध्या।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की महत्वपूर्ण बैठक मिल्कीपुर क्षेत्र के पी ए पी पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद वर्मा की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण कराने लिए शिक्षक संघ की ओर से व्यापक एवं चरणबद्ध रणनीति बनाई गई है। बैठक का संचालन करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश प्रताप सिंह ने कहा उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा 31 उपार्जित अवकाश, 12 द्वितीय शनिवार अवकाश अर्ध आकस्मिक अवकाश, प्रतिकार एवं अध्ययन अवकाश, पुरानी पेंशन कैशलेस चिकित्सा, शिक्षकों की पदोन्नति आदि मांगे वर्षों से लंबित है किंतु आज तक इन समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया है। जब तक शासन द्वारा इन समस्याओं का निराकरण नहीं कर दिया जाता तब तक ऑनलाइन हाजिरी संभव नहीं है।ब्लॉक मंत्री भगवती यादव ने बताया कि 11 और 12 जुलाई को ब्लॉक स्तर पर बैठक कर सभी शिक्षकों से ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सहमति प्राप्त किया जाएगा। 13 जुलाई को जिला कार्य समिति की बैठक में इसे जिलाध्यक्ष और जिला मंत्री को सौंपा जाएगा। 14 जुलाई को दोपहर 2:00 बजे से ट्विटर पर ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में अभियान चलाया जाएगा।15 जुलाई को जिला कार्य समिति द्वारा ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। 23 जुलाई को बीएसए ऑफिस पर विशाल धरना दिया जाएगा। ब्लॉक संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि जब तक शिक्षकों की मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, तब तक शिक्षक किसी भी प्रकार की ऑनलाइन उपस्थिति का समर्थन नहीं करेंगे ।इसके लिए हम संघर्ष करने को तैयार है।साथ ही ट्विटर अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए सभी से आवाह्न किया। इस मौके पर बैठक में कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी,जिला प्रचार मंत्री अभिषेक यादव,उपाध्यक्ष आनंदमणि त्रिपाठी, देवेंद्र कुमार, रीता देवी रावत,आलोक सिंह,संघर्ष समिति मीडिया प्रभारी आकाश जायसवाल,उपाध्यक्ष विवेक चंद्र पांडेय, कामिनी द्विवेदी सहित मंजू यादव,पवन यादव,मंजू सिंह,विदुषी सिंह,प्रतिभा त्रिपाठी,रंजना सिंह, अंजू गुप्ता इंदू वर्मा,निशा सिंह,शुचि तिवारी,समीना मकसूद प्रतिमा श्रीवास्तव,शैल कुमारी अनवर सादात, गणेश शंकर दुबे,शैलेंद्र शुक्ला,शशिभूषण,कृपा शंकर, ओम प्रकाश यादव,प्रियंक पांडेय,सतीश चौरसिया,शुभम सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# पीड़ित परिवार ने डीएम को दिया शिकायत पत्र

**अयोध्या।** पीड़ित परिवार ने जिलाधिकारी को दिया शिकायती पत्र शिकायती पत्र में कहा गया है कि पीड़ित उमा सोनकर पत्नी दिलीप सोनकर निवासिनी नाका हनुमान गढ़ी थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या की है। पीड़ित के घर के पीछे मैदान में निखिलेश सोनकर पुत्र बैजनाथ सोनकर गांजा बेचने का काम करता है जिसके ऊपर हृछक्र समेत कई मुकदमें हैं पीड़ित व मुहल्ले के लोगो ने कई बार इसका विरोध किया निखलेश सोनकर व उसके साथ मनीष सोनकर, अप्पू सोनकर पुत्रगण बैजनाथ सोनकर व अतीक अंसारी, विशाल शर्मा घर के पीछे खड़ी बहू बेटी पर अभद्र टिप्पणी करते रहते है । 8 जुलाई को समय करीब रात्रि 11 बजे निखलेश सोनकर, अप्पू सोनकर मनीष सोनकर, पुत्रगण बैजनाथ सोनकर व अतीक अंसारी, विशाल शर्मा पीड़ित के घर के सामने आकर मां बहन की गाली देने लगे पीड़ित के पुत्र शनि सोनकर ने विरोध किया।

# शिक्षकों की मांगों को पूरा नहीं किये जाने सेआक्रोशित, यूटा का ज्ञापन

**बाराबंकी।** बुधवार की शाम को यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर बुधवार को जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार व अन्य पदाधिकारियों ने डिजिटलाइजेशन के विरोध में मुख्यमंत्री को



सम्बोधित ज्ञापन ज़िलाधिकारी कार्यालय पहुँचकर अतिरिक मजिस्ट्रेट को सौंपा। शिक्षकों को लगातार ऑनलाइन उपस्थिति के सम्बन्ध में निर्देश दिये जा रहे है। शिक्षकों का कहना है कि उनकी मांगों को पूरा नहीं किये जाने से वह आक्रोशित है। जब हमारी समस्याओं को समझकर हमारी माँगें पूरी कर दी जाएगी उसके बाद ऑनलाइन उपस्थिति देने में किसी भी तरह की न तो कोई समस्या होगी न ही विरोध किया जायेगा। शिक्षक संगठनों व शिक्षकों ने आठ जुलाई से शुरू हुई ऑन लाइन उपस्थिति का लगातार बहिष्कार किया हुआ है। शिक्षकों ने काली पट्टी हाथ में बांध कर शिक्षण कार्य किया लेकिन अधिकांश शिक्षकों ने ऑन लाइन उपस्थिति नहीं दर्ज कराई। इसी विरोध और अपनी माँगों को लेकर यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन ÷यूटा÷ सहित अन्य संगठनों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपने मांगों के समर्थन में ज्ञापन दिया। लगातार शिक्षक संगठन कर रहे है विरोध- 8 जुलाई से शिक्षक विभिन्न तरीको से अपनी माँगो को लेकर विरोध कर रहे है, उसी क्रम में शिक्षकों ने काली पट्टी बांध, एक्स पर भी ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर ट्रेंडिंग होती नज़र आयी। शिक्षकों की समस्याओं को बिना सुने, उनकी मांगों को पूरा किये बिना ही ऑन लाइन उपस्थिति से शिक्षकों व उनके संगठनों में आक्रोश है। जिले में 2634 स्कूलों में 12 हजार से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। पहले दिन आन लाइन उपस्थिति का बहिष्कार करते हुए इनमें से अधिकांश शिक्षकों ने हाथ में काली पट्टी बांध कर विरोध जताते हुए शिक्षण कार्य किया, उसके बाद से लगातार ज्ञापन दिया जा रहा है। विरोध लगातार जारी रखते हुए संगठाओं ने फ़ैसला लिया है कि विरोध करते हुए अपनी ऑन लाइन उपस्थिति नहीं दर्ज कराई जायेगी। ज्ञापन कार्यक्रम में शिक्षक संगठन यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने कहा कि बिना हमारी समस्याओं का समाधान किए ऑनलाइन उपस्थिति दे पाना संभव ही नहीं है। शिक्षकों की प्रमुख माँगों को ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान बैनर के माध्यम से बहुत अच्छे तरीक़े से प्रस्तुत किया गया। जिनमें 15 दिन का हाफ सीएल, 31 दिन का ईएल, कैशलेश इलाज, राज्य कर्मचारी का दर्जा, फल-दूध ख़रीदने से मुक्ति, नेटवर्क की समस्या दूर हो, पुरानी पेंशन, स्कूलों के रास्ते सही हो आदि माँगे प्रमुख रूप से रखी गई। जिला संगठन मंत्री दीपक मिश्र ने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण किए बिना डिजिटलीकरण के आदेश का यूटा व महासंघ पूरी तरह से बहिष्कार करता है।

# दहेज की बात को लेकर ससुरालीजन ने विवाहिता को पीटा , मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** दहेज की बात को लेकर विवाहिता ने पर मारने पीटने मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए विवाहिता ने ससुरालीजन के विरुद्ध स्थानीय पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामबक्स मजरे बम्हरौली अईमा गांव निवासनी साधना ने बताया की बीते 10 साल पहले मेरा विवाह उक्त गांव निवासी बैजनाथ पुत्र रामफेर के साथ हुआ था और मेरे दो पुत्र आयुष 6 वर्ष व अनमोल 3 वर्ष है आरोप है कि दहेज की बात को लेकर मेरे पति मुझे आए दिन मारते पीटते व प्रताड़ित करते हैं पूर्व में भी कई बार मेरे साथ मार पीट कर चुके हैं गत दिनांक 8 जुलाई की शाम 4 बजे मेरे पति बैजनाथ ,सास रामावती , व रामफेर पुत्र रामशंकर उक्त सभी लोग मेरे साथ गली गलौज करते हुए लात घुसो से और लाठी डंडे से मुझे मारना पीटना शुरू कर दिया और मुझे जान से मार देने की नियत में थे लेकिन बच्चो की चीख पुकार सुनने के बाद दौड़े ग्रामीणों ने मेरी जान बचाई । मारपीट के दौरान मुझे गंभीर चोटे आई है। विवाहिता ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।पुलिस ने पति समेत तीन लोग के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# रोड के किनारे खड़े ट्रक से टकराई पिकप, एक युवक की मौत , चालक गंभीर रेफर

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ लखनऊ सुल्तान हाइवे पर मंगलवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में एक पिकअप रोड के किनारे पहले से खड़े हुए ट्रक से पीछे से जा टकराई ।दुर्घटना में जहां एक 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई ,वही पिकअप चालक को गंभीर अवस्था में रेफर कर दिया गया हैं। गत 8/9जून की रात हैदरगढ़ की ओर से एक पिकअप सुल्तानपुर की ओर जा रही थी रात्रि 11 बजकर 30 मिनट पर जब पिकअप गोसूपुर गांव के निकट पहुंची तो पहले से खड़े ट्रक से टकरा गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने पिकअप के अंदर फंसे दो लोगों को बड़ी मशक्कत करके पिकअप का गेट काटकर बाहर निकाला। पुलिस द्वारा सीएचसी हैदरगढ़ में भर्ती कराए गए कोठी थाना व कस्बा निवासी रमेश चंद्र के 15 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार की मौत हो गई, वहीं पिकअप चालक राजन को रेफर कर दिया गया। ट्रक चालक मौके से फरार हैं।

# तीसरी मोहर्रम को हर तरफ़ से गूंज रही या हुसैन या हुसैन की सदाएं, जगह जगह पर मजलिसों का सिलसिला जारी

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** अपनी दुनियां व आखे़रत को कामयाब बनाएं, तालीमात ए अहले बैते रसूल अपनाएं। ईमान और उसके तक़ाजे़ के उनवान से ज़िक्र करते हुए यह बात इमाम बाड़ा मीर मासूम अली कटरा मे असरे की तीसरी मजलिस को ख़िताब करते हुए आली जनाब मौलाना जाबिर जौरासी साहब ने कही। मौलाना ने यह भी कहा कि अम्न चाहते हो तोअपने फैसले हैदरी मिजाज़ से करो,निस्वां मिजाज़ से नहीं। मजलिस से पहले बाक़र नक़वी, हुज़ैफ़ा व ज़ाकिर इमाम ने नज़रानए अक़ीदत पेश किए। मजलिस का आग़ाज तिलावत ए कलाम ए पाक से मो0 इसहाक ÷अली मियां÷ ने किया।आखिर मे मौलाना ने मसायब पेश किए जिसे सुनकर मोमनीन रो पड़े। आग़ा फ़य्याज मियां जानी के अजाखाने की तीसरी मजलिस को मौलाना फ़ैज़ान मेहदी जैदपुरी ने खिताब करते हुए कहा मोर्चे पर वही ठहरता है जिसका ईमान पुख़्ता होता है। क़ूवत ए इलाही के सामने असलहे बेमाना हो जाते हैं। मजलिस से पहले बाक़र नक़वी, हाजी सरवर अली करबलाई व मो.हैदर ने नजरानए अक़ीदत पेश किए। वही रसूलपुर मे मोहसिन साहब के अजाखाने की मजलिस को आली जनाब मौलाना तसनीम हैदर साहब ने ख़िताब किया। शारिब मौरानवी, अहमद रज़ा, हाजी सरवर अली करबलाई व मो.हैदर आब्दी ने नज़रानए अक़ीदत पेश किए। करबला सिविल लाइन और रिफाकत रिजवी केअजाखाने की तीसरी मजलिस में मौलाना मो0 मुजतबा ÷ मीसम ÷ साहब ने मजलिस को ख़िताब करते हुए कहा तक़्वे की बिना पर अमल को अल्लाह क़ुबूल करता है ,दिखावे की इबादत को नहीं । क़ुरआन का मोजिज़ा देखना चाहते हो तो मोजिज़ नुमा तलाश करो। हाजी सरवर अली करबलाई ने नजरानए अक़ीदत पेश किए। वक़्फ़ नवाब अमजद अली खां बेगमगंज के अज़ाखाने में अशरे की तीसरी मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना मोहम्मद अब्बास रिज़वी÷ सदफ़÷ ने कहा मारेफ़त के साथ किया गया अमल पूरी ज़िन्दगी की इबादत से बेहतर होता है अल्लाह मज़लूमों के साथ होता है ,ज़ालिमों के साथ नहीं ।अहलेबैत की मोहब्बत के बग़ैर कोई अमल काबिले क़ुबूल नही। डा.रज़ा मौरानवी व हाजी सरवर अली करबलाई ने नजरानए अक़ीदत पेश किया। करबला वालों के मसायब सुनकर अजादार रो पड़े। बानिये मजलिस मुतवल्ली सरवर अली रिजवी ने सभी का शुक्रिया अदा किया।इमाम बाड़ा जनाब ए ज़ैनब में हाजी सरवर अली करबलाई ने मरसिया पढ़ा, मरहूम शरीफुल हसनव नजमुल हसन के अज़ाख़ाने में जाकीरे एहलेबैत बश्शन ने मजलिस को ख़िताब किया, डाक्टर असद (मरहूम अतहर एडवोकेट)के अजाखाने की मजलिस को इमामे जुमा मौलाना मो.रज़ा जैदपुरी ने ख़िताब किया । मजलिसों का ये सिलसिला हैदर हाउस होता हुआ कम्पनी बाग ,लाइन पुरवा रफी नगर, अस्करी नगर,बेलहरा हाउस , तकिया व पीर बटावन मे देर रात तमाम हुआ।

# कलेक्ट्रेट सभागार में शादी अनुदान जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई संपन्न




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** ।जिला कलेक्ट्रेट सभागार में अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़ कर शादी अनुदान योजनान्तर्गत जिला स्तरीय स्वीकृति समिति एवं जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में किया गया जिसमें जनपद अयोध्या के सभी जनप्रतिनिधियों एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति के अन्तर्गत जनपद अयोध्या के समस्त उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी, अयोध्या द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजनान्तर्गत आवेदको की आय सीमा में बढ़ोत्तरी की गयी है। विगत वर्ष यह सीमा ग्रामीण क्षेत्र में रू0 46080/ एवं शहरी क्षेत्र मे ? 56460/ थी जो अब बढ़ाकर दोनो क्षेत्रों में समान रूप से ?100000/ कर दी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजनान्तर्गत आज तक किये गये 251 आनलाइन आवेदन पत्रों जिला स्तरीय स्वीकृति समिति के समक्ष स्वीकृति हेतु जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अयोध्या द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# मनुष्य अपना खून दान देकर मनुष्य की जान बचाने का महान कार्य करताः तनुज पुनिया



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** आज के समय में सबसे बडा दान रक्तदान है मनुष्य अपना खून दान देकर मनुष्य की जान बचाने का महान कार्य करता है ऐसे महापुरूष जो रक्तदान करते है वह सभी बधाई के पात्र है मै उनकी भावनाओ की हृदय से कद्र करता हूँ और रक्तदान जैसे पुण्य कार्य करने के लिये उन्हे हृदय की गहराईयो से आभार व्यक्त करता हूँ। उक्त बाते 53 लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी के नव निर्वाचित सांसद तनुज पुनिया ने आज जिला अस्पताल में सोशल रूलर संस्था द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में संस्था की प्रमुख श्रीमती गीता साकेत तथा रक्तदान करने वाले को बधाई और शुभकामनाएं देते हुये कही। रक्तदान शिविर के अवसर पर सांसद तनुज पुनिया ने अस्पताल परिसर मे वृक्षारोपण किया और पिछले आयोजित रक्तदान शिविर में रक्त दान करने वालो को प्रमाण-पत्र भी वितरित किया। रक्तदान शिविर के अवसर पर सोशल रूलर संस्था के पदाधिकारियो तथा ब्लड बैक के प्रभारी डा0 वीपी सिंह ने बुके देकर सांसद तनुज पुनिया का स्वागत किया संस्था प्रमुख ने बताया कि उनकी संस्था समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित करके रक्तदान कराने का महान कार्य करती है।

# स्वच्छ भारत मिशन को ठेंगा दिखा रहे जिम्मेदार

*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** जिले के नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के लोलपुर गांव में हर घर स्वच्छ जल उपलब्ध कराने की मंशा से जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यदाई संस्था एलएनटी के द्वारा बनाई जा रही पानी की टंकी का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। इससे जहां सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है, वहीं ग्रामीणों की शुद्ध पानी की उम्मीद भी परवान चढ़ती नजर नहीं आ रही है। वहीं दूसरी तरफ निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए अधिवक्ता गौरव सिंह ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। ग्राम पंचायत लोलपुर के अधिवक्ता गौरव सिंह ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि लोलपुर गांव में 08 माह पूर्व जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी के निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन को बिछाने का काम भी शुरू हुआ था, जिसके लिए गांव में कई जगह पर सड़कों पर लगे ईंटों तथा इंटरलॉकिंग को खोद कर हटा दिया गया, लेकिन पाइप को बिछाने का काम आज



तक नहीं शुरू किया गया। बरसात के मौसम में सड़क के किनारे बने गड्ढे तथा सड़क से हटाई गई इंटरलॉकिंग से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया है कि टंकी के लिए जिन कमरों का निर्माण कराया गया, उसमें भी काफी अनियमितता बरती गई है, जिससे कुछ महीने पहले ही बना कमरा भी काफी जर्जर हालत में पहुंच गया है। कार्यदाई संस्था एलएनटी के अधिकारियों से कई बार फोन पर बात करने के बावजूद कोई अधिकारी व कर्मचारी मौके पर नहीं आया। उन्होंने जिलाधिकारी से कमरे के निर्माण में की गई अनियमितता की जांच कराने तथा सड़क से उखाड़े गए ईंटों व इंटर लॉकिंग को ठीक कराने की मांग की है।

# फेसबुक आईडी के जरिए महिला से ठग लिए 56 हजार

**कोठी।** फेसबुक पर कथित जंगल इलेक्ट्रॉनिक आईडी पर विवाहिता ने मांगें गए सवालों जवाब दिया। तभी उसे मोबाइल व एक लाख रुपए का इनाम जीतने का जालसाज ठगों ने झांसा दिया। उसके नंबर पर संपर्क साध लिया। उससे 56 हजार रुपए वसूल लिए है। इसकी शिकायत पर कोठी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोठी थाना क्षेत्र के बक्करपुर मजरे मीरापुर गांव निवासी रिंकी विश्वकर्मा पत्नी आशीष विश्वकर्मा ने बताया कि 29 जून को फेसबुक पर वीडियो सर्च कर रही थी। तभी कथित जंगल इलेक्ट्रॉनिक नाम से सवाल जवाब का डिस्प्ले पर आप्शन खुल गया। यहां प्रश्नों के उत्तर देते ही जालसाज ठगों ने उससे फोन पर संपर्क साधा लिया। उपहार में नया फोन व एक लाख रुपए इनाम देने को झांसा दिया।

# फाइनेंस कंपनी के एजेंट से लूट का खुलासा, पांच अंतर्जनपदीय लुटेरे गिरफ्तार

**गोण्डा।** बीते गुरुवार देर रात एक फाइनेंस कंपनी के एजेंट के साथ हुई 5 लाख 63 हजार रूपए की लूट की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने घटना के मास्टर माइंड समेत पांच अंतर्जनपदीय बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया, जिनके पास से लूट के 3 लाख 2 हजार रूपए नगदी समेत घटना में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिलें भी बरामद किया है। जैसा कि मालूम है कि वजीरगंज थाना क्षेत्र के पांडेय टिकरी गांव निवासी विनोद कुमार पांडेय पुत्र पारस पांडेय सीएसपी टिकरी पर एजेंट का काम करता है। वह प्रायः फैजाबाद से कंपनी का रूपया लेकर सीएसपी टिकरी आता है। चार जुलाई को वह अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल से रात करीब 10:05 बजे फ़ैजाबाद से बैग में कैश व दो माइक्रो एटीएम लेकर आ रहा था। इसी बीच टिकरी मोड़ से आगे उमारिया गांव की सडक पर मोटरसाइकिलों पर सवार बदमाशों ने उसे रोक लिया और उसे व उसके साथी विपिन कुमार निषाद को डंडे से मारकर बैग छीन कर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना नवाबगंज में तत्काल धारा 309 (6) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। लूट की सूचना मिलते ही तत्काल उच्चाधिकारियों द्वारा स्वाट/सर्विलांस, डॉग स्क्वायड, फील्ड यूनिट टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा एसओजी/सर्विलांस टीम सहित 05 टीमों का गठन कर घटना के सफल खुलासा के लिए लगाया गया, जिसके क्रम में बुधवार को थाना नवाबगंज पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं अन्य मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर घटना का अनावरण करते हुए मास्टरमाइंड सुधाकर पांडेय समेत पांच अंतर्जनपदीय लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना का खुलासा करते हुए एसपी विनीत जायसवाल ने पत्रकारों को बताया कि अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि इस घटना में कुल 08 लोग संलिप्त हैं। तीन फरार चल रहे हैं। उन्हें भी शीघ्र ही दबोच लिया जाएगा। खुलासा करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज मनोज कुमार राय मय टीम के साथ ही प्रभारी एसओजी सर्वजीत गुप्ता मय टीम व प्रभारी सर्विलांस शादाब आलम मय टीम शामिल रहे। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि सुधाकर पाण्डेय पिछले 16 माह से फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस कम्पनी में कार्य करता है। उसी कम्पनी से विनोद कुमार पांडेय अपने सीएसपी के नाम पर पैसा ले जाता था, जिसकी जानकारी सुधाकर द्वारा अपने साथियों को दी गयी। दिनांक 04.07.2024 को घटना से पूर्व अयोध्या नया घाट हाईवे पुल के पास शाम को इकट्ठा होकर सीएसपी के एजेंट विनोद पांडेय से कैश लूटने की योजना बनाई गई थी। सुधाकर ने अपने साथी शिवा उपाध्याय को कहा था कि जैसे ही कम्पनी का एजेन्ट पैसा लेकर निकलेगा, वैसे फोन पर बता दूंगा। अपने साथियों को जगह-जगह अपने हिसाब व्यवस्थित कर देना। जैसे ही वादी/एजेंट पैसा लेकर अपने साथी के साथ निकला कि अभियुक्तगण अपनी योजना के



अनुसार मोटरसाइकिलों से पीछा करने लगे। पीछा करते हुए जैसे ही एकान्त जगह देखा, उसी दौरान पीछे से एक अभियुक्त द्वारा एजेंट विनोद कुमार पांडेय व उसके साथी पर पीछे से डण्डे से मारकर सभी अभियुक्तगण हमलावर होते हुए कैश व सीएसपी से सम्बन्धित अन्य सामानों से भरा बैग लूट कर फरार हो गये।

## मास्टरमाइंड सुधाकर पांडेय के खिलाफ बस्ती जिले में दर्ज हैं कई आपराधिक मुकदमे

गिरफ्तार किए गए लुटेरों में सुधाकर पाण्डेय पुत्र संतोष कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम डारी डीहा थाना कलवारी जनपद बस्ती का आपराधिक इतिहास है। वही इस घटना का मास्टरमाइंड है। उसके खिलाफ बस्ती पुलिस द्वारा गैंगस्टर की कार्यवाही की जा चुकी है। इसके अलावा ऋषभ चौधरी पुत्र रामनयन चौधरी निवासी सियरापार कूप नगर चमौरा थाना कोतवाली जनपद बस्ती, अनुराग त्रिपाठी पुत्र कृष्ण कुमार त्रिपाठी निवासी विलवत पतरा बाजार थाना पतरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर, हर्षित शुक्ला उर्फ गौरव शुक्ला पुत्र दुर्गा प्रसाद शुक्ला उर्फ बबलू निवासी चैनपुरवा थाना पुरानी बस्ती, जनपद बस्ती व प्रशान्त दूबे पुत्र महेन्द्र कुमार दूबे निवासी सनाहा उपरहर थाना रौनाही जनपद अयोध्या शामिल हैं। इन अभियुक्तों को सरयू पुल अयोध्या बस्ती मार्ग स्थित खाली मड़्हे से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से लूट का 3 लाख 2 हजार रूपए, तीन मोटरसाइकिलें, चार मोबाइल फोन आदि बरामद किया गया है।

अवधनामा



### सीएम ने किया नवनियुक्त 7720 लेखपालों को नियुक्ति पत्र का वितरण

# जनपद में 145 लेखपालो को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है, सभी को बधाई : सांसद

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** नवनियुक्त 7720 लेखपालों का नियुक्ति पत्र का वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बुधवार को लखनऊ में किया गया। जिसका लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की उपस्थिति में देखा गया।

नवनियुक्ति लेखपालों का नियुक्ति पत्र वितरण के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन रोजगार के अन्तर्गत निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र वितरण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार का 6 लाख सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य था। शिक्षा विभाग व अन्य विभागों में बड़े पैमाने पर सरकारी नौकरी उपलब्ध कराया गया। राजस्व विभाग बहुत ही महत्वपूर्ण विभाग है जिसमें लेखपालो की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। बिना किसी भेदभाव के सभी को रोजगार

**जिले में देखा गया लाइव प्रसारण**



उपलब्ध कराया जा रहा है। निवेश के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगो को अपने जनपद/गांवों में रोजगार के अवसर प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री जी द्वारा नवनियुक्त लेखपालो को बधाई दी।

सांसद जगदम्बिका पाल ने नवनियुक्ति लेखपालों का नियुक्ति पत्र वितरण के अवसर पर कहा कि आज जनपद में 145 लेखपालो को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है सभी को बधाई दी। मुख्यमंत्री जी के दिशा निर्देश में पारदर्शी व्यवस्था के अन्तर्गत चयन प्रक्रिया सम्पन्न हुआ। पहले भर्ती प्रक्रिया में भेदभाव किया जाता था। आज किसी भी अभिभावक को सिफारिश करने की आवश्यकता नही है। आप सभी लोग इसके साक्षी है। अपने योग्यता के बल पर इस स्थान को प्राप्त किये है। नामान्तरण, कृषि को अकृषित घोषित करने आदि कार्य एवं आय, जाति, निवास, भूमि की पैमाइश आदि कार्य को शीघ्र निपटाये जिससे विवाद को घटना में परिवर्तित होने से रोक सकते है। दैवीय आपदा के समय तुरन्त राहत कार्य लोगो को उपलब्ध कराया जाये। विधायक बांसी जय प्रताप सिंह ने कहा कि उ0प्र0 सरकार द्वारा पारदर्शी व्यवस्था के अन्तर्गत लोगो को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराया जा रहा है। निवेश के माध्यम से विभिन्न योजनाओं से युवाओ को स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। सदर विधायक श्यामधनी राही ने निवनियुक्त लेखपालो को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग ईमानदारी के साथ अपने दायित्वो का निर्वहन करे। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा कि पहले जनपद में लेखपालो की कमी थी मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद में 145 लेखपालो की नियुक्ति होने से लोगो की समस्याओ का निराकरण कराने में आसानी होगी। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाने के बाद आप सभी राजस्व परिवार से जुड़ गये। आप सभी सक्रिय होकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर लोगों का सहयोग करें तथा अन्य कार्यो को सम्पादित करायें। सभी को बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधिगण एवं नवनियुक्त लेखपालों के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 उमाशंकर, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, तहसीलदार नौगढ़ व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

### डीएम ने किया बाढ़/आपदा कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित बाढ़/आपदा कन्ट्रोल रूम का बुधवार को निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने कहा कि कंट्रोल रूम से संबंधित सभी अधिकारी और कर्मचारियों का नाम मोबाइल नंबर सहित दीवार पर चश्मा करें। बाढ़ संबंधित सभी उपजिलाधिकारी बाढ़ प्रभावित सभी ग्राम पंचायत के प्रधानों से संपर्क करें उनसे जानकारी प्राप्त करें।

बाढ़ प्रभावित गांव में गर्भवती महिलाओं की संख्या, बीमार बुजुर्ग व्यक्तियों की संख्या सभी की जानकारी लेकर सूची तैयार करे। इसके साथ ही ग्राम प्रधान, लेखपाल से 11 बिंदुओं के सूचना प्राप्त करें। आपदा कक्ष में कंप्यूटर की व्यवस्था, फोटोकॉपी मशीन की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से कराने का निर्देश दिया। किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कंट्रोल रूम में शिफ्ट वाइज 24 घंटा ड्यूटी लगाया जाए। शिफ्टवाइस ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों से जानकारी लिया जाए।

## प्रथम चरण अंतर्गत चयनित 16 पीएमश्री स्कूलों में एक-एक विशेष शिक्षक की हुई तैनाती

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद में प्रथम चरण अंतर्गत चयनित 16 पीएमश्री स्कूलों को एक-एक विशेष शिक्षक की तैनाती हुई है। इनकी नियुक्ति के बाद से विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को पढ़ाई में सहुलियत मिल सकेगी। नवनियुक्त शिक्षकों को प्रशिक्षण के माध्यम से कई अहम जानकारी दी गई।

बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में आयोजित विशेष शिक्षकों के प्रशिक्षण में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा करूणापति त्रिपाठी के देखरेख में सभी को समर्थ (ऑनलाइन मॉनिटरिंग) एप से और इसके विभिन्न उपयोगों से ओरियंट कराया गया। दिव्यांग बच्चों के नवीन नामांकन एवं चिन्हांकन के लिए तरीके से परिचित कराया। आईईपी असेसमेंट एंड एक्टिविटी संबंधी ओरियंटेशन हुआ। दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र बनाने के लिए तैयारी कर लेने के लिए मार्गदर्शन दिया गया।



**विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को पढ़ाई में मिलेगी सहूलियत**

बेसिक शिक्षा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से भी परिचित कराया गया, जिसका लाभ विभिन्न तरीके से दिव्यांग बच्चों को दिया जाना है। जिला समन्वयक ने बताया कि समस्त नवीन विशेष शिक्षकों को इस बात के लिए मोटिवेट किया गया कि वह दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लक्ष्य बना के योजना बना के कार्य करें। दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास के लिए न सिर्फ खुद प्रयास करें, बल्कि विद्यालयों के अन्य अध्यापकों को भी इससे जोड़े। बच्चों के विशेष आवश्यकताओं की पूर्ति कैसे की जा सकती है इसकी जानकारी सामान्य अध्यापकों को भी दें। प्रशिक्षण में विशेष शिक्षक प्रमोद कुमार गोस्वामी, विनय कुमार पांडेय, शिवम शुक्ला, रितेश कुमार वर्मा, प्रतिभा, सर्वेश कुमार उपाध्याय, अवधेश, पूर्णिमा पांडेय, सुनील कुमार यादव, संतोष कुमार, आशीष कुमार, अंशिका श्रीवास्तव, अरूण कुमार, राम विलास यादव, अभिषेक श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## शपध लेना सरल, पर निभाना कठिन है: जिला प्रचारक

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद मुख्यालय स्थित रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में गठित छात्र संसद, कन्या भारती हुआ व शिशु भारती के पदाधिकारियों शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक विशाल, जिला शासकीय अधिवक्ता (क्रिमिनल) अखिलेश नारायण श्रीवास्तव व विद्यालय के अध्यक्ष मुरलीधर अग्रहरि ने छात्र संसद, कन्या भारती व शिशु भारती के पदाधिकारियों को कर्तव्य निष्ठा व अनुशासन की शपथ दिलाई।

बतौर कार्यक्रम मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सांसद जगदंबिका पाल ने छात्रों को समय और संयम से अपने जीवन को व्यवस्थित कर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। संसदीय मर्यादा का पालन करते हुए बच्चों को विभिन्न प्रजातांत्रिक पदों पर शपथ ग्रहण करा कर उनको व्यक्तिगत दायित्वों के साथ



विद्यालय हित के कार्य करने की प्रेरणा दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक विशाल जी ने कहा बचपन से ही लोकतंत्र के प्रति आस्था और जिम्मेदारियों का अहसास कराने के लिए छात्र संसद का गठन एक सकारात्मक प्रयास है। आज संपूर्ण राष्ट्र लोकतंत्र की सराहना कर रहा है ।एक आदर्श लोकतंत्र अनुशासित विद्यार्थियों से ही संभव हो सकता है। आगे उन्होंने कहा शपथ लेना सरल है पर निभाना कठिन है मार्ग में विभिन्न प्रकार की बाधाएं आएंगी किंतु यदि आप डिगे रहे तो निश्चित तौर पर लक्ष्य पूरा होगा। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम ने आताताई रावण का समूल नाश करने के लिए अपने दोनो हाथ ऊपर कर शपथ लिया था उनके समक्ष भी अनेक कठिनाइयां आयीं पत्नी का हरण हुआ एक समय ऐसा भी आया भाई लक्ष्मण भी लगा साथ छोड़ देंगे परंतु प्रभु श्री राम ने अपने लक्ष्य को छोड़ा नहीं मार्ग पर डिगा रहे इसलिए उन्हें सफलता प्राप्त हुई। यदि आप सभी अपने शपथ को बार-बार स्मरण कर भगवान राम के चरित्र का ध्यान करेंगे तो निश्चय ही सफलता प्राप्त होगी। बालिका विद्यालय की प्रभारी प्रतिमा सिंह ने कहा विद्यालय में छात्र संसद का गठन किया जाना छात्रों के संपूर्ण विकास की परिकल्पना का अभिन्न अंग है। इससे छात्रों को शैक्षिक के साथ-साथ राजनीतिक, सांस्कृतिक क्रियात्मक रूप से योग्य बनने और विद्यालय से निकलकर देश व समाज को नई दिशा देने का मार्ग

**सांसद ने किया छात्रों को समय व संयम से अपने जीवन को व्यवस्थित कर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित**

प्रशस्त होगा। सत्र 2023- 24 में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राम केवल शर्मा ने कराया। शपथ लेने वालों में छात्र संसद के प्रधानमंत्री शिवम गोस्वामी, कन्या भारती कि प्रधानमंत्री दीक्षा सिंह, शिशु भारती के प्रधानमंत्री देव प्रताप सिंह समेत पूरा मंत्रिमंडल व सभी छात्र सांसद तथा कक्षा के कक्षा प्रमुख सम्मिलित रहे।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के छात्र सांसद प्रमुख आचार्य श्री दिलीप श्रीवास्तव ने किया। उक्त अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्री धर्मेंद्र प्रधान समेत समस्त आचार्य बंधुओं व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## इमाम हुसैन अस ने खत भेजकर हबीब इब्ने मज़ाहिर को कूफ़ा बुलाया था : सुज़ैन हैदर रिज़्वी

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के हल्लौर स्थित माहताब हैदर एडवोकेट के आवास पर तीसरी मोहर्रम को मजलिस आयोजित की गई। जिसमें ज़ाकिरे अहलेबैत सुज़ैन हैदर रिज़्वी ने कहा कि करबला में ज़ालिम बादशाह यज़ीद अपनी हुकूमत के नशे में चूर होकर इंसानियत का चेहरा बिगाड़ना चाहता था लेकिन उसे मालूम था कि जब तक मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन ज़िन्दा है तब तक वह अपने मंसूबे में कामयाब नही



हो सकता उसके इसी डर से यज़ीद ने इमाम हुसैन को करबला में घेर कर उनसे बैयत मांगा लेकिन इमाम हुसैन ने इंकार कर दिया। तो यज़ीद की फौजो ने इमाम को दरिया ए फरात के किनारे घेर लिया। कहते है कि मुसीबत में लोग अपनो को याद करता है जो मुसीबत में साथ दे वही अपना होता है इमाम हुसैन अस ने अपने बचपन के दोस्त हबीब इब्ने मज़ाहिर को खत लिखकर मदद को बुलाया। इमाम का खत पाकर हबीब उनकी मदद के लिए करबला पहुँचे थे। अंत में कर्बला के शहीदों के मसाएब बयान किया तो हर आँख में आंसू नज़र आये। मजलिस से पूर्व सरवर मेंहदी, इक्तेदार मेंहदी व जलाल मास्टर ने मरसिया पेश किया। मजलिस के दौरान तशबीब हसन,आले रज़ा, अफसर हल्लौरी, शुजा, शुएब, अमन, सादिक अब्बास, साबिर हल्लौरी, काशान, रोहान, शमशाद हैदर, लल्ला, अकील हैदर, नजफ़, शीजान, सुलेमान, आमिर रिज़्वी, जईम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सांसद एसडीएम व बीडीओ ने किया बाढ़ क्षेत्रों का दौरा



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सांसद जगदंबिका पाल ने एसडीएम चन्द्रभान सिंह व बीडीओ श्याम मुरली मनोहर मिश्र के साथ एसडीआरएफ की मोटरबोट से मटियार,भुतहवा व खैरी शीतल प्रसाद गए। जहां उन्होंने राहत सामग्री का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।किसी भी बाढ़ पीड़ित को कोई दिक्कत न हो, इसकी निगरानी करना तहसील प्रशासन की जिम्मेदारी है। राहत शिविरों का संचालन बढ़िया से करें। गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों व बीमार व्यक्तियों के इलाज में कोताही बरती न जाए।इस दौरान बढ़नी चेयरमैन सुनील अग्रहरि, शोहरतगढ़ चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल,सांसद प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश पाण्डेय, प्रधान शिवकुमार साहनी, राकेश यादव, पिंटू मौर्य, गणेशदत्त त्रिपाठी, पंचमलाल पटेल, मोहित सिंह, दुर्गेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने 26 लेखपालों को सौपा नियुक्ति पत्र



**बांसी अवधनामा संवाददाता।** नवनियुक्त 26 लेखपालों को एसडीएम कुणाल व विधायक जय प्रताप सिंह ने बुधवार को नियुक्ति पत्र सौंपा है। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि नये लेखपालों के आने से तहसील क्षेत्र के कार्य को गति मिलेगा। मौके पर तहसीलदार देबेंद्र मणि त्रिपाठी, नायब तहसीलदार राघवेन्द्र पान्डेय नियुक्ति पत्र पाने वालों में प्रशांत कुमार मिश्र,उद्देश्य सिंह, अंजली भट्ट, विजय कुमार चौधरी, अमित उपाध्याय, रवि कुमार चौरसिया, गौरव उपाध्याय, देवेंद्र प्रताप सिंह, रीना मिश्रा, प्रमेश पटेल, संगीता चौधरी,प्रशांत सिंह आदि शामिल है।

### अनीस रजा खान ने कुशीनगर में किया जनसंपर्क



**कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अनीस रजा खान ने बुधवार को कुशीनगर जनपद के पडरौना, कसया, हाटा, तमकुहीराज, कप्तानगंज, खड्डा आदि तहसील क्षेत्र के कई गावों का दौराकर लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके साथ चर्चाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों को बताकर पार्टी से जुड़ने का आव्हान किया। उन्होंने लोगों से चर्चा करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में साढ़े 9 साल से भाजपा की सरकार है, इस दौरान प्रदेश में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। भाजपा सरकार में युवा, मजदूर, गरीब, किसान व आम जनता बहुत ही त्रस्त हो चुकी है, हम लोग जहां जहां जा रहे है आम जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है, अबकी बार 2027 में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है, जो युवाओं व किसान व हर वर्ग के लिए कार्य करेंगी। इस दौरान कॉग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अजिमूलहा अंसारी उर्फ गुड्डू, मोहसिन होदा, बब्बू, डब्लू, अतीक, शमशाद, एजाज आदि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### बाढ़ के दृष्टिगत मूलभूत सुविधाओं के लिए अग्रिम व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बांसी ब्लॉक क्षेत्र के मेचुका गाँव में विगत वर्ष से पूर्व आई बाढ़ के दौरान आने वाली समस्याओं के दृष्टिगत ब्लॉक के वार्ड संख्या 66 के सदस्य दिग्विजय सिंह ने अधिकारियों को पत्र भेजकर अस्थायी तौर पर अग्रिम व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने की मांग किया है खण्ड विकास अधिकारी बांसी सहित उच्चाधिकारियों को प्रेषित पत्र में क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा ध्यान आकृष्ट कराया गया है कि गत वर्ष पूर्व आई बाढ़ में गाँव के 75 फीसद घरों में बाढ़ का पानी घुस गया था। घरों में पानी घुसने से संबंधित परिवारों के समक्ष रहने व भोजन की समस्या खड़ी हो गई थी। विगत दिनों से हो रही लगातार वर्षात व बढते नदियों के जलस्तर को देखते हुए ग्रामीण भयाक्रांत हैं। क्षे0पं0 सदस्य श्री सिंह ने पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी सहित एसडीएम, बीडिओ, सीडिओ से आसन्न समस्याओं से निपटने के लिए गाँव में अस्थायी शौचालय, स्वच्छ पेयजल हेतु पानी का टैंक, आवश्यक खाद्य सामग्री, दवाई तथा शरणस्थल का चिन्हांकन आदि अग्रिम व्यवस्था कराने की मांग किया है।

## डीएम-एसपी ने मोहर्रम, श्रावण मास तथा कावड़ यात्रा के दृष्टिगत हल्लौर, बेवा मुस्तफा का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा मोहर्रम, श्रावण मास तथा कावड़ यात्रा के दृष्टिगत थानाक्षेत्र डुमरियागंज के ग्राम हल्लौर, वेवां मुस्तफा में स्थित मन्दिर-मस्जिद एवं अन्य संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी डा राजागणपति आर द्वारा त्यौहार मोहर्रम, श्रावण मास तथा कावड़ यात्रा के दृष्टिगरत थानाक्षेत्र डुमरियागंज के ग्राम हल्लौर, वेवां मुस्तफा में स्थित मन्दिर-मस्जिद, जुलूस मार्ग, कर्बला स्थलों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया तथा आपस में सौहार्द बनाये रखने व आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गयी।

जिलाधिकारी ने ताजिया जुलूस, महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बल की ड्युटी लगाये जाने एवं कावडियों के आने-जाने वाले रास्ते पर उनकी सुरक्षा एवं स्वयं भ्रमणशील रहकर अपने थानाक्षेत्र में शांति व्यवस्था स्थापित करने हेतु संबधित अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज व प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज तथा अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण के अलावा ग्राम प्रधान हल्लौर ताकीब रिज़्वी, कसीम रिज़्वी, मनव्वर रिज़्वी, मोतवल्ली नौशाद हैदर एडवोकेट, सिकरेट्री काज़िम रज़ा, तसकीन हैदर आदि मौजूद रहे।

### मंत्री से विधायक ने किया बस स्टेशन के निर्माण को शुरू करवाने का निवेदन



अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिध्दार्थनगर।** शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने बुधवार को लखनऊ में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने मंत्री से बढ़नी में बहुप्रतीक्षित बस स्टेशन के निर्माण को शुरू करवाने का निवेदन किया।

शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने बुधवार को लखनऊ में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से मुलाकात कर उनसे बढ़नी में बस स्टेशन का कार्य स्वीकृत होने के बाद डिपो व बस अड्डा के निर्माण कार्य हेतु जमीन भी आवंटित हो गई है। इसलिए अब निर्माण कार्य को शुरु करवाना आवश्यक है। इसके बाद वित्त मंत्री ने डीएम डा.राजागणपति आर को फोन कर बढ़नी बस अड्डे के कार्य को जल्द शुरु कर उसे जितना जल्द हो सके संपादित करने का निर्देश दिया। जिसके बाद डीएम ने उन्हें बस अड्डे का शिलान्यास कार्य को जल्द करने का आश्वासन दिया। इस संबंध में विधायक विनय वर्मा ने कहा कि बढ़नी को बहुत जल्द बस डिपो/बस अड्डा मिल जायेगा। साथ ही डीएम से अपेक्षा करता हूँ कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए बस डिपो के कार्य के शुरुआत हेतु आवश्यक सभी पहलुओं पर पहल करेंगे।

## स्वास्थ्य महकमें का खुशहाल परिवार का टिप्स



अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के कृष्णनगर के जामिया आइशा गर्ल्स कालेज में खुशहाल परिवार स्वास्थ्य संबंधी अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य कार्यालय कपिलवस्तु द्वारा बुधवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि लुम्बिनी प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री दिपेन्द्र कुमार पुन्न रहे। श्री पुन्न् ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता अभियान चलाना, और नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मुस्लिम समाज के जिम्मेदारों ,धर्म गुरुओं को इस जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए आगे आना होगा। स्वास्थ संबंधी इस अभियान को सफल बनाने में सभी का सहयोग ज़रूरी है। विशिष्ट अतिथि मुस्लिम आयोग के सदस्य मिर्ज़ा अरशद बेग ने कहा कि ऐसे कार्यकमों में मुस्लिम महिलाओं की सहभागिता को बढ़ाने की ज़रूरत है। मदरसा बोर्ड लुम्बिनी प्रदेश के उपाध्यक्ष मौलाना मशहुद् खान नेपाली ने कहा कि मै ऐसे कार्यकर्मो का स्वागत करता हूं संबंधित निकाय को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। कार्यकम को डा. वासुदेव, ज़ाहिद आज़ाद झंडा नगरी, डा मंजूर खान,डा शहाबुद्दिन, शंकर भट्टराई आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मौलाना मशुद खान नेपाली ने मुख्यातिथि दिपेन्द्र कुमार पुन्न, विशिष्ट अतिथि डा वासुदेव, डीएसपी एस न्यूपाने और इंस्पेक्टर सूरज खात्रि का साल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर डीएसपी शैलेन्द्र न्यूपाने, शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, मान बहादुर ओली, मो इरफ़ान, इंस्पेक्टर सूरज खात्रि, जावेद खान, किफायतुल्लाह खान,साजिद खान,मनीराम,अकील अहमद की उल्लखनीय उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीधर खनाल ने और अध्यक्षता नारायण प्रसाद चौधरी ने किया।

### बारातियों के साथ नाव पर चढ़कर शादी करने पहुंचा दूल्हा



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम पंचायत खैरी शीतल प्रसाद गांव में बाढ़ आ जाने से बुधवार को बारातियों के साथ नाव पर चढ़कर शादी करने पहुंचा दूल्हा वीडियो वायरल का बताया जा रहा है। वहीं लगातार मूसलाधार बारिश से बाढ़ आ जाने से लोगों को समस्या हो रही है। बतातें चलें कि वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दूल्हा बारातियों के साथ नाव पर चढ़कर सड़क तक पहुंचा था। वहीं युवक की शादी सिद्धार्थनगर जिले के बांसी कस्बे के लिए रवाना हुई थीं। अब वीडियो सोसल मीडिया पर वायरल होकर सुर्खियां बटोर रहा है वहीं बाढ़ आने की वजह से दुल्हन की विदाई नहीं होने की बात बताई जा रही है।

### चेयरमैन ने खुद खड़े होकर कराई नाली की सफाई



**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत बिस्कोहर में साफ सफाई कराने के लिए चेयरमैन अजय गुप्ता ने सफाई कर्मचारियों को दिए निर्देश। जानकारी के अनुसार कस्बे के कई मोहल्लों में तमाम गंदगी और नालियां कीचड़ से लपालप भरी हुई थी। कस्बे में मार तमाम गंदगी को देखते हुए कस्बे के लोगों ने नगर पंचायत जाकर चेयरमैन अजय गुप्ता से शिकायत कर साफ सफाई कराने की मांग की। चेयरमैन अजय गुप्ता ने तुरंत सभी सफाई कर्मचारियों को बुलाकर डांट फटकार लगाई और जल्द से जल्द साफ सफाई और नालियां साफ करने के निर्देश दिए। उसके बाद चेयरमैन कई जगहों पर पहुंचकर सर्वे किया तो देखा नालिया और बड़े बड़े नाले कीचड़ से भरे पड़े हैं उन्होंने तुरंत सफाई कर्मचारी बुलाकर खुद खड़े होकर नालिया और बड़े-बड़े नालों की साफ सफाई करवाई।

## दुनिया की निगाह मोदी पुतिन पर

पीएम मोदी की रूस की यात्रा पर दुनियां में खलबली है। युद्ध के खिलाफभारत का पुराना रूख इस यात्रा ने और स्पष्ट किया है। हालाकि यूक्रेन के राष्ट्रपति ने पीएम के पहुचने की यात्रा को शान्ती के लिये झटका बताया है। अमेरिका को इस यात्रा को लेकर अपनी चिन्ता है। रूस और भारत दोनो जानते है इस यात्रा को लेकर दुनियां में उत्सुकता बनी हुई है।

युक्रेन का युद्ध शुरू होते ही अमेरिका सहित पश्चिमी देश चाहते थे की भारत रूस से दूरी बनाये। पर भारत का शुरू से ही यह रूख रहा है कि उसकी विदेश नीति अपने राष्ट्रहित को देखते हुये किसी के दबाव में नहीं आयेगी। विदेश नीति की स्वतन्त्रता बनाये रखेगा। युक्रेन का युद्ध शुरू होने पर भारत का किसी का पक्ष न लेना शान्ती का रास्ता अपनाने पर तथा बातचीत से मसला हल निकालने का सुझाव देने पर रूस में यह धारणा फैली की भारत पश्चिमी देशों के प्रभाव में रूस से दूरी बना रहा है। युक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से मोदी रूस नही गये थे दोनो देशों की बीच होने वाली द्विपक्षीय सालाना शिखर बैठक 2022 के बाद से नहीं हो पाई। पीएम की यह यात्रा आपसी द्विपक्षीय अविश्वासों को खत्म करने की पहल है। भारत को अन्य देशों को यह सन्देश देना जरूरी था कि वह किसी के पक्ष में किसी के दबाव में नहीं झुकेगा। मोदी ने इस यात्रा में दोनो देशो में आपसी सहयोग बढ़ाने पर समझौता किया। मोदी ने भारत की मन्शा जाहिर करते हुये स्पष्ट रूप से पुतिन से कहा युद्ध के मैदान से कोई हल नहीं निकलता है। पीएम दो साल पहले समरकन्द में पुतिन से मिले थे तो बातचीत के दौरान पुतिन को स्पष्ट किया था कि यह युद्ध का दौर नही है। रूस ने भारत के आग्रहर पर रूस सपोर्ट स्टाफके रूस में भारतीयों की नियुक्ति रोकना स्वीकार कर लिया है। साथ ही नियुक्त किये गये भारतीयों को भारत भेजने के लिये भी राजी हो गया है। मोदी ने एक बार फिर भारत सहित दुनियां के सामने साबित किया की वा कूटनीति के कुशल खिलाड़ी है। इसलिये दुनिया उनकी बातों को तवज्जों देती है। उनकी बातों को ध्यान से सुना जाता है। मोदी ने दो दिवसीय यात्रा को यादगार बना दिया। है और भारत के हितों को आगे बढ़ाया है। मोदी को रूस ने अपने यहां के सर्वोच्च सम्मान से सुशोभित किया है। मोदी जहां जहां गये है वहां के हर देश ने अपने देश के सर्वोच्च समान से नवाजा है। यह मोदी के विश्व नेतृत्व की क्षमता को दर्शाता है। मोदी ने राजकपूर के फिल्म के इस गाने को दोहराया सर पर लाल टोंपी रूसी फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी।

## इंसान से चमत्कार की उम्मीद क्यों?


अमित कुमार चावला

हाथरस सत्संग मामले में अंध भक्ति की पराकाष्ठा देखने को मिली . जिसने कई भोले भाले लोगों की जान ले ली, अब हाय तौबा मच रही है .सारा दोष प्रशासन, व्यवस्था पर दिया जा रहा है लेकिन यह समूची घटना कोई संयोग या दुर्घटना नहीं है इसकी तह में वह अंधी भक्ति बैठी है जिसने लोगों के विश्वास, उनकी भावनाओं को पंगु बना दिया है. समाज में आए दिन होने वाली ऐसी घटनाओं की कमी नहीं जिसमें इंसान से चमत्कार मिलने की उम्मीद में लोगों के जीवन को बर्बाद कर दिया है। भोले बाबा जैसे बाबा बड़े बाबा है उनकी बात करने से पहले जरा उन बहरूपिए की बात करें जो राह चलते महिलाओं को अपनी बातों में फंसा कर लालच दिखाकर या डर दिखाकर उनके गहने उतरवा लेते हैं और गायब हो जाते हैं। ऐसी घटनाएं तो रोज ही कहीं ना कहीं होती रहती है. लोगों को इससे कोई सीख नहीं मिलती और वह बड़ी मासूमियत से शिकार होते रहते हैं।

इंसान धोखा तभी खाता है जब वह अपने जैसे ही दूसरे इंसान को भगवान का दर्जा देने लगता है. चमत्कार की उम्मीद करता है उसे लगता है पृथ्वी का यह भगवान मेरे जीवन के सारे दुख व समस्याओं को खत्म कर देगा। इधर बहुत तेजी से देश में बाबा ने अवतार लिया है। सभी बाबा गलत है ढोंगी है मैं यह नहीं कह सकता. लेकिन हां इतना जरूर है कि जिनके नाम के साथ %बाबा %लगा है उनकी असलियत हम सबके सामने आज एक खुली किताब है। बागेश्वर धाम वाले बाबा के चमत्कारों को हर कोई सर झुकाता है .एक दौर वह भी था जब टीवी पर रोज निर्मल बाबा की कृपा बरसती थी और लोग खासकर महिलाएं टीवी पर निर्मल बाबा को देखते ही देखते उनकी आरती उतारने लगती थी। रामपाल बाबा के दूध से नहाने के तो सब जानते ही है .आसाराम बाबा भी अपनी करनी के कारण जेल में ही बुढ़ापा काट रहे हैं. खुद को शनि देव के भक्त बताने वाले दाती महाराज का जब नाम यौन शोषण में आया तो उन्होंने इंडिया टीवी चैनल जहां वह रोज अपना दरबार चलाते थे से किनारा कर लिया. बाबा राम रहीम जेल से पैरोल लेकर ही जनकल्याण करने आते जाते रहते हैं .कैसा कल्याण करते हैं यह सब हम जानते हैं? भारत की प्राचीन व्यवस्था में गुरु को अपनाना बहुत जरूरी था .गुरु महाराज राजा महाराजा सभी का मार्गदर्शन करते थे और उन्हें जीवन में उपलब्धियां हासिल करने का ज्ञान देते थे। शास्त्रों में कहा गया है कि गुरु ही ईश्वर है क्योंकि वह ही ईश्वर से जोड़ता है .लेकिन ऐसा कहीं नहीं कहा गया कि गुरु ईश्वर बन जाए .आज ऐसा ही हो रहा है .हर कोई समस्याओं से घिरा हुआ है लोगों में अकेलापन है अपने मन की बात किसी हमदर्द को बताने की ललक है खासकर महिलाओं में. महिलाएं पीड़ित भी ज्यादा है। किसी का पति शराबी , किसी का पति बीमार , किसी को संतान की समस्या है तो किसी के पास पैसा घर होने के बावजूद जीवन में खुशी नहीं है ऐसी महिलाओं को जब चमत्कारी बाबाओ के बारे में पता चलता है तो वह आंख मूंदकर ऐसे बाबा पर चमत्कार की आशा में विश्वास कर लेती है। केवल महिलाएं ही नहीं पुरुष भी चमत्कारी बाबा के छलावे में आ जाते हैं। इसी का नतीजा देखिए जो हाथरस के सत्संग में सामने आया .भोले बाबा के सत्संग में यह कहने पर कि वह साक्षात ईश्वर है और दुनिया में प्रलय ला सकता है। चरणों की मिट्टी ले लो . इसके बाद ही बाबा के जाते ही लोगों में चरण मिट्टी के लिए लोग टूट पड़े। नतीजा यह हुआ की भगदड़ मच गई और कई लोगों की मौत हो गई. इसलिए इंसान को भगवान ना बनाएं और ना ही उससे कोई चमत्कार की उम्मीद रखें उम्मीद रखें तो सिर्फ खुद से। जैसा कि स्वामी विवेकानंद कहा करते थे मेरी नजर में नास्तिक वह है जिसे अपने ऊपर स्वयं पर, अपनी शक्तियों पर विश्वास नहीं है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# भारतवंशियों की दमक से पूरी दुनिया सराबोर


किशन सनमुखदास

**वैश्विक स्तरपर हम बीते एक दशक से मीडिया के हर प्लेटफार्म पर देख रहे हैं कि, दुनियां के जिस भी देश में मूल भारतीय या भरतवंशियों के निवास है, वहां अगर कोई साधारण भारतीय भी जाता है तो उसे देखकर वे बहुत अधिक खुश होते हैं, यह उन्हें एहसास होता होगा जो विदेशों में जाकर मूल भारतीयों या भारतवंशियों से मुलाकात करते हैं। परंतु जब हमारे देश के पीएम दुनियां के किसी भी देश में जाते हैं तो पूरे भारतवासी मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से देखते होंगे कि भारतवंशी कितने उत्साहित होते हैं, क्योंकि उनको लगता है कि अपने देश की मिट्टी की सुगंध का एहसास हो रहा है और जोश खरोश के साथ घंटों इंतजार करने के बावजूद उनका अति उत्साह काम नहीं होता और जोरदार ढंग से स्वागत करते हैं, वैसे तो हम यह मंजर अनेक बार टीवी चैनलों पर देख चुके हैं, परंतु आज हम यह बात इसलिए कर रहे हैं, क्योंकिहमारे पीएम दिनांक 9-10 जुलाई 2024 को रूस और ऑस्ट्रिया अधिकृत यात्रा पर थे जैसे हमने देखे किभारतवंशियों में कितना गजब का उत्साह दिखा है।**

अपने देश की मिट्टी के समर्थन में खुशी से नारे लगाए गए दोनों देशों में माननीय पीएम ने भारतवंशियों को संबोधित भी किया जो गर्व से झूम उठे। बता दें पीएम को रूस के सबसे बड़े सम्मान ऑर्डर ऑफ द सेंट एंड्रयू से सम्मानित किया गया। रूसी राष्टपति ने उन्हें सम्मानित किया। इस पर पीएम ने रूस का आभार जताया और कहा कि ये सम्मान भारत का सम्मान है।

ऑस्ट्रिया में तो एक बच्चे ने पीएम के सम्मान में कविता गाई जो काबिले तारीफ थी, बता दें ऑस्ट्रिया में कोई भारतीय पीएम 40 वर्षों के बाद गए हैं। जिससे इतने वर्षों के बाद से भारतवंशियों में उत्साह बहुत अधिक देखने को मिला। यह तो बात हुई हमारे पीएम की हुजूरी में उत्साह की, परंतु दिनांक 9 जुलाई 2024 को न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से मीडिया में जो तस्वीर आई उसमें अमेरिका सहित पूरी दुनियां अचंभित हुई, क्योंकि न्यूयॉर्क में टाइम्स स्क्वायर पर भारतवंशियों द्वारा हैट्रिक 3.0 सरकार की खुशी में भारत माता की जय के जयकारे से गूंज उठे, मानो एक परिवार एक दुनियां एक ग्रह की अवधारणा का समर्थन कर रहे हो। चूंकि भारतवंशियों की धमक से पूरी दुनियां सराबोर हुई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के



सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बदलते भारत और भारतवंशियों को अपने देश की मिट्टी की सुगंध के एहसास में मंत्रमुग्ध होते देख कर पूरी दुनियां अचंभित है।

साथियों बात अगर हम 9 जुलाई 2024 को भारतीय पीएम द्वारा रूस में भारतवंशियों को संबोधित करने की करें तो, रूस के मास्को में आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के लोगों से बातचीत की। प्रवासी भारतीयों ने उनका स्नेह के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत किया। पीएम ने प्रवासी भारतीयों को धन्यवाद दिया और भारत-रूस संबंधों को बढ़ाने में उनके योगदान की सराहना की। 140 करोड़ भारतवासियों की ओर से प्रवासी भारतीयों का अभिवादन करते हुए उन्होंने कहा कि उनके साथ बातचीत विशेष थी, क्योंकि यह उनकेऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल में भारतीय प्रवासियों को उनका पहला संबोधन था। पीएम ने पिछले दस वर्षों में भारत में हुए प्रत्यक्ष परिवर्तन के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि यह सभी भारतीयों के लिए बहुत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि अपने तीसरे कार्यकाल में सरकार का उद्देश्य विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है। उन्होंने भारत की आर्थिक वृद्धि के बारे में बात की, जो वैश्विक विकास का महत्वपूर्ण प्रतिशत है; इसकी डिजिटल और फिनटेक सफलता; इसकी हरित विकास उपलब्धियां और इसके प्रभावशाली सामाजिक-आर्थिक कार्यक्रम, जो आम लोगों को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की परिवर्तनकारी सफलता 140 करोड़ भारतीयों के समर्पण, प्रतिबद्धता और योगदान के कारण हुई है, जिनमें से प्रत्येक भारतीय, देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का स्वप्न देखता है। उन्होंने कहा कि भारत, जलवायु परिवर्तन से निपटने से लेकर सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने तक-अपने प्रतिबद्ध प्रयासों के माध्यम से विश्वबंधु, दुनिया के मित्र के रूप में वैश्विक समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक मुद्दों को हल करने के लिए शांति, संवाद और कूटनीति के लिए भारत के आह्वान की बहुत अधिक सराहना हुई है।प्रधानमंत्री ने रूस के साथ सुदृढ़ और गहन साझेदारी बनाने में सक्रियभूमिका निभाने के लिए भारतीय समुदाय को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि कज़ान और एकातेरिनबर्ग में दो नए भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने का निर्णय लिया गया है, जिससे लोगों के बीच संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा। प्रवासी भारतीयों ने इस घोषणा का स्वागत किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को पोषित करने और रूस के लोगों के साथ इसकी जीवंतता को साझा करने के लिए प्रवासी भारतीय समुदाय के प्रयासों की भरपूर सराहना की। साथियों बात अगर हम 10 जुलाई 2024 को भारतीय पीएम द्वारा ऑस्ट्रिया में भारतवंशियों को संबोधित करने की करें तो, रूस के बाद ऑस्ट्रिया पहुंचे थे। दो दिवसीय अपने दौरे में पीएम ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर और राष्टपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलन से मुलाकात की। चार दशक बाद ऑस्ट्रिया का दौरा करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। इससे पहले 1983 में बतौर प्रधानमंत्री आखिरी बार इंदिरा गांधी ने ऑस्ट्रिया का दौरा किया था। उधर, ऑस्ट्रिया में भारतीय प्रवासियों के युवा सदस्य पीएम का स्वागत करने वियना पहुंचे थे। एक भारतवंशी के बच्चे ने पीएम के स्वागत में एक कविता सुनाई थी। साथियों बात अगर हम 9 जुलाई 2024 को न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वेयर पर हैट्रिक 3.0 की खुशी में भारत माता की जय के उद्घोष की करें तो,अमेरिका के न्यूयॉर्क में टाइम्स स्क्वायर पर भारतीय समुदाय के लोगों ने तिरंगा हाथ में थामकर पीएम के तीसरे कार्यकाल में भारत के उत्थान और प्रगति का जश्न मनाया।

# बिब्बो फिर अख्तरी बाई फैजाबादी फिर बेगम अख्तर

**मशहूर गजल, ठुमरी, चैती, दादरा, ख्याल, गायिका बचपन में बिब्बो, थी, जवान होकर तवायफअख्तरी फैजाबादी हो गई, फिर तबाफगिरी, से तौबा कर इज्ज़तदार रईसे धराने के इंग्लैन्ड रिटर्न वकील से शादी कर बेग़म अख्तर बन गई। बेगम अख्तर का जन्म फैजाबाद में 7/1/1974 को हुआ था। 30/10/1974 को इस दुनियां से कूच कर गई थी। पिता फैजाबाद के नामी वकील थे उनका सम्बन्ध उनकी मां मुश्तरी बाई से रहा।**



बेगम की खख्सियत, बोल चाल, रहन सहन, पहनावा, अदब की दीवानगी निहायत सुन्दर और बेमिसाल थी। वह सामन्ती दौर था। गायिकायें उस्तादों से तालीम लेती थी पारंगत होकर अपना हुनर पेश करती थी जिसे मुजरा कहा जाता था उन्हें तवायफकहा जाता था। तवायफशब्द में देह व्यापार का प्रवेज बहुत बाद मे हुआ।

बेगम को गाने का शौक बचपन से था। गली से कोई फक्रीर गाता हुआ निकलता उसके गाने को हुबहू वो गाया करती थी। मां ने बेटी के संगीत के रूझान का देखकर नामी उस्तादों से तालीम दिलवाई। अब्दुल वाहिद खां किराना, उस्ताद रमजान खां (लखनऊ) उस्ताद बरकद अली खां पटियाला), उस्ताद मोहम्मद गुलाम मोहम्मद खां (पटियाला) ने बेगम अख्तर को संगीत की तालीम दी। भीड़, मुकरियो, पलटो के साथ खनकती आवाज में दर्द भरा सोज़ गायन की कोई विधा हो श्रोताओं के दिलों में उतर जाती थी। गायन के दर्द में वे अपना निजी गम भूल जाते थे। उन्हें लगता था उन्हीं का दर्द बयां हो रहा है। गज़ल जो पढ़ने की चीज़ होती थी उसे गायन का सम्मान दिलाया। कोठे से नीचे लाकर संगीत की महफिलों, के जरिये आम लोगों के बीच उतारा संगीत कसे्न्सों में जगह-जगह जा कर पूरे हिन्दुस्तान में मशहूर हो गई। हर शायर उनसे अपनी गज़ल गवाने के लिये बेताब रहता था कुछ शायरों ने बेगम से गवाने के लिये गज़ल लिखने शुरू कर दिये। नये शायर बेगम से अपनी गज़ल गवा कर रातो रात मशहूर हो गये। मां ने फैजाबाद में ज्यादा स्कोप न देखकर लखनऊ जो हुनर का कद्रदान था, जहां रहिसो और कलाकारों का जमघट था उधर को रूख कर लिया। 1914 में लखनऊ आ गई। यहां बेगम को तालीम दिलवाई और 1920 के बाद गायिका बन महफिल में उतारने से पहले पहले गया फिर कलकत्ता चली गई। बेगम का पहला रिकार्ड 78 आरपीएम का जब बना था। तब वह मात्र 13 साल की थी। 1930 में एक उभरता सितारा गायन के क्षेत्र में बन चुकी थी। रिकार्ड कम्पनी ने उन्हें फिल्मों में काम करने को कहा। उनकी पहली फिल्म के.एल.सहगल के साथ एक दिन का बादशह थी। 1933-1936 के बीच कई फिल्मों में काम किया। महबूब की रोटी फिल्म बेगम की बहुत मशहुर फिल्म रही है। उस समय सितारा देवी यही थी उनसे उनकी दोस्ती हो गई। बेगम के फिल्मी गीत तो मशहूर हुये पर अभिनय में कुछ खास नहीं कर सकी, अभिनय में उनका मन भी नहीं लगता था। बेगम को मलिको का सेक्युअल व्योहार बेगम को पसन्द नहीं आता था, वहां का वातावरण भी उन्हें रास नहीं आ रहा था। महफिलों में गाने से उन्हें ज्यादा पैसा मिलता था इसलिये सिनेमा छोड़ दिया। कुछ साल बाद दोबारा गई पर जल्द ही लौट आई। बेगम महफिलों में नाचती नहीं थी। यह काम दूसरी लड़कियां करती थी। बेगम अपनी हाजिरजवाबी और दिलकश अन्दाज़ से मुस्कराती हुई लोगो को बस में किये रहती थी। आम आदमी की पहुंच इन महफिलों में नहीं थी। जो रइस यहां पहुचते थे अपने को खुशनसीब मानते थे। बेगम सोने के पानदान से पान निकाल कद्रदानों को खिलाती रहती थी। मुश्तरी वाई ने लखनऊ में अपना कोठा चौक बाजार में बनाया फिर हज़रतगंज इलाके में आ गई। निवास का नाम अख्तर मन्ज़िल दिया। मुश्तरी बाई जिन्हें लोग बड़े साहब के नाम से सम्बोधित करते थे ऊपर बैठ झरोखे से आने वाले ग्रहको पर नज़र रखती थी। वहां ऊंचे तबके के लोग ही आते थें बाकी लोग वे अपनी प्यास करेंन्थियन थियेटर में उन्हें देख बुझाते थे। बेगम ठुमरी दादरा मे पूर्वी पुट लगा कर दिल का टूटना दिलकश बना देती थी। पसन्द के लोगो को घर में बुलाकर महफिल करती थी और मेजबानी भी करती थी। जिसमें शानदार दावतें होती थी। लखनऊ के रामपुर घराने से उनका निकट का और लम्बे समय तक का सम्बन्ध रहा। नवाब ने ब्याह का प्रस्ताव रक्खा तो ठुकरा दिया। उनका कहना था वे सौतों के बीच नहीं रहना चाहती। पहले सौतों को तलाक दो फिर शादी होगी। इज्ज़तदार परिवार से शादी करना चाहती थी। सौभाग्य से इश्तियांक अहमद अब्बासी इंग्लैण्ड से पढ़े लिखे खूबसूरत वकील थे, जमीदार के बेटे थे। गुप्तरूप से शादी कर ली। मां को भी नहीं बतायी। मतीन मान्जिल में रहने लगी और अब बेगम अख्तर बन गई। जो उनकी दिली ख्वाइश थी। बेगम ने खानदान के खर्चे अपने ऊपर ले लिये तो खनदान वाले उन्हें चाहने लगे। शौहर ने महफिलों में गाने से मना कर दिया। घर में वह मुरझाने लगी, मानसिक और शारीरिक दोनो रूप से बीमार पड़ गई। इजाल के लिये शौहर कई जगह दौड़े पर कोई फायदा नही हो रहा था। आजाद पंछी को पिजरा रास नहीं आ रहा था। हालत सोचनीय हो गई तो डाक्टर ने उन्हें गाने की इजाजत देने को कहा सीमित बन्धनों में गाने की इजाजत दी गयी। लखनऊ में महफिल नहीं करेगी। एआइअर में गाने लगी। बाहर गाने जाने लगी फिर हरी भरी हो गई। बेगम को पन्डित नेहरू ने खड़े होकर सुना, सरोजनी नायडू ने गाना सुना तारीफकी झडी लगा दी। बेगम का परचम फहराने लगा।

घर में तबियत नहीं लगती थी। कुछ लोगो के अपने पुराने निवास से किराये रखे हुये थी। दोस्तों के यहां चोरी छुपे जाती शराब सिगरेट का जमकर उपयोग करती। ईवलकरोड पर नया मकान खरीद लिया। वहीं रहने लगी मकान पर अब्बासी का नाम था। बाहर गाने के लिये जाती तो होटलों में ठहरती थी। वहां उनके दोस्त और कलाकार इक्टठा होते थे। खुलकर मौज मस्ती कर बेगम लखनऊ लौट आती थी। 1960 में एलपीजी में रिकार्ड होने वाली पहली महिला थी गलिब के गज़लों की एक श्रृखंला उनके नाम है। शास्त्रीय संगीत सम्मेलनों की वह अहम हिस्सा बन गई। उनकी आवाज तेज होकर विकृत हो जाती थी जिसे अकार की तान कहते थे वह उनकी खूबी थी। श्रोता इसका इन्तजार करते थे। बेगम इश्क के बिना नही रह सकती थी। अगर हकीक़त में किसी समय किसी से इश्क नहीं रहता था तो काल्पनिक इश्क गढ़ उसमें खो जाती थी।

दर्द उनकी जिन्दगी का हिस्सा था। यह शेर उनकी इबादत थी इश्क से तबियत ने जिस्त का मज़ा पापा, दर्द की दवा पाई, दर्द-ए-वेदवा पाई। एक महफिल में बाहर गई थी वही उनकी तबियत बिगड़ी दिल का दौरा पड़ा और 30 अक्टूबर 1974 को चल बसी। लखनऊ में उनकी टूटी फूटी कब्र पड़ी है। फिल्म संगीतकार मदन मोहन से उनकी दोस्ती थी। वे लखनऊ आकर बेगम की कब्र पर अपने उदगार चढ़ाये थे। बेगम के मरे चार दिन ही हुये थे। बेतहाशा रो रहे थे। लगा कब्र से अवाज़ आ रही है। जिसे बेगम ने गाया था। बुझी हुई शम्मा का धूआं हूँ और अपने मरक़ज को जा रहा हूँ कि दिल की हस्ती तो मिट चुकी है अब अपनी हस्ती मिटा रहा हूँ।

# जनसंख्या नियंत्रण के लिये क्रांति का शंखनाद हो


ललित गर्ग

प्रतिवर्ष विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई को मनाया जाता है, यह दिवस 11 जुलाई, 1987 से मनाया जाता है, जब दुनिया की आबादी 5 अरब हो गयी थी। यह दिवस जनसंख्या वृद्धि, इसके विकास एवं स्थिरता पर प्रभाव के जटिल मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समूची दुनिया को एकजुट करता है और आयोजनात्मकता से आगे बढ़कर वैश्विक जनसंख्या वृद्धि की चुनौतियों और अवसरों पर वैश्विक संवाद और कार्रवाई को उत्प्रेरित करता है। यह सतत और संतुलित भविष्य प्राप्त करने एवं शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण के वैश्विक प्रयासों में योगदान देता है। वर्तमान में सम्पूर्ण विश्व की जनसंख्या आठ अरब 11 करोड़ 88 लाख के लगभग है जो वर्ष 2023 से 0.91 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ी है। इसी अवधि में भारत की जनसंख्या एक अरब 44 करोड 17 लाख है जो वर्ष 2023 से 0.92 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ी है। भारत जनसंख्या के हिसाब से चीन को पीछे छोड़ कर विश्व में पहले नंबर पर आ गया है। चीन की वर्तमान जनसंख्या 1 अरब 42 करोड़ 51 लाख है। जनसंख्या में वृद्धि संसाधनों और सेवाओं पर दबाब डालती है। जनसंख्या जिस तीव्र गति से बढ़ रही है, उस गति से आर्थिक विकास एवं अन्य विकास नहीं हो रहा है, जो एक गंभीर समस्या के रूप में बड़ी चुनौती है।

बात जब जनसंख्या वृद्धि की हो रही है तो दुनिया में भारत की बढ़ती जनसंख्या न केवल चौंका रही है, बल्कि एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आ रही है। भारत अब दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला मुल्क हो गया है, परेशानी में डालने वाली इस खबर के प्रति सचेत एवं सावधान होने के साथ सख्त जनसंख्या नियंत्रण नीति लागू करने की अपेक्षा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत साल 2023 में ही चीन से ज्यादा आबादी वाला देश हो गया था। जबकि पहले यह अनुमान लगाया जा रहा था कि साल 2027 में



भारत दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश होगा। बढ़ती जनसंख्या की चिन्ता में डूबे भारत के लिये चार साल पहले ही दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश होना कोई गर्व की बात नहीं है। भारत के लिये बढ़ती आबादी एवं सिकुड़ते संसाधन एक त्रासदी है, एक विडम्बना है, एक अभिशाप है। क्योंकि जनसंख्या के अनुपात में संसाधनों की वृद्धि सीमित है। जनसंख्या वृद्धि ने कई चुनौतियों को जन्म दिया है किंतु इसके नियंत्रण के लिये कोरे कानूनी तरीके को एक उपयुक्त कदम नहीं माना जा सकता। इसके लिये सरकार को जनसंख्या पर तुरंत पारदर्शी एवं सख्त नियंत्रण के कदम उठाने के साथ, भारत के लिये प्रभावी जनसंख्या नीति को लागू करना, आम जनता की सोच एवं संस्कृति में बदलाव लाना होगा, लेकिन दुर्भाग्य से अभी कुछ हो ही नहीं रहा है। पूरी दुनिया की आबादी में अकेले एशिया की 61 फीसदी हिस्सेदारी है। यह रिपोर्ट साफ इशारा करती है कि जहां कम आबादी है, वहां ज्यादा संपन्नता है। भारत में दिन-प्रतिदिन जनसंख्या विस्फोट हो रहा है, इसी से बेरोजगारी बढ़ रही है, महंगाई भी बढ़ने का कारण यही है, संसाधनों की किल्लत भी इसी से बनी हुई है। यही एक कारण भारत को दुनिया की महाशक्ति बनाने की सबसे बड़ी बाधा है। ऐसे में सबको नौकरी मिलना इतना आसान नहीं। इसलिए सरकार शीघ्र सुसंगत जनसंख्या नीति लागू करे। जिसको दिक्कत हो और ज्यादा बच्चे पैदा करके मनमानी करनी हो, उनके खिलाफ कानूनी सजा के प्रावधान किये जाये। यह एक अराष्ट्रीय सोच है कि अधिक बच्चे पैदा करके उनकी जिंदगी कष्ट में झोंकना। जब बच्चे को सुखी जिंदगी नहीं दे सकते, तो दूसरों के भरोसे उन्हें पैदा करने की प्रवृत्ति शर्मनाक है। यह देखने में आ रहा है कि आज के वैज्ञानिक युग में भी कुछ समुदाय बच्चे पैदा करने को लेकर रूढ़िवादी नजरिया अपनाए हुए हैं और उनकी प्रतिक्रिया में अन्य समुदायों के नेता भी ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की वकालत करने लगे हैं। यह बेहद खतरनाक स्थिति है। इस तरह जनसंख्या बढ़ोतरी की पैरोकारी करने वालों की निंदा की जानी चाहिए, चाहे वे किसी मजहब के हों। क्योंकि देश की तरक्की की सबसे बड़ी बाधा बढ़ती जनसंख्या ही है। भारत में बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने में राजनीति एवं तथाकथित स्वार्थी राजनीतिक सोच बड़ी बाधा है। अधिकांश कट्टरवादी मुस्लिम समाज लोकतांत्रिक चुनावी व्यवस्था का अनुचित लाभ लेने के लिए अपने संख्या बल को बढ़ाने के लिये सर्वाधिक इच्छुक रहते हैं और इसके लिये कुछ राजनीतिक दल उन्हें प्रेरित भी करते हैं। ऐसे दलों ने ही उद्घोष दिया है कि ÷जिसकी जितनी संख्या भारी सियासत में उसकी उतनी हिस्सेदारी।'' जनसंख्या के सरकारी आकड़ों से भी यह स्पष्ट होता रहा हैं कि हमारे देश में इस्लाम सबसे अधिक गति से बढ़ने वाला संप्रदाय-धर्म बना हुआ हैं। इसलिए यह अत्यधिक चिंता का विषय है कि ये कट्टरपंथी अपनी जनसंख्या को बढ़ा कर देश के लिये बड़ी समस्या खड़ी कर रहे हैं। सीमावर्ती प्रांतों जैसे पश्चिम बंगाल, आसाम, कश्मीर आदि में वाकायदा पडौसी देशों से मुस्लिमों की घुसपैठ कराई जाती है और उन्हें देश का नागरिक बना दिया जाता है, यह एक तरह का ÷जनसंख्या जिहाद÷ है क्योंकि इसके पीछे इनका छिपा हुआ मुख्य ध्येय हैं कि धर्मनिरपेक्ष भारत का इस्लामीकरण किया जाये। हमारी जनसंख्या नियंत्रण संबंधी नीतियां बहुत उदार रही हैं, जिसकी वजह से हम आबादी बढ़ने की रफ्तार को जरूरत के हिसाब से थाम नहीं पाए। चीन ने साल 1979 में ही एक संतान नीति को पूरी कड़ाई से लागू कर दिया था, इसका नतीजा हुआ कि उसे आबादी की रफ्तार रोकने में कामयाबी मिली। ध्यान देने की जरूरत है कि साल 1800 में भारत की जनसंख्या लगभग 16.90 करोड़ थी। चीन आबादी के मामले में कभी भारत से लगभग दोगुना था। 1950 के बाद दोनों देशों की आबादी तेजी से बढ़ने लगी। साल 1980 में चीन एक अरब जनसंख्या तक पहुंच गया। इसके ठीक एक वर्ष पहले वहां एक संतान की नीति लागू हुई थी। भारत साल 2000 में एक अरब के आंकड़े के पार पहुंचा और अब चीन से आगे निकल गया है। चीन एक संतान की नीति को 2016 में वापस ले चुका है, लेकिन इसके बावजूद वहां आबादी पर नियंत्रण है, क्योंकि वहां की राष्ट्रीय भावना, संस्कृति और सोच, दोनों में बदलाव आ चुका है। लेकिन भारत में ऐसा न होने का कारण राजनीति एवं उसके द्वारा पोषित मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति है। इसके वितरीत विभिन्न मुस्लिम देश टर्की, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया, मिस्र, सीरिया, ईरान, यू.ऐ. ई., सऊदी अरब व बांग्लादेश आदि ने भी कुरान, हदीस, शरीयत आदि के कठोर रुढ़ीवादी नियमों के उपरांत भी अपने-अपने देशों में जनसंख्या वृद्धि दर नियंत्रित करने के कठोर उपक्रम किये हैं।

# भाजपा सरकार ने नौकरियों में घोटाला किया है : अखिलेश

- हर मोर्चे पर फेल है भाजपा सरकार
- नौकरियों में आरक्षण नहीं देना चाहती है सरकार



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने नौकरियों में घोटाला किया है। हाईकोर्ट में खुलासा हुआ कि कापियां तक बदल दी गयी। ये अपने लोगों को नौकरियों में एडजेस्ट करने के लिए घोटाला करते हैं।

सैफई मेडिकल कालेज में एक ही कोचिंग के बच्चों को बड़े पैमाने पर नौकरी कैसे मिल गयी? सैफई के साथ लखनऊ के अन्य मेडिकल संस्थानों में भी यही हुआ है। बुधवार को सैफई में सम्बोधित करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार नौकरियों में आरक्षण नहीं देना चाहती है। इसलिए भर्तियों में घपले और घोटाले करती है। ये पिछड़े, दलितों और पीडीए परिवार को साजिश के तहत नौकरियों से दूर रखने की कोशिश कर रही हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हैं। चीन और देश की सीमाओं को लेकर सरकार को सावधान रहना चाहिए था और जितने इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करना चाहिए था, नहीं किया।

फोर्स को पर्याप्त टेक्नोलॉजी और जानकारी मिलनी चाहिए थी। उसमें इंटेलिजेंस फेलियर है, इसके कारण हमारी आंतरिक और बार्डर की सुरक्षा खतरे में हैं। चीन के सवाल पर सरकार झूठ बोलती है। सुनने में आ रहा है कि काफी जमीन कब्जा हो गयी है। कहा कि भाजपा सरकार ने जनता से हर मुद्दे पर झूठ बोला है। स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर भ्रष्टाचार हुआ। नगरों का बुरा हाल है। सड़कों में गड्ढे हैं। जलभराव है। गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। गाड़ियां नहीं चल पा रही हैं। लोगों की जान जा रही है। स्वास्थ्य सेवाएं बेकार हो गयी हैं। बेरोजगारी और महंगाई लगातार बढ़ रही है। बड़ी संख्या में नौजवान बेरोजगार घूम रहा है।

## गोरखपुर बांद्रा एक्सप्रेस की थर्ड एसी में दिखा सांप



**लखनऊ।** 15067 गोरखपुर बांद्रा एक्सप्रेस की थर्ड एसी में एक यात्री ने सांप होने की सूचना दी, जिससे हड़कंप मच गया और अन्य यात्री परेशान हो गए। ट्रेन को लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर रोका गया और जांच की गई। हालांकि, सांप नहीं दिखा। जांच के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। गोंडा में गोरखपुर बांद्रा एक्सप्रेस की थर्ड एसी के बी-3 कोच की 56 नंबर सीट पर यात्री बिट्टू कुमार ने सांप देखा तो वो सहम गया और इसकी सूचना उसने अन्य यात्रियों को दी, जिससे हड़कंप मच गया। इस दौरान ट्रेन में यात्री चहलकदमी करते रहे। ट्रेन को लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर रोका गया और जांच की गई। जांच में सांप नहीं मिला। इस पर यात्रियों ने राहत की सांस ली।

# सीएम योगी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दी जन्मदिन की बधाई



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को देश के रक्षा मंत्री तथा लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा, जनप्रिय राजनेता, भारतीय जनता पार्टी परिवार के वरिष्ठ सदस्य, माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जन्मदिन पर उन्हें हार्दिक बधाई! मुख्यमंत्री ने आगे लिखा कि ''प्रभु श्री राम की कृपा से आपको उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ एवं सुयश पूर्ण जीवन की प्राप्ति हो, यही प्रार्थना है।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का यह 73वां जन्मदिन है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीएम योगी को धन्यवाद देते हुए लिखा कि आपका स्नेहपूर्ण शुभकामनाओं के लिए आभाग।

उत्तर प्रदेश के रहने वाले राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य के रूप में राजनीति की शुरुआत की थी। इसके बाद फिर भाजपा की युवा शाखा में शामिल हो गए। सिंह की छवि एक गैर-विवादास्पद नेता की है। चाहे सहयोगी दल हों या विपक्षी, पेचीदा मुद्दों पर आम सहमति बनाने के लिए वह अक्सर पार्टी की पसंद रहे हैं। वह वर्तमान में लोकसभा में लखनऊ संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। राजनाथ सिंह ने पहली बार 1 जून 2019 को रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभाला था। 1977-1980 और 2001-2003 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य रहे। इसके बाद 1991 से 1992 तक सांसद राजनाथ सिंह यूपी सरकार में शिक्षा मंत्री रहे। वहीं 1999 से 2000 तक केंद्रीय मंत्रिमंडल में भूतल परिवहन मंत्री भी रहे।

## जेई अभ्यर्थियों का पिकप भवन पर प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जूनियर इंजीनियर (जेई) अभ्यर्थियों ने बुधवार को पिकप भवन पर जमकर प्रदर्शन किया। जब पुलिस ने उन्हें अंदर जाने से रोका, तो अभ्यर्थी नाराज हो गए और हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को घसीटते हुए बस में बैठाया और ईको गार्डन भेज दिया। बता दें कि अभ्यर्थी 2018 में निकली जेई भर्ती प्रक्रिया के पूरा होने के बाद भी परिणाम नहीं आने से नाराज हैं। उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और जनता दरबार के चक्कर लगाते हुए 6 साल बीत गए, लेकिन अभी तक रिजल्ट जारी नहीं किया गया है। हर बार केवल आश्वासन ही मिलता है। अभ्यर्थियों का आरोप है कि जब भी वे आयोग के सचिव से मिलते हैं, तो उन्हें बताया जाता है कि अगला रिजल्ट उनका ही होगा। लेकिन आज तक परिणाम जारी नहीं हुआ।

# यूपी में 10 एएसपी स्तर के अफसरों के हुए तबादले




**लखनऊ।** यूपी में अधिकारियों के तबादलों का दौर जारी है। आईएएस और आईपीएस अफसरों के तबादलों के बाद 10 एएसपी अफसरों के तबादले किए गए हैं। इसके लिए सरकार की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। इसमें लखनऊ, प्रयागराज, मेरठ, गाजियाबाद समेत कई जगहों पर अफसरों का ट्रांसफर किया गया है।

प्रवीण सिंह चौहान को एएसपी कुंभ मेला प्रयागराज अमित कुमार को मेरठ से उपसेना नायक चौथी वाहिनी पीएसी प्रयागराज अवनीश कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक अपराध जनपद मेरठ असीम चौधरी को एएसपी कुंभ मेला प्रयागराज प्रदीप कुमार वर्मा को एएसपी जनपद जालौन वीरेंद्र कुमार प्रथम को उपसेना नायक 01 वाहिनी एसएसएफ लखनऊ पीयूष कुमार सिंह को अपर पुलिस उ पायुक्त गाजियाबाद देवेश कुमार शर्मा को एएसपी यूपीपीसीएल मुख्यालय लखनऊ मनोज कुमार यादव को एएसपी ट्रैफिक जनपद मथुरा कृष्णकांत सरोज एएसपी ग्रामीण जनपद बदायूं ।

# एडवांस प्लेसमेन्ट (एपी) परीक्षा में सी.एम.एस. छात्रों ने बनाया कीर्तिमान




**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के सात मेधावी छात्रों ने कालेज बोर्ड अमेरिका द्वारा आयोजित एडवांस प्लेसमेन्ट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सी.एम.एस. छात्र प्रणव सूरी ने एपी स्कॉलर विद डिस्टिंक्शन अवार्ड, कोलानुवाड़ा जयश्री ने एपी स्कॉलर विद हॉनर अवार्ड एवं पाँच छात्रों कार्तिकेय सिंह चैहान, काव्या अग्रवाल, मानस जिन्दल, समायरा परवीन एवं आर्ना चोपड़ा ने एपी स्कॉलर अवार्ड अर्जित अपने मेधात्व एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रतिभा का परचम लहराया है।

सी.एम.एस. छात्रों ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को दिया है, जिन्होंने एपी परीक्षा की तैयारी में हर प्रकार से मार्गदर्शन दिया। एपी परीक्षा में चयनित छात्रों को देश-विदेश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में सीधे प्रवेश के साथ ही प्रथम वर्ष की ट्यूशन फीस में छूट मिलती है। एपी परीक्षा में चयन इस बात का परिचायक है कि छात्र ने स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही कालेज स्तर की तैयारी पूरी कर ली है। खास बात यह है कि एपी परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्चशिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत मिलती है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है, साथ ही विद्यालय के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया जिनकी मेहनत व लगन की बदौलत सी.एम.एस. छात्र शैक्षणिक क्षेत्र में नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. छात्रों के दृष्टिकोण व्यापक बनाने व उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने हेतु सदैव प्रयासरत है और इसी कड़ी में छात्रों को विदेशों में उच्चशिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान कर रहा है। सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है, जिसके माध्यम से प्रदेश भर के छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करते हैं। प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 90 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), मैसाचुसेट्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.आई.टी.), स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी, मेलबर्न यूनिवर्सिटी एवं नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

# हाथरस कांड की एसआईटी रिपोर्ट राजनीति से प्रेरित



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने हाथरस कांड पर पेश की गई एसआईटी रिपोर्ट को राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में मुख्य आयोजक भोले बाबा पर खामोशी चिंता का कारण है। पूरे घटनाक्रम में उसे क्लीनचिट देने का प्रयास किया गया है।

उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि यूपी के जिला हाथरस में सत्संग भगदड़ कांड में हुई 121 निर्दोष महिलाओं व बच्चों की दर्दनाक मौत सरकारी लापरवाही का जीता-जागता प्रमाण है किन्तु एसआईटी द्वारा सरकार को पेश रिपोर्ट घटना की गंभीरता के हिसाब से नहीं होकर राजनीति से प्रेरित ज्यादा लगती है। यह अति-दुःखद है।उन्होंने कहा कि इस अति-जानलेवा घटना के मुख्य आयोजक भोले बाबा की भूमिका के सम्बंध में एसआईटी की खामोशी भी लोगों में चिन्ताओं का कारण है।

साथ ही, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के बजाय उसे क्लीनचिट देने का प्रयास खासा चर्चा का विषय है। उन्होंने कहा कि सरकार जरूर ध्यान दे ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो। मामले की जांच के लिए बनाई गई एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। इसके आधार पर एसडीएम, सीओ, एसओ व तहसीलदार समेत छह अफसरों को निलंबित कर दिया गया है।

# छात्र की फुटबाल प्रतिभा को अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर मिला सम्मान



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्र श्याम जी अवस्थी ने अपनी अद्भुद फुटबाल प्रतिभा की बदौलत स्कूल से लेकर स्पेन तक का सफर तय कर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। सी.एम.एस. छात्र श्यामजी की बेशुमार फुटबाल प्रतिभा को देखते हुए स्पेन के रियल मैड्रिड क्लब ने अभी हाल ही में उन्हें 15-दिवसीय स्पेन यात्रा हेतु आमन्त्रित किया, जहाँ उन्हें विश्व के टॉप फुटबाल कोच एवं विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के सानिध्य में अपनी फुटबाल प्रतिभा को निखारने व संवारने का अभूतपूर्व अवसर मिला।

इस दौरान रियल मैड्रिड फुटबाल क्लब की ओर से विश्व प्रसिद्ध ला-लीगा फुटबाल लीग के अण्डर-18 मैच में खेलते हुए श्यामजी ने अप्रतिम प्रतिभा का प्रदर्शन किया एवं तीन मेडल व ट्राफी के साथ ही प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। सी.एम.एस. छात्र की स्पेन यात्रा का सम्पूर्ण खर्च रियल मैड्रिड क्लब द्वारा वहन किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि स्पेन के विश्व प्रसिद्ध रियल मैड्रिड फुटबाल क्लब द्वारा सी.एम.एस. छात्र को आमन्त्रित करना अपने आप में गर्व का विषय है, जो सी.एम.एस. छात्र की खेल प्रतिभा, कड़ी मेहनत व फुटबाल के प्रति उसके जुनून को स्वयं ही प्रमाणित करता है। सी.एम.एस. परिवार श्यामजी की अभूतपूर्व उपलब्धि पर गौरवान्वित है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्र की अभूतपूर्व उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रो. किंगडन ने कहा कि फुटबाल पूरे विश्व में सर्वाधिक लोकप्रिय खेल है, ऐसे में भारत की युवा पीढ़ी को फुटबाल के प्रति प्रोत्साहित करने की जरूरत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्यामजी की यह स्पेन यात्रा उसके फुटबाल कैरियर में निश्चित ही मील का पत्थर साबित होगी। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. अपने छात्रों की प्रतिभा व रूचि को पहचानकर उन्हें उसी अनुरूप मार्गदर्शन व प्रोत्साहन प्रदान करता है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं।

## भाजपा सरकार में लगातार हो रहे पर्चा लीक से छात्र, नौजवान हताश

**लखनऊ।** नीट परीक्षा में हुई धांधली और लगातार पेपर लीक से परेशान छात्र, युवाओं ने दिल्ली के जंतर मंतर पर एक विशाल सभा का आयोजन किया। सरकार की युवा एवं छात्र विरोधी नीतियों के ख़िलाफ़ हज़ारों की तादाद में इकट्ठा हुए युवाओं ने कहा कि इस तानाशाह सरकार को नीट परीक्षा को रद्द कर दुबारा परीक्षा कराने की मांग की। इंडिया गठबंधन के सभी दलों के युवा इकाइयां इस धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोहम्मद फहद ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार हो रहे पर्चा लीक से छात्र, नौजवान हताश और निराश है। सरकार को अपनी इन नाकामियों पर पर्दा डालने की जगह युवाओं के साथ न्याय करना चाहिए, लेकिन सरकार सब कुछ देखती हुई अंजान बनी है, सरकार इस भ्रष्टाचार का हिस्सा है। मोहम्मद फहद ने कहा हमे पूर्ण भरोसा और उम्मीद है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय का फ़ैसला छात्रों के हित में सुनाया सुनाएगा और युवाओं को न्याय मिलेगा।

# जनता ने राष्ट्र की अखंडता व समृद्धि के लिए किया मतदानः तेजवीर सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

- कांग्रेस के झूठ के षड्यंत्र को जनता ने नकारा, हिंदू हिंसक नहीं रक्षकः श्रीकांत
- भाजपा ने किया मथुरा विधानसभा के मतदाताओं का अभिनंदन

**मथुरा।** भाजपा का मथुरा वृंदावन विधानसभा का मतदाता अभिनंदन समारोह कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद चौ. तेजवीर सिंह एवं भाजपा के नवनियुक्त हिमाचल प्रदेश प्रभारी भाजपा विधायक श्रीकांत शर्मा ने उपस्थित मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। सांसद तेजवीर सिंह ने कहा कि देवतुल्य जनता जनार्दन द्वारा राष्ट्र की अखंडता व समृद्धि के लिए मतदान किया गया। देश का विकास प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही संभव है यह जनता ने अपने मत से साबित किया। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा की सदन में प्रधानमंत्री जब जवाब देते हैं तो विपक्ष के नेता सुन नहीं पाते और सदन छोड़कर भाग जाते हैं । मथुरा विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि कांग्रेस एक वर्ग को लुभाने के लिए पूरे देश के हिंदुओं का अपमान करती है। हिंदू हिंसक नहीं हिंदू रक्षक है। जनता ने कांग्रेस के झूठे षड्यंत्र को पूरी तरह से नकार कर करारा जवाब दिया और तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी के हाथ में देश का नेतृत्व सौंप दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह ने कहा कि जनता से किये हर वादे को भाजपा सरकार पूरा करेगी।

कार्यक्रम में युवा मतदाताओं को एवं कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया। महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने उपस्थित जनता और कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए कहा कि विपक्ष द्वारा फैलाये जा रहे भ्रम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद कर्मठ कार्यकर्ता पूरी तत्परता से अपने-अपने शक्ति केंद्रों पर जुटे रहे जो बधाई के पात्र हैं।

इस दौरान जिला महामंत्री प्रदीप गोस्वामी, पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, पन्नालाल गौतम, विनोद चौधरी, चंद्रपाल कुंतल, अवधेश उपाध्याय, डीएन गौतम, राजेंद्र पटेल, अनिल खंडेलवाल, राजू चौधरी, विनीत शर्मा, यशराज चतुर्वेदी, लोकेश निषाद, विक्रम मुद्गल, तेजवीर सिंह, पप्पन ठाकुर, रामरतन चौधरी, सुरेंद्र प्रधान, पवन हिंडोल, यज्ञदत्त कौशिक, पूजा चौधरी, राजेंद्र होरा, दीपक गोला, नारायण दास, ब्रजकिशोर सैनी, संजय शर्मा, पंकज वशिष्ठ, लवांशु वर्मा, शुभम ठाकुर, अजय शर्मा, भोला यादव, दिनेश जैन, मीडिया प्रभारी दीपांकर भाटिया आदि मौजूद रहे। संचालन महानगर महामंत्री प्रदीप गोस्वामी ने किया।

## बैंक सिर्फ व्यवसायिक प्रतिष्ठान नहीं हैः मुख्य विकास अधिकारी

**इटावा।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अन्तर्गत जनपद के समस्त बैंक शाखा प्रबन्धकों का सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को विकास भवन प्रेरणा सभागार में किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम के निर्देशन में किया गया। अजय कुमार गौतम मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि बैंक सिर्फ एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान नही है, उनका सामाजिक दायित्व भी है। गरीब महिलाओं के प्रति सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने की बात कही। शरद कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक/उपायुक्त स्वतःरोजगार द्वारा जनपद इटावा में योजनान्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों और उनके संगठनों द्वारा आजीविका के क्षेत्र में की गई आजीविका गतिविधि की जानकारी दी गई। विषय प्रवेश कराते हुए आगत अतिथियों का स्वागत किया।

# लोको पायलट रेलवे परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** लोको पायलट रेलवे परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य है। भारतीय रेल पर पिछले दस वर्षो में लोकोमोटिव पायलटों की कार्य स्थितियों में बड़े सुधार किये गये है। जब लोको पायलट अपने मुख्यालय से बाहर होते है, तब एक यात्रा पूरा होने पर वे आराम के लिए रनिंग मे आते है । 2014 से पहले रनिंग रूम की हालत बहुत ख़राब थी। आज रनिंग में काफी सुधार हुआ है। लगभग सभी 558 रनिंग रूम अब वातानुकूलित हैं। कई रनिंग रूम में फुट मसाजर भी उपलब्ध कराए जाते है। लोको पायलटों की कार्य स्थितियों को समझे बिना समाज के कुछ वर्गो द्वारा इसकी आलोचना की गई। पायलट लोको कैब से लोकोमोटिव चलाते है । 2014 से पहले कैब की हालत बहुत ख़राब थी। 2014 के बाद से, एर्गोनोमिक सीटों के साथ कैब में सुधार किया गया है, और भारतीय रेल पर 7,075 लोको कैब वातानुकूलित है। नये लोकोमोटिव का निर्माण वातानुकूलित कैब के साथ ही किया जाता है। 2014 के पहले इंजन के अन्दर ट्रायलेट की सुविधाएं नही थी। 2014 के बाद 815 इंजनों में ट्रायलेट की सुविधा प्रदान की गई। लोको पायलट के ड्यूटी घंटों की सावधानीपूर्वक निगरानी की जाती है। यात्राओं के बाद विश्राम भी बहुत सावधानीपूर्वक प्रदान किया जाता है। ड्यूटी के घंटे निर्धारित समय के भीतर रखे जाते है। इस वर्ष जून माह मै औसत ड्यूटी घंटे की अवधि 8 घंटे से कम है। केवल अतिआवश्यक स्थिति में ही यात्रा की अवधि निर्धारित घंटों से अधिक होती है।

पिछले कुछ वर्षो में, बड़ी भर्ती प्रक्रिया पूरी गई और 34,000 रनिंग स्टाफ की भर्ती की गई है। वर्तमान म 18,000 रनिंग स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। फर्जी खबरों से रेल परिवार को हत्तोसाहित करने का प्रयास विफल होगा। पूरा रेल परिवार हमारे देश की सेवा में एकजुट है।

## संत विवेकानंद के छात्र आशु यादव का IIT रुड़की में चयन

**इटावा।** संत विवेकानन्द सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल, आलमपुर हौज़ के मेधावी छात्र रहे आशु यादव ने अपनी स्कूल की पढ़ाई के साथ साथ छ्वश्वश्व की तैयारी करते हुए अपने प्रथम प्रयास में ही कड़ी मेहनत और विद्यालय के अच्छे शैक्षिक मार्ग निर्देशन के साथ आईआईटी रुड़की जैसे देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान में दाखिला लेकर अपने विद्यालय के साथ साथ जनपद इटावा का भी नाम रोशन किया है। संत विवेकानंद के होनहार छात्र आशु यादव अलियापुर, भर्थना के निवासी है और स्व.उमेश चंद्र यादव के छोटे पुत्र है। 2020 में पढ़ाई की दौरान अचानक से सर से पिता का साया उठने के बाद भी आशु के हौसले कम नहीं हुए और वे अपने सपने को पूरा करने में लगातार ही जुटे रहे और अंततःउनकी कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार उन्हें शानदार सफलता मिल ही गई। कहते है न कि, प्रतिभा किसी भी परिचय की मोहताज नहीं होती वह अपना परिचय सही समय आने पर स्वयं ही दे देती है।

# ऑनलाइन हाजिरी का विरोध जारी, शिक्षक बोले- पहले मांगें पूरी हों

**अवधनामा संवाददाता**

- तीसरे दिन भी शिक्षकों ने नहीं लगाई ऑनलाइन हाजिरी
- ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ लामबंद हुए शिक्षक,विरोध में काली पट्टी बांधकर पढ़ा रहे शिक्षक

**मथुरा।** डिजिटाइजेशन के विरोध में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का विरोध तीसरे दिन भी जारी रहा। शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। अपनी और छात्रों की हाजिरी रजिस्टर पर लगाई। डिजिटाइजेशन के विरोध में जिले के 1536 विद्यालयों में तैनात शिक्षक लामबंद हैं। विरोध के तीसरे दिन भी शिक्षकों ने मिड डे मील की एंट्री पुराने रजिस्टर पर ही की। शिक्षकों का कहना है कि जब तक उनकी लंबित मांगों पर सुनवाई नहीं की जाएगी डिजिटाइजेशन के लिए उनका विरोध जारी रहेगा। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक 14 जुलाई तक विद्यालय में काली पट्टी बांधकर काम करेंगें। 15 जुलाई को सभी शिक्षक संगठन जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे और सीएम को संबोधित ज्ञापन देंगे। इसके बाद भी अगर मांगों पर सुनवाई नहीं होगी तो 29 जुलाई से अनवरत महानिदेशक कार्यालय पर 18 सूत्रीय मांग पत्रों की सभी मांगे पूर्ण होने एवम डिजिटाइजेशन के दिए हुए निर्देशों को निरस्त करने तक अनवरत धरना देंगे। सुजीत वर्मा ने कहा कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने 8 जुलाई से ऑनलाइन उपस्थिति देने का आदेश दिया है, जो तुगलकी फरमान है। बिना जमीनी हकीकत जाने ही अव्यावहारिक आदेश किया जाता है। कठिनाइयों को दूर किए बिना उसको लागू कर पाना संभव ही नहीं है। श्री वर्मा ने कहा कि कई वर्षो से सरकार ने न तो शिक्षकों की पदोन्नति की है और न ही जिले के भीतर होने वाले तबादले किए हैं। अब सरकार ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश कर शिक्षकों उत्पीड़न कर रही है।

# केएम यूनिवर्सिटी की मीनेश ने प्री नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

**अवधनामा संवाददाता**

- स्टेट चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

**मथुरा।** केएम यूनिवर्सिटी की छात्रा व शूटर मीनेश जुरेल ने 22 वीं सीनियर स्टेट 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया है। मीनेश ने स्टेट चैंपियनशिप में 388.2 पॉइंट्स प्राप्त किए। स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन ओसियस शूटिंग रेंज जयपुर में 3 से 14 जुलाई तक हुआ। मीनेश का चयन प्रदर्शन के आधार पर प्री नेशनल के लिए हुआ है।

मीनेश ने कहा है कि उनका सपना नेशनल चैंपियनशिप में पदक जीतना है, उन्होंने बताया की दो वर्ष के बेटे अथर्व के साथ अभ्यास करना मुश्किल होता है लेकिन परिवार और रेंज का पूरा सहयोग रहता है, जिससे वो पूरा अभ्यास कर पाती है।

मीनेश केएम यूनिवर्सिटी की एमए की छात्रा है तथा इससे पूर्व आल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के क्रॉस कंट्री गेम्स में भी प्रतिभाग कर चुकी है।

विदित रहे कि मीनेश भरतपुर स्थित योद्धा शूटिंग रेंज में प्रैक्टिस करती है। मीनेश ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी, कुलपति डॉ डीडी गुप्ता, रजिस्ट्रार पूरन सिंह असिस्टेंट रजिस्टार सुनील अग्रवाल, डीन लिबरल आर्ट्स एंड साइंसेज डॉ धर्मराज सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ मनोज ओझा, डीन मैनेजमेंट एंड कॉमर्स डॉ सी पी वर्मा, एओ हरिमोहन रावत, चतुर सिंह, विश्व चैंपियन रहे व उनके पति गोविंद सिंह, कोच धारा सिंह व सभी टीम साथियों को दिया है।

इस अवसर पर मीनेश के घर बधाई देने वालों का ताँता लगा हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने मिनेश की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मिनेश की सफलता पर विश्वविद्यालय को गर्व है तथा उम्मीद की राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मिनेश निश्चित रूप से सफलता अर्जित करेगी। के एम यूनिवर्सिटी के प्रोफ़ेसर्स व अन्य कर्मचारियों संजूबाला, मुकेश कुमार, जगवीर सिंह, करन सिंह, राजेश कुमार, दिव्या, देवेन्द्र, डॉ सुनील सिंह, चंद्रेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सागरिका गोस्वामी, सुमित शर्मा, डॉ बेदवीर सिंह, अनिल चतुर्वेदी आदि ने मिनेश की सफलता पर बधाई दी है।

# सम्भल चंदौसी में नाबालिग बाइक चालकों के चालान




**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल के दिशा निर्देशन में बहजोई, चंदौसी तथा सम्भल में यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया नाबालिक बच्चों द्वारा वाहनों को अनाधिकृत रूप से चलाये जाने पर 10 वाहनों के चालान एमवी एक्ट के अंतर्गत किए गए। 18 वर्ष से कम आयु के नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन चलाते पाए जाने पर वाहनों पर सीज तथा चालान की कार्रवाई की जाएगी तथा वाहन मालिक एवं अभिभावकों के विरुद्ध भी विधिक करवाई अमल मे लाई जायेगी। इसी क्रम में चन्दौसी में स्कूल वाहनों को भी चेक किया गया और वाहन चालकों को बताया गया कि सभी वाहन चालक सीट बेल्ट लगाए और बच्चों को भी सीट बेल्ट लगाकर आगे बाली सीट पर बैठाये , कोई भी बच्चा स्कूली वाहन से अपना कोई अंग बाहर ना निकाले और गाड़ी से बाहर ना खड़ा हो। स्कूल प्रवन्धक /प्रधानाचार्य स्कूली वाहन अधिनियम की शर्तो को पूर्ण करने वाले वाहनों को ही स्कूल के लिए अधिकृत करें। सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करें।अतः सभी अभिभावकों से जनपद संभल पुलिस यह अपील करती है कि अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने को ना दें ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही व्यक्ति वाहन चलाएं तथा दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें, और चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट धारण करें ,वाहन चालक वाहन चलाते समय मोबाइल फोन एवं ईयर फोन का प्रयोग ना करें स्पीड एंड स्टंट ड्राइविंग ना करें निर्धारित गति में अपने वाहन चलाएं अपने वाहनों को रोड पर ना खड़ा करें।

# कठुआ में बलिदान हुए वीर जवानों को दी गई श्रद्धांजलि




**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल/चंदौसी।** बुधवार को सनातन सेवक संघ के तत्वाधान में आज भगत सिंह स्मारक पर जम्मू कश्मीर के कठुआ में बलिदान हुए वीर जवानों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला महामंत्री पप्पू इंकलाब जी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के कठुआ में सेना के वाहन पर आतंकियों द्वारा किए गए कायराना हमले में सैन्यभूमि उत्तराखण्ड की माटी में जन्मे हमारे वीर जवान जनपद टिहरी निवासी श्री आदर्श नेगी व श्री विनोद सिंह जी, जनपद पौड़ी के श्री कमल सिंह जी व श्री अर्जुन नेगी जी एवं जनपद रुद्रप्रयाग के श्री आनंद सिंह रावत जी के बलिदान होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। संगठन के सभी पदाधिकारियों ने 02 मिनट का मौन रखा उसके उपरांत प्रभु श्रीहरि से प्रार्थना कि दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहने करने की शक्ति प्रदान करें। नगर महामंत्री दिशांत गुप्ता ने कहा कि माँ भारती की रक्षा हेतु दिया गया आपका यह सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा और हम सभी को राष्ट्रसेवा हेतु सदैव प्रेरित करता रहेगा। सी0 पी0 गुप्ता जी, एड0 अमित अग्रवाल, राजीव सक्सेना, विकास कुमार सनातनी, मुदित गर्ग, सुदीप बंसल, अमन कुमार, शशिकांत शर्मा, तुषार क्रिस्टल, विक्की रस्तौगी, गौरव कुमार, अनुज कुमार उपस्थित रहें।

# खूब बिक रही प्रतिबंधित पॉलिथीन



### खूब पिटा था कार्रवाई का ढिंढोरा.

शुरुआती दौर में पॉलिथीन पर प्रतिबंध होने के बाद कार्रवाई का खूब ढिंढोरा पिटा था, हर ओर नगर पालिका के अधिकारी/ कर्मचारी पॉलिथीन जब्त करने और जुर्माना लगाते थे। लेकिन ये कार्रवाई कुछ दिनों तक ही सीमित रहकर रह गई। इसके बाद अब जिधर देखों वहां लोग पन्नी में सब्जी, फल आदि सामग्री लेकर घूम रहे हैं कोई उनसे पूछने वाला तक नहीं है। यहां तक बिलग्राम कस्बे के सरकारी दफ्तरों में भी प्लास्टिक देखने को मिलती हैं।

### पॉलीथिन और सिंगल उसे को लेकर क्या बोले व्यापारी

दुकानदारों का कहना है कि शासन प्रशासन तथा स्थानीय नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा लगातार हम दुकानदारों ,रेहड़ी पटरी वालों सहित अन्य लोगों को ही टारगेट किया जा रहा है जबकि प्लास्टिक तथा सिंगल यूज बनाने वाली कंपनियों पर सरकारी अमला मेहरबान है। जब प्लास्टिक बनाने वाली कंपनियों में उत्पादन होना ही बंद हो जाएगा तो स्वयं ही सिंगल यूज पॉलिथीन बाजारों में आना बंद हो जाएगी।

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** बिलग्राम तहसील क्षेत्र में इन दिनों सहालगों का दौर चल रहा है ऐसे में पालिथीन तथा सिंगल यूज का जमकर प्रयोग हो रहा है जिसकी वजह से बिलग्राम कस्बे से लेकर गांव तक हर और प्लास्टिक के गिलास,थर्माकोल की पत्तल तथा पालीथिन पड़े दिखाई देते हैं। इसको लेकर बिलग्राम कस्बे की ट्रिपल इंजन सरकार, नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी एवं प्रशासन भी कुछ नहीं कर रहा है। जिसके कारण बाजारों में ये खुलेआम बिक रही हैं। शासन-प्रशासन ने पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक तथा पालिथीन की बिक्री प्रतिबंध लगाया है। मगर हरदोई जिले के बिलग्राम क्षेत्र के बाजारों में इस प्रतिबंध का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। बाजार से सामान ले जाना हो या दावत की बात हर ओर प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग किया जा रहा है इसके प्रयोग से पर्यावरण प्रदूषण तो हो ही रहा है साथ ही गांव/ मोहल्लों में कूड़े व कचरे के माध्यम से ये प्लास्टिक खेतों में पहुंचकर काफी नुकसान कर रही है। अच्छी फसल देने वाले खेत ऊसर में तब्दील हो रहे हैं। वहीं बिलग्राम कस्बे में कई स्थानों पर लोग कूड़े के साथ पालिथीन में कुछ खाद्य पदार्थ भरकर डाल देते हैं। इस खाद्य पदार्थ को खाने के चक्कर में कस्बे में घूमते आवारा गोवंश पालीथिन को भी खा जाते है। जिसकी वजह से कभी-कभी उनकी मौत तक हो जाती है।

# प्रदेश के हर जिले में जदयू का बढ़ाएंगे कारवां: अनूप

**अवधनामा संवाददाता**

■ ब्रज के हर घर से जदयू के सदस्य बनाएंगे: अरविंद

**मथुरा।** आज जनपद में जनता दल यूनाइटेड की कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसके साथ कार्यकर्ता सम्मेलन भी किया गया कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष व जनपद मथुरा की कार्यकारिणी के सदस्यों ने लखनऊ से आए प्रदेश अध्यक्ष का ढोल नगाड़ों के साथ फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अरविंद चित्तौड़िया को पटुका पहनाकर जनपद मथुरा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। इसके साथ ही प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने कहा जदयू का इतिहास काफी पुराना है। जदयू केंद्र में एनडीए की सहयोगी है। जल्द ही उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में जदयू का कारवां बढ़ाएंगे। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अरविंद चित्तोडिया ने बताया जनपद में पार्टी की गतिविधि ब्रज के हर घर में सदस्य बना कर पार्टी को मथुरा में मजबूत करेंगे । इसके साथ ही जिला अध्यक्ष अरविंद चित्तौड़िया ने बताया कि ब्रज की समस्याओं व जनता के हित को देखते हुए मुझे जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है जिसे मैं पूरी लगन से निभाऊंगा ।जदयू को जनपद के सभी ब्लॉक विधानसभा में टीम बनाकर पार्टी का प्रचार प्रसार करूंगा ।इस मौके पर किशन सिंह, विनोद गौतम ,रामू पाराशर, विनीत शर्मा, रवनीत मासी, चंद्र प्रकाश गौतम, दिव्यांशु गौतम, प्रशांत सक्सैना आदि मौजूद रहे।

# शहरी स्वास्थ्य समन्वयसमिति की बैठक में दी गई विश्व जनसंख्या दिवस की जानकारी

**अवधनामा संवाददाता**



**सम्भल/चंदौसी।** बुधवार को नोडल अधिकारी/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरविंदर सिंह की अध्यक्षता में शहरी स्वास्थ्य समन्वय समिति की बैठक सी-एच-सी चंदौसी के सभागार में आयोजित की गई । बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा आगामी विश्व जनसंख्या दिवस के बारे में जानकारी दी गई और साथ ही ये अपेक्षा भी कि स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभाग भी इसको सफल बनाने में सहयोग करें.उन्होंने परिवार नियोजन में पुरूषों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर ज़ोर दिया।तथा ड़ेंगू मलेरिया एवं दस्तक अभियान के बारे में भी जानकारी दी गई। भारतीय मानव कल्याण समिति के प्रबन्धक डॉ.टी.एस.पाल ने कहा की संचारी रोगों के बचाव के लिए हमें अपने आसपास सफाई करने एवं जल भराव को रोकना होगा ।ताकि मच्छर एवं कीट आसपास एकत्रित न हो तथा डेंगू,मलेरिया, डायरिया जैसे रोगों से बचा जा सके ।शहरी स्वास्थ्य की चिंता हमारी समिति हमेशा करती रही है।आगे भी हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेगी।

बैठक में मंडलीय अर्बन हेल्थ ऑफीसर डॉ राजीव,अर्बन हैल्थ कोऑर्डिनेटर मुकेश कुमार शर्मा, डॉ अखिल कुमार सिंह, डॉ राहिल, डॉ प्रियांशी, सभासद सचिन रस्तोगी आदि के साथ नगर पालिका, बेसिक शिक्षा विभाग, क्षय रोग विभाग,पी एस आई इंडिया से डॉ गीतिका एवं मोहम्मद रिज़वान एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टॉफ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी आग लाखों का सामान जलकर राख

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** थाना कोतवाली दलपत खिड़की क्षेत्र में बुधवार दोपहर शॉर्ट सर्किट की वजह से राकेश पुत्र स्व चरन दास के घर में आग लग गई आग लगने से कपड़े,फर्नीचर,व खाने पीने का अन्य सामान जल गया आग लगता पीड़ित राकेश ने बताया कि वह अपनी बुजुर्ग मां के साथ मकान में रहता है मेहनत मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण पोषण करता है बुधवार दोपहर वह अपनी बुजुर्ग मां को दवा दिलाने बाजार गया हूं था जब राकेश अपने घर पर मां के साथ वापस लौटा तो उसने देखा कि उसके घर में आग लग रही है आग लगाता देखकर पीड़ित ने शोर मचाकर क्षेत्रवासियों को मौके पर बुलाया आग लगता देखकर लोगों में अफरा-तफरी मच गई लोगों ने आग बुझाने का प्रयास करते हुए पुलिस व दमकल की विभाग को इसकी सूचना दी आग ने मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया कुछ ही देर बाद पुलिस व दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया चौकी प्रभारी होली गेट सनोज कुमार शर्मा ने बताया कि अभी आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है पीड़ित पक्ष के अनुसार शार्ट सर्किट से आग लगना बताया जा रहा है पीड़ित व्यक्ति के अनुसार आग लगने से उसके घर का सभी सामान जलकर खाक हो गया है जिसकी वजह से उसका लगभग 5 लाख रुपए का नुस्खा हो गया पीड़ित ने जिला प्रशासन से मदद के लिए गुहार लगाई है।

# 49 नव चयनित लेखपालों को नियुक्त पत्र दिए गए




**वहाज अली निहाल**

■ आपको सरकारी सेवा करने का अवसर मिला है आप तन-मन से मेहनत करें: सरिता भदौरिया

**इटावा।** लाइव टेलीकास्ट मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नव चयनित लेखपालों के नियुक्त पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में 49 नव चयनित लेखपालों को नियुक्त पत्र दिए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती सरिता भदोरिया ने सभी नवनिर्मित लेखपालों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभागार में उपस्थित सभी नवनिर्मित लेखपालों ने मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को सुना एवं लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण भी देखा। विधायक जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपको सरकारी सेवा करने का अवसर मिला है आप तन मन से मेहनत करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के कार्य को ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि आप सभी को सबसे बड़ा जीवन का अवसर मिला है, आप सभी बिना रिश्वत और भेदभाव से यहां तक आए हैं आपको अपने कार्य के प्रति जिम्मेदारी एवं सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग में आप लेखपाल के पद पर तैनात हो रहे हैं आप सभी को बहुत ही मेहनत एवं ईमानदारी से कार्य करके अपनी छवि को बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर आप सभी मेहनत करेंगे तो फल आपको अवश्य मिलेगा।

उक्त अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश राय, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, समस्त तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार नौकरियों में आरक्षण नहीं देना चाहती है: अखिलेश यादव



**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को अपने सिविल लाइन स्थित आवास पर कहा है कि भाजपा सरकार ने नौकरियों में घोटाला किया है। हाईकोर्ट में खुलासा हुआ कि कापियां तक बदल दी गयी। यह अपने लोगों को नौकरियों में एडजेस्ट करने के लिए घोटाला करते हैं। सैफई मेडिकल कालेज में एक ही कोचिंग के बच्चों को बड़े पैमाने पर नौकरी कैसे मिल गयी? सैफई के साथ लखनऊ के अन्य मेडिकल संस्थानों में भी यही हुआ है।

बुधवार को सैफई में सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार नौकरियों में आरक्षण नहीं देना चाहती है। इसलिए भर्तियों में घपले और घोटाले करती है। ये पिछड़े, दलितों और पीडीए परिवार को साजिश के तहत नौकरियों से दूर रखने की कोशिश कर रही हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हैं। चीन और देश की सीमाओं को लेकर सरकार को सावधान रहना चाहिए था और जितने इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करना चाहिए था, नहीं किया। फोर्स को पर्याप्त टेक्नोलॉजी और जानकारी मिलनी चाहिए थी। उसमें इंटेलिजेंस फेलियर है, इसके कारण हमारी आंतरिक और बार्डर की सुरक्षा खतरे में हैं। चीन के सवाल पर सरकार झूठ बोलती है। सुनने में आ रहा है कि काफी जमीन कब्जा हो गयी है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता से हर मुद्दे पर झूठ बोला है। स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर भ्रष्टाचार हुआ। नगरों का बुरा हाल है। सड़कों में गड्ढ़े हैं। जलभराव है। गड्ढ़ों के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। गाड़ियां नहीं चल पा रही हैं। लोगों की जान जा रही है। स्वास्थ्य सेवाएं बेकार हो गयी हैं। बेरोजगारी और महंगाई लगातार बढ़ रही है। बड़ी संख्या में नौजवान बेरोजगार घूम रहा है। उसे नौकरी की तलाश है। भाजपा सरकार पूरी तरह झूठ पर चल रही है। सरकार के लोग जमीनी हकीकत से दूर हैं। महंगाई के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। इनके लोग खूब मुनाफा कमा रहे हैं और किसान को उसकी फसल की कीमत नहीं मिल रही है।

# युवजन सभा ने कचहरी में प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** कोरोना काल में बंद किए गए मूक बधिर बच्चो के विद्यालय को खुलवाने को लेकर समाजवादी पार्टी युवजन सभा ने बुधवार को कचहरी में प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। युवजन सभा के जिलाध्यक्ष आदित्य गोविन्द ने मांग करते हुए कहा की उत्तर प्रदेश में मूक बधिर अंध विद्यालय संचालित थे, जिसमें मूक बधिर बच्चे शिक्षा ग्रहण करते थे किंतु कोरोना कल के दौरान उक्त विद्यालय बंद कर दिए गए थे और मूक बधिर बच्चों को प्राइमरी विद्यालय में शिक्षा दी जा रही है जो की उचित नहीं है। ऐसे बच्चे सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकते हैं। सपा नेताओ ने अपने ज्ञापन में बिजली कटौती, चेकिंग के नाम पर जनता के उत्पीड़न को रोकने की मांग की। युवजन सभा के नेताओ ने कहा की महंगाई की मार से आम आदमी का जीवन बेहाल है युवा बेरोजगार है परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं जिससे युवाओं का भविष्य अंधकार मय हो रहा है। इस अवसर पर योगेश यादव, अवनीश शर्मा, आधार यादव, अतुल मिश्रा, अरविंद यादव, आशीन अली, नागेंद्र यादव, विवेक कुशवाह, शैलेन्द्र यादव, गोलू, रोहित श्रीवास्तव, विवेक यादव, मयंक भदौरिया, पुष्पेंद्र गोयल, अनिल कठेरिया, धर्मेंद्र, मुकेश कुमार, अंशुल, किशन आदि मौजूद रहे।

# डॉक्टर्स डे पर आईएमए ने चिकित्सा सम्मान समारोह आयोजित किया



**इटावा।** आईएमए भवन पक्का तालाब पर रविवार शाम को डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में चिकित्सा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर हुई। डॉक्टर्स डे पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि उ.प्र.आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई इटावा के कुलपति डा.पी.के.सिंह, डा.एस.पी.एस.चौहान पूर्व अध्यक्ष आईएमए उ.प्र., डा.देशराज गुर्जर नेफ्रोलॉजिस्ट कानपुर, डा.वी.एन.मेहरोत्रा, डा.नीता मेहरोत्रा, डा.संजीव यादव, डा.तृप्ति यादव, डा.मन्यू गुप्ता और डा.अर्चना गुप्ता को सम्मानित किया गया। डॉक्टर्स डे पर आयोजित सम्मान समारोह में वरिष्ठ चिकित्सक डा.डी. एस.गुप्ता, डा.डी.के.टंडन, डा.पी.के. वर्मा, डा.सरत चंद्रा और डा.मनोहर सिंघल को आईएमए उ.प्र.अध्यक्ष डा.एम.एम.पालीवाल ने लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा.एस.सी.गुप्ता आईएमए अध्यक्ष इटावा शाखा ने की तथा संचालन सचिव डा.डी.के.सिंह ने किया। समारोह के उपरांत विख्यात नेफ्रोलॉजिस्ट डा.देश राज गुर्जर द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें किडनी की बीमारियों से बचाव एवं उपचार के सम्बन्ध में चर्चा हुई। डॉक्टर्स डे पर आयोजित सम्मान सम्मान समारोह में शहर के सभी चिकित्सक शामिल हुए।

## महाकुंभ में ढोंगी बाबाओं का बहिष्कार करेगा अखाड़ा परिषद

**प्रयागराज।** हाथरस हादसे के बाद अखाड़ा परिषद ने ढोंगी बाबाओं के खिलाफ मुहिम छेड़ दी है। परिषद ने सूरजपाल (नारायण साकार हरि) का बहिष्कार कर दिया है। अखाड़ा परिषद की ओर से यह निर्णय किया गया है कि इस बार महाकुंभ में ढोंग करने वाले बाबाओं को मेले में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। इसके लिए अखाड़ा परिषद ने सूची तैयार करना शुरु कर दिया है। मुद्दे को लेकर 13 अखाड़ों ने बैठक भी कर फैसला लिया है।

हाथरस में हुई भगदड़ में लोगों की मौत के बाद अखाड़ा परिषद ने एक बड़ा फैसला लिया है। परिषद ने सूरजपाल (नारायण साकार हरि) को महात्माओं की सूची से बाहर करने का निर्णय ले लिया है। महंत व अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने बताया कि सूरजपाल (नारायण साकार हरि) के अलावा सेक्स सीडी कांड मामले में फंसने वाले बाबा स्वामी नित्यानंद और बाबा राम रहीम सहित 20 से अधिक बाबाओं का नाम सूची में शामिल किया गया हैं।

# योगी सरकार चिंतित है, कैसे हो श्रध्दालुओं को सुगमता से दर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

**वृंदावन (मथुरा)।** हाथरस हादसे के बाद धार्मिक स्थल और आयोजनों में उमड़ने वाली भीड़ की सुविधा और सुरक्षा को योगी सरकार पूरी मुस्तैदी बरतती दिखाई दे रही है। अयोध्या के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने श्री बांके बिहारी मंदिर परिसर का निरीक्षण कर प्रशासन के आला अफसरों से व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कि भीड़ नियंत्रण कर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी जी भी चिंतित हैं कि छोटी- छोटी गलियों से होकर बांके बिहारी जी के श्रद्धालुओं को कैसे सुगमता से दर्शन कराये जाएं। बुधवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार वृंदावन पहुंच कर शासकीय अधिकारियों के साथ पहले श्री बांके बिहारी परिसर और आसपास के मार्गो का जायजा लिया। उसके बाद डीएम और एसएसपी से हालिया व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जाना। अपने निर्धारित कार्यक्रम से देरी से आने के कारण मंदिर के पट बंद हो जाने पर उन्होंने जगमोहन में बनने वाले फूल बंगले के स्थान पर पूजा अर्चना की। पूजा के बाद उनका काफिला टूरिस्ट फेसिलिटी सेंटर पहुंचा। जहां विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारियों के साथ मीटिंग से पहले मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। भीड़ नियंत्रण के साथ दर्शनों की व्यवस्था सुगम बनाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। इन्ही बिंदुओं को लेकर मंडल और जनपद के अफसरों के साथ मंथन किया जा रहा है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि धार्मिक स्थलों और मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर एक प्लान बना हुआ है। उसमे समय और तकनीक के साथ क्या बदलाव होने चाहिए इस पर चर्चा करेंगे। साथ ही ट्रैफिक प्लान, पुलिस बल बढ़ाने के बिंदुओं पर भी चर्चा की जायेगी।इस अवसर पर कमिश्नर रितु महेश्वरी, डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह, एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय, सीडीओ मनीष मीना, आदि अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने फिर दी ग्रामीणों को सौगात

■ हाथिया में खुली केएम की ओपीडी, जिला पंचायत सदस्य बरसाना ने किया फीता काटकर उद्घाटन

■ ब्रजवासियों के लिए संजीवनी साबित हो रहे है जिला पंचायत अध्यक्ष,

■ जहां सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं नहीं पहुंची, वहां पहुंची केएम हॉस्पिटल की टीम




**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष मथुरा किशन चौधरी ब्रजवासियों के लिए संजीवनी साबित हो रहे है। जहां सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं नहीं पहुंच पा रही है, वहां जिला पंचायत अध्यक्ष के केएम हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम पहुंचकर गरीब तबके के मरीजों को इलाज मुहैय्या कराकर उन्हें अच्छा स्वास्थ्य प्रदान कर रहे है। इसी कड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विवि के कुलाधिपति के निर्देशानुसार बरसाना के कस्बा हाथिया में केएम सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल की नई ओपीडी सेंटर का जिला पंचायत सदस्य बरसाना संजय प्रताप ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उनके साथ सुखवीर सिंह, हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर आशीष शर्मा, शौकत, सद्दा डीलर, जानीश आदि मौजूद रहे। जि.पं. सदस्य बरसाना संजय प्रताप ने बताया कि हमारे जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी के कार्यो की मैं सराहना करता हूं, उन्होंने यहां ओपीडी स्वास्थ्य सेवा शुरू कर लोगों को स्वास्थ्य की सौगात दी है। इसी प्रकार की स्वास्थ्य सौगात वह दस गांवों में देंगे, जिसमें गांव जाबरा में दे चुके हैं। जिससे ब्रजवासी स्वस्थ्य होंगे और जिला पंचायत अध्यक्ष का सपना पूरा होगा। यहां रहने वाले लोगों की संख्या 20,000 के करीब है और झोलाछाप से इलाज कराना हाथियावासियों की मजबूरी थी, हाथिया वाशिंदों को यहां से आठ किलोमीटर दूर बरसाना कस्बा और 40 किलोमीटर दूर मथुरा शहर जाकर अपना इलाज कराना पड़ता था, अब केएम ओपीडी के शुरू होने से यहां रहने वाले गरीब तबके के लोग इलाज के लिए परेशान नहीं होंगे। केएम स्वास्थ्य ओपीडी सेवा पाकर हाथिया के वाशिंदें काफी खुश है। क्योंकि अब उन्हें डायरिया, बुखार, खांसी जुकाम अन्य छोटी मोटी बीमारियों का इलाज उनके गांव में ही मिलेगा। केएम हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर आशीष शर्मा ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विवि के कुलाधिपति किशनजी की मुहीम आपके गांव आपके द्वार के तहत ऐसी ओपीडी आठ और खुलेंगी, जिससे ग्रामीण अच्छा स्वास्थ्य पाकर खुशहाल जीवन जी सकेंगे। केएम हॉस्पिटल 900 बैडों का बड़ा अस्पताल है, हमारे यहां पांच हजार रुपए में सभी प्रकार के सर्जीकल ऑपरेशन दवा सहित किए जा रहे है, यह केएम स्वास्थ्य की राजधानी सबसे कम खर्चे पर आपको इलाज मुहैय्या करा रही है। ओपीडी के शुभारंभ अवसर पर 1000 से अधिक लोगों ने सुबह नौ बजे से चार बजे तक केएम की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, जिसमें ज्यादातर मरीज मेडीसन विभाग के चिकित्सकों ने देखें, इसके अलावा बाल रोग, स्त्री रोग, हड्डी रोग, आंख रोग विभाग के डा. रामधन, डा. रूबी सिद्दीकी, डा. भार्गवी महाकुलकर, डा. मृणाल कांडपाल, डा. आयुष पांडेय, डा. गंगा जोशी तथा नर्सिंग में अंजू चौधरी

# गौतम गंभीर के बाद अभिषेक नायर भी हो सकते हैं टीम इंडिया में शामिल, टी दिलीप को फिर से फील्डिंग की जिम्मेदारी



टीम इंडिया के नए हेड कोच गौतम गंभीर बने हैं जिसके बाद कोचिंग स्टाफ के बाकी पदों के लिए खोज भी तेज हो गई है। वहीं बीसीसीआई को अब बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग कोच की खोज है। लेकिन क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई ने सहायक कोच का चयन कर दिया है। केकेआर नाइट राइडर्स के सहायक कोच अभिषेक नायर भारतीय टीम के नए सहायक कोच बनने वाले हैं। जबकि पूर्व फील्डिंग कोच टी दिलीप फील्डिंग कोच बने रह सकते हैं। 40 वर्षीय अभिषेक नायर ने भारत के लिए तीन वनडे मैच खेले हैं। साथ ही वह गौतम गंभीर के साथ केकेआर में काम कर चुके हैं और उनके बहुत करीबी माने जाते हैं। नायर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के भी करीबी हैं। वह टीम में सहायक कोच के रोल में रहेंगे जबकि गौतम गंभीर बल्लेबाजी कोच का पद भी खुद ही संभालेंगे। इसके अलावा रिपोर्ट्स के मुताबिक फील्डिंग कोच टी दिलीप को फिर से इस पद के लिए चुना जा सकता है। दिलीप फील्डिंग मेडल को लेकर बहुत ज्यादा चर्चा में रहे थे। बीते सालों में टीम की फील्डिंग का स्तर काफी ऊंचा है। जय शाह ने एक्स पर दिलीप को भी उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया था। इसके बावजूद दिलीप की वापसी की उम्मीद जताई जा रही है।

## ऋतुराज गायकवाड़ की बड़ी छलांग, अभिषेक शर्मा की धमाकेदार एंट्री

आईसीसी ने बुधवार को टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग जारी की है। बल्लेबाजों की सूची में ऋतुराज गायकवाड़ 13 स्थान की छलांग लगाकर टॉप-10 में पहुंच गए हैं। वह 662 रेटिंग अंकों के साथ सातवें स्थान पर हैं। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में 77 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने 47 गेंदों का सामना करने के बाद 11 चौके और एक छक्का मारा था। शतकवीर अभिषेक शर्मा ने रैंकिंग में धमाकेदार एंट्री की है। वह 75वें पायदान पर आ गए हैं। इंटरनेशनल डेब्यू मैच में शून्य पर पवेलियन लौटने वाले अभिषेक ने इंडिया वर्सेस जिम्बाब्वे दूसरे टी20 में तूफानी शतक ठोका था। उन्होंने 47 गेंदों में 7 चौकों और 8 छक्कों की मदद से 100 रन बनाए। वह सबसे कम पारियों में टी20 इंटरनेशनल शतक लगाने वाले भारतीय हैं। उन्होंने गायकवाड़ के साथ दूसरे विकेट के लिए 137 रन की बेहतरीन पारी खेली थी। इसके साथ ही रिंकू सिंह को भी फायदा हुआ है।

# सुनील गावस्कर ने डेब्यू मैच से जमाई थी अपनी धाक, आज तक नहीं टूटा उनका रिकॉर्ड

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील मनोहर गावस्कर आज यानी की 10 जुलाई को अपना 75वां जन्मदिन मना रहे हैं। सुनील गावस्कर लिटिल मास्टर के नाम से भी जाने जाते हैं। उनका नाम इस दुनिया के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं। बता दें कि जब उन्होंने क्रिकेट की दुनिया में कदम रखा था, तो टेस्ट में वेस्टइंडीज की पेस बैटरी की तूती बोलती थी। वहीं अपने समय में वह बिना हेलमेट के बैटिंग किया करते थे। आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...



बॉम्बे (मुंबई) में 10 जुलाई 1949 को सुनील गावस्कर का जन्म हुआ था। उनके पिता का नाम मीनल गावस्कर और मां का नाम मनोहर गावस्कर है। साल 1974 में उन्होंने मार्शनील गावस्कर से शादी रचाई थी। सुनील गावस्कर का एक बेटा है, जिसका नाम रोहन गावस्कर है। रोहन भी अपने पिता की तरह भारतीय टीम में रह चुके हैं, लेकिन रोहन को अपने पिता की तरह कामयाबी नहीं मिली।

साल 1971 में सुनीव गावस्कर ने अपने इंटरनेशनल क्रिकेट की शुरुआत की थी। साल 1971 में गावस्कर ने वेस्टइंडीज दौरे पर पोर्ट ऑफ स्पेन में अपना टेस्ट डेब्यू किया था। गावस्कर के लिए यह सीरीज काफी यादगार रही थी। अपने करियर की पहली ही सीरीज में उन्होंने वेस्टइंडीज के खूंखार गेंदबाजों की क्लास लगा दी थी। उस डेब्यू सीरीज में गावस्कर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 4 टेस्ट मैचों में रिकॉर्ड 774 रन बनाए। बता दें कि इस सीरीज में उनके द्वारा लगाया गया दोहरा शतक सहित 4 शतक और 3 अर्द्धशतक निकले। गावस्कर का डेब्यू सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। 53 साल बाद भी कोई बल्लेबाज उनके इस रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाया।

साल 1983 में हुए वर्ल्ड कप का भी गावस्कर हिस्सा रहे हैं। हालांकि टूर्नामेंट के दौरान वह अच्छा प्रदर्शन करने में नाकामयाब रहे। लेकिन टूर्नामेंट के दौरान गावस्कर को ब्लू टीम के लिए लकी माना जाता है। गावस्कर के बल्ले से वर्ल्ड कप के दौरान कुछ खास योगदान देखने को नहीं मिला था। उनके खराब प्रदर्शन का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि गावस्कर ने टूर्नामेंट के दौरान सिर्फ 6 मैचों में शिरकत की थी। इस दौरान वह सिर्फ 59 रन ही बना पाए थे।

गावस्कर के कद के हिसाब से यह प्रदर्शन कुछ खास अच्छा नहीं रहा। आपको जानकर हैरानी होगी कि ब्लू टीम की तरफ से जिन मुकाबलों में गावस्कर शिरकत करने के लिए मैदान में नहीं उतरे थे। उन मैचों में भारतीय क्रिकेट टीम को हार का सामना करना पड़ा था। वहीं इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में साल 1983 के वर्ल्ड कप के दौरान गावस्कर के बल्ले से सर्वश्रेष्ठ पारी देखने को मिली थी। भारत के लिए सुनील गावस्कर ने 125 टेस्ट और 108 वनडे मुकाबले खेले थे। उन्होंने टेस्ट मैचों में 10,122 रन बनाए थे। जिनमें से 34 शतक और 45 अर्धशतक शामिल हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में वह 10,000 का आंकड़ा छूने वाले पहले क्रिकेटर हैं।

# नोवाक जोकोविच ने विंबलडन सेमीफाइनल में की एंट्री



दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कूल्हे की चोट के कारण बुधवार को एलेक्स डि मिनोर के हटने पर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय डि मनोर ने सेंटर कोर्ट पर जोकोविच के खिलाफ होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले से घंटों पहले टूर्नामेंट से हटने की घोषणा की। डि मिनोर ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, बेशक यह वह घोषणा नहीं है जो मैं करना चाहता था। मैं टूट चुका हूं। उन्होंने बताया कि सोमवार को चौथे दौर में आर्थर फिल्स पर 6-2, 6-4, 4-6, 6-3 की जीत के दौरान उन्होंने 'क्रैक' की आवाज सुनी थी। जब वह मैच समाप्त हुआ तो डि मिनोर सावधानी से नेट की ओर गए लेकिन बाद में मीडिया से बात करते समय उन्होंने स्थिति की गंभीरता को कम करके आंका।

इस वॉकओवर से जोकोविच ने 13वीं बार विंबलडन सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से उन्होंने पुरुष एकल में रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। दूसरे वरीयता प्राप्त जोकोविच ने पुरुष एकल में रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात विंबलडन में जीते हैं। फाइनल में जगह बनाने के लिए जोकोविच का सामना शुक्रवार को टेलर फ्रिट्ज और लोरेंजो मुसेटी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

## लियोनेल मेसी ने दागा 109वां गोल, कोपा अमेरिका के फाइनल में पहुंचा अर्जेंटीना

लियोनेल मेसी के अपने करियर के 109वें अंतरराष्ट्रीय गोल और वर्तमान टूर्नामेंट के पहले गोल के दम पर गत चैंपियन अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंटके फाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना की तरफ से जूलियन अल्वारेज़ ने 22वें मिनट में पहला गोल किया जबकि मेसी ने 51वें मिनट में एन्जो फर्नांडीज के शॉट को गोल में भेज कर उसकी बढ़त दोगुनी की। मेसी के सामने तब गोलकीपर मैक्सिम क्रेप्यू थे लेकिन इस स्टार फुटबॉलर के आगे उनकी एक नहीं चली। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने पिछले 25 मैचों में 28 गोल किए हैं। वह कोपा अमेरिका में अब तक 14 गोल कर चुके हैंजो रिकॉर्ड से तीन गोल कम हैं। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में मेसी से अधिक गोल पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज हैं जिन्होंने अभी तक 130 गोल किए हैं। ईरान के अल देई के नाम 1993 से 2006 तक 108 या 109 गोल दर्ज हैं।

# संन्यास के बाद सुनील छेत्री का बयान, कहा भारत को मुकाम तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करुंगा

भारतीय फुटबॉल के महान खिलाड़ी सुनील छेत्री ने भले ही अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया हो लेकिन वह टीम के साथ जुड़े रहेंगे और उनका कहना है कि वह देश को मुकाम पर पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ट्रॉफी दौरे को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम में मौजूद छेत्री ने कहा कि भारत एक दिन ऐसे मुकाम पर पहुंचेगा जिसका देश के लोगों ने सपना देखा है।



कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने के बाद पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने वाले छेत्री ने कहा, मैंने अपने करियर में कई उतार चढ़ाव देखे हैं लेकिन एक चीज बरकरार रहेगी कि एक दिन दिन हम उस स्तर पर पहुंचेंगे जिसका हम सभी ने सपना देखा है। छेत्री इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में खेलना जारी रखेंगे क्योंकि बेंगलुरु एफसी के साथ उनका अनुबंध अगले साल तक है। उन्होंने हालांकि अभी तक फैसला नहीं किया है कि वह कब तक घरेलू फुटबॉल में खेलते रहेंगे। छेत्री अगले महीने 40 साल के हो जायेंगे।


2022 में बेंगलुरु एफसी की अगुआई करते हुए डूरंड कप खिताब दिलाने वाले छेत्री ने कहा, मैं अब ज्यादा कुछ नहीं कर सकता हूं क्योंकि मैं संन्यास ले चुका हूं लेकिन मैं भारत को उस मुकाम तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। हमें इसके लिए काफी काम करना होगा, लेकिन हम उस मुकाम तक जरूर पहुंचेंगे जहां हम पहुंचना चाहते हैं। छेत्री के 19 साल लंबे करियर के दौरान भारत एशिया में शीर्ष 20 में रहा है लेकिन शीर्ष 10 में नहीं पहुंच सका।

इस समय भारत एशिया में 22वें और दुनिया में 124वें स्थान पर है। जुलाई 2023 में भारतीय टीम फीफा रैंकिंग में शीर्ष 100 में पहुंची थी। डूरंड कप के बारे बात करते हुए छेत्री ने कहा जब मैं दिल्ली के क्लब के लिए खेलता था तो मुझे पहचान मिली थी। यह एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि भारतीय फुटबॉल का इतिहास और परंपरा इससे जुड़ी है।

# गुरु दत्त की कागज़ के फूल से लेकर अक्षय कुमार की सरफिरा तक, इस हफ़्ते सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई फ़िल्में

गुरु दत्त की 99वीं जयंती के अवसर पर, उनकी क्लासिक फ़िल्म कागज़ के फूल एक बार फिर बड़े पर्दे पर रिलीज़ होगी। इसके अलावा, जहाँ कल्कि 2898 और किल बॉक्स ऑफ़िस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, वहीं इस हफ़्ते कई फ़िल्में रिलीज़ होने के लिए तैयार हैं। जहाँ अक्षय कुमार की सरफिरा हवाई यात्रा में क्रांति लाने के एक व्यक्ति के सपने को साकार करने की दृढ़ संकल्प की कहानी कहती है, वहीं कमल हासन की इंडियन 2 अपने प्रतिष्ठित पूर्ववर्ती की विरासत को जारी रखते हुए दमदार एक्शन और सामाजिक न्याय के विषयों के साथ वापस आ रही है। इस हफ़्ते सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई फ़िल्मों पर एक नज़र डालें। नॉस्टैल्जिक शो गुरु दत्त की कालजयी कृति, कागज़ के फूल को 12 से 18 जुलाई तक फिर से रिलीज़ करेगा। 1959 में शुरू हुई फिल्म कागज के फूल, गुरु दत्त और वहीदा रहमान अभिनीत एक निर्देशक के पतन और आंतरिक पीड़ा की एक बेहद मार्मिक कहानी है। इस फिल्म को इसके अवंत-गार्डे लाइटिंग डिज़ाइन और आविष्कारशील सिनेमैटोग्राफी के लिए सराहा गया, जिसमें शानदार दृश्यों को मार्मिक भावनात्मक सामग्री के साथ जोड़ा गया। स्टार्टअप और एविएशन की दुनिया में सेट की गई यह अविश्वसनीय (सच्ची) कहानी आम आदमी को बड़े सपने देखने और अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित करेगी, भले ही दुनिया उन्हें पागल कहे।






वीरम्हात्रे के रूप में अक्षय कुमार अभिनीत सरफिरा बेहद सफल और प्रशंसित तमिल फिल्म सोरारई पोटरु की रीमेक है, जिसमें सूर्या ने अभिनय किया था और जिसने पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों सहित कई पुरस्कार जीते थे। यह फिल्म जी.आर. गोपीनाथ के संस्मरण सिंपली फ्लाई ए डेक्कन ओडिसी पर आधारित है। अक्षय के अलावा, सहायक कलाकारों में परेश रावल और राधिका मदान शामिल हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधा कोंगरा द्वारा निर्देशित, जिन्होंने मूल संस्करण का भी निर्देशन किया था, सरफिरा इस सप्ताह सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है।

इंडियन 2 अपने पूर्ववर्ती, 1996 की ट्रेंडसेटिंग हिट इंडिया की विरासत को जारी रखती है, जिसमें कमल हासन का समर्पण है, एक भूमिका जिसके लिए प्रतिदिन लगभग सात घंटे मेकअप की आवश्यकता होती है। कमल हासन ने अपनी प्रतिष्ठित शीर्षक भूमिका को दोहराया, अपने 90 वर्षीय ऑन-स्क्रीन लुक पर विस्तृत ध्यान देते हुए एक सावधानीपूर्वक प्रदर्शन किया। रोबोट, शिवाजी, अन्नियन और मुधलवन/नायक जैसी फिल्मों में अपने भव्य निर्माण और सामाजिक न्याय के विषयों के लिए प्रसिद्ध शंकर द्वारा निर्देशित, इंडियन 2 में सिद्धार्थ, रकुल प्रीत सिंह, ब्रह्मानंदम और एस जे सूर्या जैसे शानदार कलाकार हैं। यह फिल्म शंकर और संगीत निर्देशक अनिरुद्ध के बीच पहला सहयोग भी दर्शाती है, जो रोमांचक और यादगार साउंडट्रैक का वादा करती है। यह बहुप्रतीक्षित सीक्वल तमिल, हिंदी और तेलुगु में एक इमर्सिव अनुभव का वादा करता है। फ्लाई मी टू द मून आपको 1960 के दशक की अंतरिक्ष दौड़ की पृष्ठभूमि में एक काल्पनिक यात्रा पर ले जाता है। ग्रेग बर्लेंटी इस दिलचस्प फिल्म के निर्देशक हैं, जिसमें स्कारलेट जोहानसन ने केली जोन्स की भूमिका निभाई है, जो एक मजाकिया मार्केटिंग विशेषज्ञ है, जिसे बैकअप झूठी चंद्रमा लैंडिंग के आयोजन का काम सौंपा गया है, और चैनिंग टैटम ने कोल डेविस की भूमिका निभाई है, जो नासा के अपोलो 11 मून लॉन्च के सख्त निर्देशक हैं। फ्लाई मी टू द मून, जिसमें वुडी हैरेलसन, जिम रैश और रे रोमानो जैसे कलाकार शामिल हैं, ने मानव जाति की सबसे बड़ी जीत में से एक पर एक नया दृष्टिकोण पेश करने के लिए मार्मिक क्षणों को मजाकिया मज़ाक के साथ मिश्रित किया है। रोमांस, ड्रामा और हास्य का फिल्म का सहज मिश्रण उस समय के रोमांच के साथ-साथ उच्च लक्ष्य की चिरस्थायी अपील को भी दर्शाता है। यह फिल्म हंसी, प्यार और ऐतिहासिक साज़िश से भरी एक अद्भुत सिनेमाई यात्रा लगती है। इस साल की सबसे ज़्यादा देखी जाने वाली हॉरर फ़िल्म लॉन्गलेग्स, जिसमें मायका मोनरो, निकोलस केज और एलिसिया विट ने अभिनय किया है, का निर्देशन ऑसगूड पर्किन्स ने किया था। फ़िल्म का केंद्र एजेंट ली हार्कर (मोनरो) है, जो सीरियल किलर लॉन्गलेग्स (केज) के मामले को सुलझाने के लिए नियुक्त किया गया एक नया होशियार व्यक्ति है। जैसे-जैसे वह मामले की तह तक जाती है, हार्कर को हत्यारे से एक निजी संबंध और रहस्यमय अनुष्ठानों से परेशान करने वाले संबंध मिलते हैं। उसे एक और हमले को रोकने के लिए समय रहते उसे रोकना पड़ा। ग्रेटेल एंड हैंसेल, द ब्लैककोट डॉटर और आई एम द प्रिटी थिंग दैट लिव्स इन द हाउस पर अपने पहले के कामों के लिए जाने जाने वाले पर्किन्स ने डार्क फेयरी टेल्स, मजबूत महिला लीड और अवांट-गार्डे स्टाइलिस्टिक विकल्पों के साथ अपनी रुचि का पता लगाना जारी रखा है।

# उर्वशी रौतेला हैदराबाद में अस्पताल में भर्ती, एनबीके 109 के सेट पर हुआ हिप फैक्चर



अभिनेत्री उर्वशी रौतेला को अपनी आगामी तेलुगु फिल्म एनबीके 109 के सेट पर चोट लगने के बाद हैदराबाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभिनेत्री को एक हाई-ऑक्टेन सीन की शूटिंग के दौरान फ्रैक्चर हुआ और वर्तमान में उसका इलाज चल रहा है।

उर्वशी की टीम ने पुष्टि की है कि उन्हें इंटरट्रोकैनटेरिक हिप फ्रैक्चर हुआ है और हैदराबाद में एक चिकित्सा सुविधा में उनका सर्वोत्तम संभव उपचार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, उनके बयान के अनुसार, अभिनेत्री के माता-पिता ने उनकी चोट को लेकर फिल्म निर्माताओं के प्रति अपना गुस्सा व्यक्त किया है।

बॉबी कोली द्वारा निर्देशित, बिना शीर्षक वाली यह फिल्म उद्योग में काफी चर्चा बटोर रही है। नंदमुरी बालकृष्ण और उर्वशी के अलावा, हाई-ऑक्टेन फिल्म में बॉबी देओल भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म निर्माता ने सेट पर अभिनेता का स्वागत करने के लिए उनके साथ एक तस्वीर साझा की। इससे पहले, इंडिया टुडे.इन को एक्सक्लूसिव तौर पर पता चला था कि बॉबी देओल को नंदमुरी बालकृष्ण की एनबीके 109 में खलनायक की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है।

थमन एस को फिल्म के लिए संगीत तैयार करने का काम सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि यह प्रोजेक्ट पवन कल्याण की हरि हर वीरा मल्लू के बाद तेलुगु सिनेमा में बॉबी देओल की दूसरी फिल्म होगी, जिसकी शूटिंग फिलहाल रोक दी गई है क्योंकि अभिनेता लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार में व्यस्त थे।

# कल्कि 2898 एडी की सफलता का जश्न मना रही हैं दीपिका पादुकोण, वीडियो शेयर करके कहा ये मेरे लिए अनमोल है

नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक कल्कि 2898 एडी जून 2024 में रिलीज हुई थी और यह बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर रही है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपने पति रणवीर सिंह के साथ अपनी फिल्म की स्क्रीनिंग में शामिल हुई। उन्होंने भविष्य की फिल्म में अपनी पत्नी के अभिनय को देखने के बाद अपनी प्रतिक्रियाएं साझा कीं, जिसमें वह खुद को गर्भवती महिला की भूमिका में देखती हैं। 9 जुलाई, मंगलवार को दीपिका ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उनके पति की प्रतिक्रियाएं भी दिखाई दे रही हैं। रणवीर हैरान लग रहे हैं और इसे एक अजीब घटना बता रहे हैं, जो फिल्म की कहानी और वास्तविक जीवन से इसके जुड़ाव से गहरा संबंध रखती है। अभिनेता का कहना है कि ऐसा लगता है कि वह एक ऐसी फिल्म देख रहे हैं, जिसमें दीपिका (उनकी पत्नी) रील और वास्तविक जीवन में गर्भवती हैं। रणवीर ने कहा, ऐसा लग रहा है कि क्या हो रहा है। जबकि, अभिनेत्री ने अपनी मिश्रित भावनाओं को व्यक्त किया क्योंकि वह दर्शकों की प्रतिक्रिया देखकर वास्तव में खुश थी। उन्होंने कहा, दर्शकों की प्रतिक्रियाओं को देखने के बाद वह अपनी भावना को व्यक्त करने के लिए शब्दों से बाहर हैं। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में, दर्शक फिल्म कल्कि 2898 एडी में उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे अद्भुत और बहुत अच्छा बताते हुए पूरी तरह से इसकी काल्पनिक दुनिया में डूबे हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रशंसकों में से एक ने फिल्म के अगले सीक्वल का इंतजार करने का भी उल्लेख किया। सिनेमा से बाहर निकलने के बाद, दीपिका ने बाद में विस्तार से पूरी तरह से वर्णित समीक्षा देने का मज़ाक उड़ाया, असली समीक्षा अब घर जाने पर आएगी।





दीपिका ने वीडियो के साथ कैप्शन दिया, आपका हिस्सा क्या था? क्या आपने इसे अभी तक देखा है? रणवीर ने इंस्टाग्राम पर कल्कि 2898 एडी की पूरी टीम की तारीफ की, जिन्होंने इतनी शानदार फिल्म दी है। साथ ही, उन्होंने प्रभास और कमल हासन सहित पूरी स्टार कास्ट की उनके शानदार अभिनय के लिए सराहना की।

कल्कि 2898 एडी भविष्य में सेट की गई एक पौराणिक कथाओं से प्रेरित विज्ञान-फाई असाधारण फिल्म है। इसमें अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण, प्रभास और अन्य सहित कई बेहतरीन स्टार कास्ट हैं। विजय देवरकोंडा, दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर, इन अभिनेताओं ने फिल्म में कैमियो किया है। रणवीर जल्द ही फरहान अख्तर की डॉन 3 में और दीपिका पादुकोण कल्कि 2898 एडी सीक्वल में नजर आएंगी।

# तमन्ना के साथ अपने रिलेशनशिप पर खुलकर बोले विजय वर्मा, कहा मुझे उनके साथ मजा आता है...

अभिनेता विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया ने पिछले जून में अपने रिश्ते की पुष्टि की थी। वर्मा अपने निजी जीवन में लोगों की बेतहाशा दिलचस्पी देखकर हैरान थे। हाल ही में एक साक्षात्कार में, मिर्जापुर 3 अभिनेता ने कहा कि एक साल तक अपने पेशेवर उपलब्धियों के बजाय अपने रिश्ते पर ध्यान देने के बाद, उन्होंने और तमन्ना ने इसे स्वीकार कर लिया है।

तमन्ना के साथ डेटिंग करने पर लोगों की प्रतिक्रिया से वह कितने हैरान थे, इसे याद करते हुए वर्मा ने मैशेबल इंडिया से कहा, शॉक लगा कि इतना लोगों को इसमें दिलचस्पी है (मैं अपने निजी जीवन में लोगों की दिलचस्पी देखकर हैरान था), लेकिन फिर मुझे इसकी आदत हो गई। यह मेरी फिल्म की रिलीज से भी बड़ी खबर है। यह इस बारे में एक बड़ा रहस्योद्घाटन था कि लोग चीजों को कैसे देखते हैं।



हालांकि, नेटफ्लिक्स सीरीज़ लस्ट स्टोरीज़ 2 में स्क्रीन शेयर करने वाले इन दोनों अभिनेताओं को उनके रिश्ते के बारे में सार्वजनिक जांच या ध्यान से कोई परेशानी नहीं हुई है। विजय वर्मा ने कहा, क्योंकि हमारा रिश्ता बहुत मजबूत और प्यारा है, इसलिए अब हम इसका मज़ा लेते हैं। मिर्ज़ापुर 3 में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा प्राप्त कर रहे अभिनेता ने यह भी साझा किया कि कैसे संयोग से 2005 में उनकी और तमन्ना की मुलाकात हुई।

विजय वर्मा ने कहा, मैंने 2005 में हैदराबाद छोड़ दिया और बॉम्बे (अब मुंबई) आ गया, और वह उसी साल बॉम्बे से हैदराबाद आई। वह बॉम्बे की लड़की है जिसने हैदराबाद में खुद को स्थापित किया, और मैं हैदराबाद का लड़का हूँ जिसने बॉम्बे में खुद को स्थापित किया। वह धाराप्रवाह तमिल और तेलुगु बोलती है। इसलिए, मुझे बहुत दिलचस्प लगता है हम दोनों का (मुझे हमारा रिश्ता काफी दिलचस्प लगता है), अभिनेता ने साझा किया। अपने रिश्ते के बारे में अधिक जानकारी देते हुए, विजय वर्मा ने कहा, हमारा रिश्ता लस्ट स्टोरीज़ के बाद शुरू हुआ। पहले, हम सह-अभिनेताओं के रूप में मिले, बहुत ही पेशेवर तरीके से, फिर मैंने उससे पूछा। उन्होंने पहले बताया था कि उन्होंने लस्ट स्टोरीज 2 की रैप-अप पार्टी में तमन्ना को बाहर चलने के लिए कहा था।

जब से उन्होंने अपने रिश्ते को आधिकारिक बनाया है, तब से तमन्ना और विजय की शादी के बारे में अफ़वाहें चल रही हैं। इंडिया टुडे से बातचीत में तमन्ना ने अपने शुरुआती करियर की योजनाओं के बारे में बताया, जिसमें 30 साल की उम्र तक शादी करना और दो बच्चे पैदा करना शामिल था।

उन्होंने कहा मुझे लगता है कि जब आप शादी करना चाहते हैं, तब आपको शादी कर लेनी चाहिए। शादी एक बड़ी ज़िम्मेदारी है। यह कोई पार्टी नहीं है। इसमें बहुत मेहनत लगती है, और इसी तरह एक पौधा, एक कुत्ता या बच्चे पैदा करना भी। इसलिए जब आप ऐसी ज़िम्मेदारी के लिए तैयार होते हैं जो महत्वपूर्ण है, तो आप इसे करते हैं। इसलिए नहीं कि समय या सब कर रहे हैं तो कर लो (हर कोई कर रहा है तो आपको भी करना चाहिए)।

# उन्नाव बस हादसे में बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के एक ही परिवार के छह की मौत, दो की हालत नाजुक

**पहचान**

**मृतकों की पहचान इलियास (35), उसकी पत्नी कमरूनेशा (30), अशफाक (45), उसकी पत्नी मुनचुन खातून (38), इनके दो बच्चे गुलनाज (13) और सोहेल (3) के रूप में हुई है।**



**पूर्वी चंपारण(हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुए बस हादसे में 18 लोगों की मौत हुई है, जिसमें बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के फेनहारा थाना क्षेत्र के एक ही परिवार के छह लोग हैं जबकि दो अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। सभी लोग मेरठ में मजदूरी करते थे और शिवहर से दिल्ली जाने वाली बस में मंगलवार दोपहर सवार हुए थे। मृतकों के परिजनों के मुताबिक, पहले ये लोग ट्रेन से जाने वाले थे लेकिन टिकट कन्फर्म नहीं मिलने के कारण इन लोगों ने बस पकड़ना मुनासिब समझा। बस हादसे की सूचना पर परिजन घटनास्थल की ओर रवाना हो गये हैं। पूरे फेनहारा में शोक व्याप्त है। मृतकों की पहचान इलियास (35), उसकी पत्नी कमरूनेशा (30), अशफाक (45), उसकी पत्नी मुनचुन खातून (38), इनके दो बच्चे गुलनाज (13) और सोहेल (3) के रूप में हुई है। अशफाक के दो बेटे दिलशाद और साहिल इस घटना में घायल हैं। बताया गया कि इलियास और अशफाक दोनों सगे भाई थे। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के उन्नाव में बुधवार सुबह 5:15 बजे डबल डेकर बस और दूध की टैंकर की टक्कर हो गई, जिसमें बस सवार 18 यात्रियों की मौत हो गई जबकि 19 से ज्यादा घायल हैं। मृतकों में 14 पुरुष, 2 महिलाएं और 2 बच्चे हैं। बस बिहार के सीतामढी शिवहर होते हुए वाया सीवान दिल्ली जा रही थी। हादसा लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बांगरमऊ कोतवाली के समीप हुआ है। बताया जा रहा है कि दोनों गाड़ियों में टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के ड्राइवर साइड की बॉडी पूरी तरह से अलग हो गई।

# लोको पायलट की कार्य परिस्थितियों पर रेल मंत्री ने दिया विपक्ष को जवाब



**नई दिल्ली(हि.स.)।** केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने रेलवे में काम कर रहे लोको पायलट की कार्य परिस्थितियों पर हो रही राजनीति पर आज जवाब देते हुए कहा है कि फर्जी खबरों से रेल परिवार को हतोत्साहित करने का प्रयास विफल होगा। पूरा रेल परिवार हमारे देश की सेवा में एकजुट है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट से मुलाकात की थी। आधिकारिक एक्स हैंडल पर लोको पायलटों के साथ बातचीत की वीडियो क्लिप साझा करते हुए उन्होंने आरोप लगाया था कि लोको पायलटों को गर्मी से तपते केबिनों में बैठकर 16-16 घंटे काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित लोको पायलटों को कोई छुट्टी नहीं मिलती है। इससे वे शारीरिक और मानसिक रूप से थके हुए और बीमार रहते हैं। ऐसे में लोको पायलटों से ट्रेन चलवाने का मतलब अपनी और यात्रियों की जान जोखिम में डालना है। इसी पर सोशल मीडिया पर रेल मंत्री ने कहा कि विपक्ष लोको पायलटों को हतोत्साहित करने के लिए बहुत सारी, गलत सूचनाएं और नाटकबाजी कर रह्यह्यहा है। ऐसे में वे स्थिति को स्पष्ट करना चाहते हैं। उन्होंने 2014 के बाद से लोको पायलटों की परिस्थिति सुधारने की दिशा में हुए कार्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोको पाटलटों को औसत इस वर्ष जून माह में 8 घंटे से भी कम काम करना पड़ा है। केवल अत्यावश्यक परिस्थितियों में ही यात्रा की अवधि निर्धारित घंटों से अधिक होती है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में बड़ी भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई और 34 हजार रनिंग स्टाफ की भर्ती की गई है। वर्तमान में 18 हजार रनिंग स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। पायलट लोको कैब से इंजन चलाते हैं। 2014 से पहले कैब की हालत बहुत खराब थी।

# पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट का आदेश: एक सप्ताह में खोला जाए शंभू बॉर्डर

**चंडीगढ़(हिं. स.)।** पंजाब एवं ने हरियाणा हाईकोर्ट ने एक हफ्ते के भीतर शंभू बॉर्डर खोलने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को यह आदेश दिए हैं। इस संबंध में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को कहा कि हरियाणा सरकार एक हफ्ते में रोड क्लियर करे और वहां से बैरिकेड हटाए। हाईकोर्ट ने कहा कि शंभू बॉर्डर पर स्थिति शांतिपूर्ण है। किसानों की मांग केंद्र सरकार से है और इसलिए उन्हें दिल्ली की तरफ जाने की छूट दे देनी चाहिए।सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार ने कहा कि अगर वे शंभू बॉर्डर से बैरिकेड हटा देते हैं तो फिर किसान अंबाला में घुस जाएंगे और एस पी ऑफिस का घेराव करेंगे। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि वर्दी वालों को घबराना नहीं चाहिए। लोकतंत्र में किसानों को हरियाणा में घुसने या घेराव करने से नहीं रोका जा सकता। उल्लेखनीय है कि शंभू बॉर्डर पिछले 5 महीने से बंद चल रहा है और पंजाब के इन किसानों को रोकने के लिए हरियाणा पुलिस ने यहां 7 लेयर की बैरिकेडिंग कर रखी है। सड़क पर दीवारें बनाई गईं। सरकार ने लोकतंत्र को दरकिनार कर यह सड़कें बंद की थी। यह आम




हाईकोर्ट के इस आदेश के बारे में किसान नेता मनजीत राय ने कहा कि हमें अभी आदेश की कॉपी नहीं मिली, लेकिन इस फैसले का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि हम बार-बार पूछ रहे हैं कि किस संविधान और कानून के तहत जनता, किसानों और व्यापारियों की राजधानी जाने की भावनाओं की जीत है। उन्होंने कहा कि हम यहां नहीं बैठना चाहते, हम दिल्ली जाना चाहते हैं। हम इस बारे में मीटिंग कर अगली रणनीति तय करेंगे और अगले संघर्ष का एलान करेंगे।

# महाराष्ट्र के हिंगोली, वाशिम समेत कई जिलों में भूकंप के झटके



**मुंबई (हि.स.)।** महाराष्ट्र के हिंगोली, नांदेड़, परभणि, जालना और वाशिम जिलों में बुधवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.5 मापी गई। ये झटके सुबह 7 से 7.14 बजे के बीच महसूस किए गए। भूकंप के कारण कुछ घरों में दरार पड़ गई है, लेकिन किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

हिंगोली कलेक्टर जीतेंद्र पापलकर ने बताया कि भूकंप से जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि घबराने की कोई बात नहीं है। उन्होंने बताया कि हिंगोली जिले के औंधा नागनाथ, वासमत तहसील के कई गांवों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। मालधामनी गांव में भूकंप के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप से महज 10 सेकेंड तक कंपन महसूस की गई। फिलहाल विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

# प. बंगाल में मतदान के दौरान हिंसा, आयोग को लगातार मिल रही शिकायतें

**कोलकाता (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में बुधवार को चार विधानसभा क्षेत्रों में मतदान जारी है। हालांकि यह शांतिपूर्वक नहीं रह गया है। अलग-अलग इलाकों से हिंसा और चुनाव में गड़बड़ी की कई घटनाएं सामने आई हैं। हिंसा की शिकायतें मुख्य रूप से नदिया जिले के राणाघाट-दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र और उत्तर 24 परगना के बागदा से सामने आई हैं। रायगंज में भी मतदान शांतिपूर्वक नहीं रह गया है। सुबह 11 बजे तक पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय में चुनाव में गड़बड़ी की 26 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 20 अकेले राणाघाट-दक्षिण से हैं। हालांकि, उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज और कोलकाता के मानिकतला के शेष दो निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया कमोबेश शांतिपूर्ण रही।




पहले चार घंटों में इन चार विधानसभा क्षेत्रों में औसत मतदान प्रतिशत 23.45 रहा, जिसमें रायगंज में सबसे अधिक 25.98, रानाघाट-दक्षिण में 23.32, बागदा में 22.63 और मानिकतला में सबसे कम 21.89 रहा। बागदा में भाजपा उम्मीदवार बिनय कुमार विश्वास को निर्वाचन क्षेत्र में एक मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और वापस जाओ के नारे लगाने लगे। विश्वास ने मीडियाकर्मियों से कहा, ÷बूथ-जाम की शिकायतें मिलने के बाद मैं इस बूथ पर गया था। वहां पहुंचने के बाद सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुझे आक्रामक तरीके से घेर लिया और यह स्पष्ट था कि वहां क्या चल रहा था। मैंने पूरे घटनाक्रम के बारे में निर्वाचन अधिकारियों को सूचित कर दिया है। बागदा में फिर से विवाद तब भड़क गया जब तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार मधुपर्णा ठाकुर को एक एसयूवी में घूमते हुए देखा गया, जिस पर वाहन के विंडशील्ड पर %भारत सरकार% का स्टिकर चिपका हुआ था। उनके साथ उनकी मां और तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य ममता बाला ठाकुर भी थीं। हालांकि, जब भाजपा ने इस मामले में सीईओ कार्यालय का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की, तो स्टिकर पर सफेद कागज चिपकाकर उसे ढक दिया गया। इस बीच, भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने राणाघाट-दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र के पूर्णनगर में गोलीबारी की शिकायतों पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। नादिया की जिला पुलिस ने मामले की एसडीपीओ स्तर की जांच शुरू कर दी है।

# कुणाल घोष ने भाजपा उम्मीदवार कल्याण चौबे पर लगाया घूस देने का आरोप

**कोलकाता(हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की चार विधानसभा सीटों पर बुधवार को हो रहे उपचुनाव के बीच मानिकतला विधानसभा से भाजपा



उम्मीदवार कल्याण चौबे का एक ऑडियो वायरल हुआ है। इसमें वह तृणमूल नेता कुणाल घोष को भाजपा में शामिल होने और बड़ा पद देने का ऑफर कर रहे हैं। उपचुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने भाजपा उम्मीदवार कल्याण चौबे का यह ऑडियो खुद ही वायरल किया है। कुणाल ने दावा किया कि कल्याण ने उन्हें फोन कर तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ भितरघात और उनकी मदद के बदले में बड़ा पद देने का प्रस्ताव दिया। इस दावे के समर्थन में कुणाल ने एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी जारी की है। कुणाल घोष का कहना है कि 07 जुलाई की रात 11¬30 बजे कल्याण चौबे ने उन्हें फोन करके कहा कि अगर वे उनकी मदद करेंगे तो उन्हें राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर खेल जगत में बड़ा पद दिलाया जाएगा। कुणाल ने इस बातचीत का ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सार्वजनिक किया, जिसमें कथित तौर पर कल्याण की आवाज है।

## पीएम मोदी के मुद्दा उठाने के बाद रूसी सेना में कार्यरत भारतीयों की होगी स्वदेश वापसी

**मास्को(हि. स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मुद्दा उठाए जाने के बाद रूसी सेना में कार्यरत भारतीय नागरिकों की सुरक्षित स्वेदश वापसी का रास्ता खुलने के साथ ही उनकी भर्ती बंद करने पर मास्को तैयार हो गया है। भारत की मांग पर रूस ने सहमति जताई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अनौपचारिक मुलाकात के दौरान यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि रूसी पक्ष ने सभी भारतीय नागरिकों को रूसी सेना से जल्द सेवामुक्त करने का वादा किया है।उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने उन भारतीय नागरिकों को शीघ्र सेवामुक्त करने का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया, जिन्हें गुमराह करके रूसी सेना में भर्ती कराया गया है।

# नेपाल के युवाओं की भी रूसी सेना से हो रही वापसी, 138 युवा वापसी को तैयार

**काठमांडू (हि.स.)।** रूस की सेना में अवैध रूप से भर्ती किए गए नेपाल के युवाओं की भी स्वदेश वापसी की अनुमति मिल गई है।



मास्को स्थित नेपाली दूतावास के सहयोग से अब तक 138 नेपाली युवाओं की नेपाल वापसी हो रही है। करीब एक दर्जन और नेपाली युवकों ने स्वदेश वापसी के लिए दूतावास में संपर्क किया है। काठमांडू स्थित विदेश मंत्रालय की सचिव सेवा लम्साल ने बुधवार को बताया कि 138 युवाओं का ट्रेवल डॉक्यूमेंट बनाया जा चुका है और उनकी वापसी के लिए विशेष विमान की बात चल रही है। धीरे-धीरे नेपाल वापस होने वाले युवाओं की संख्या बढ रही है। अभी 13 युवाओं ने फिर से नेपाली दूतावास से संपर्क कर नेपाल वापसी की इच्छा जताई है। विदेश सचिव ने यह भी बताया कि रूसी सेना में कार्यरत जो नेपाली युवा वापस होना चाहते हैं उनको रूसी सेना की तरफ से जाने की इजाजत दी जा रही है। रूस-युक्रेन युद्ध के क्रम में गत वर्ष हजारों नेपाली युवाओं को चीनी कंपनी के जरिए विभिन्न देशों में काम दिलाने के बहाने से रूस पहुंचाया गया था जहां कुछ दिनों की ट्रेनिंग के बाद ही उन सबको रूसी सेना में सहायक के रूप में भर्ती कर लिया गया था। यह मामला तब उजागर हुआ जब युद्ध के दौरान कई नेपाली युवाओं की मौत हो गई और सैकड़ों युवाओं को युक्रेन ने अपने यहां युद्ध बंदी बना कर रखा। इधर नेपाल में रूसी सेना में कार्यरत युवाओं के परिवार की तरफ से लगातार नेपाल सरकार पर दबाब डाला जा रहा था। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दो दिवसीय रूस दौरे में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष भारतीय युवाओं के रूसी सेना में अवैध तरीके से भर्ती किए जाने का मुद्दा उठाया था। इस दौरान बातचीत में रूस भारतीय युवाओं की स्वदेश वापसी पर सहमत हो गया था।

# प्रधानमंत्री मोदी वियना में, कहा-भारत-ऑस्ट्रिया के संबंध और प्रगाढ़ होंगे

**वियना(हि.स.)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस की दो दिवसीय यात्रा पूरी कर रात को ऑस्ट्रिया पहुंचे। मोदी का ऑस्ट्रिया की राजधानी में अभूतपूर्व स्वागत किया गया। ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर ने प्रधानमंत्री मोदी के



सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया। इस दौरान दोनों की गले मिलते तस्वीर भी सामने आई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, नई दिल्ली-वियना के संबंध और प्रगाढ़ होंगे। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स हैंडल पर इस यात्रा के कुछ शब्द चित्र साझा किए हैं। चांसलर नेहमर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करना उनके लिए खुशी और सम्मान की बात है। वह राजनीतिक और आर्थिक चर्चा के लिए उत्सुक हैं। नेहमर ने भी एक्स हैंडल पर कुछ शब्द चित्र साझा किए हैं। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा आपसे मिलकर खुशी हुई। भारत-ऑस्ट्रिया की दोस्ती मजबूत है। आने वाले समय में यह और मजबूत होगी। दोनों देश वैश्विक भलाई के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक्स पर कहा है कि भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर। प्रधानमंत्री मोदी की ऑस्ट्रियाई चांसलर कार्ल नेहमर ने निजी बातचीत के लिए मेजबानी की। यह दोनों नेताओं के बीच पहली बैठक है। इसमें द्विपक्षीय साझेदारी की पूरी क्षमता को साकार करने पर चर्चा होगी। जयसवाल ने कहा, दोनों देश इस वर्ष राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। यह महत्वपूर्ण यात्रा भारत-ऑस्ट्रिया संबंधों को नई गति प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को ऑस्ट्रिया गणराज्य के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन से मुलाकात करेंगे और नेहमर के साथ बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री और चांसलर भारत और ऑस्ट्रिया के व्यापारिक नेताओं को भी संबोधित करेंगे। वियना में प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रिया में रह रहे भारत के लोगों से लोगों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। प्रधानमंत्री ने सभी का हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर भी मौजूद रहे। इससे पहले मास्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने क्रेमलिन के सेंट एंड्रयू हॉल में आयोजित एक विशेष समारोह में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्?द्र मोदी को रूस के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से सम्मानित किया। इस पुरस्कार की घोषणा 2019 में की गई थी। इस पुरस्कार स्वीकार करते हुए, प्रधानमंत्री ने इसे भारत के लोगों और भारत व रूस के बीच मित्रता के पारंपरिक बंधन को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्?मान दोनों देशों के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को प्रदर्शित करता है। इस पुरस्कार की शुरुआत 300 साल पहले हुई थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय नेता हैं।

# ईरान के एयरपोर्ट पर विमान में फंसा मैकेनिक, इंजन टेस्ट के दौरान दर्दनाक हादसा

**इंजन**

**विमान 3 जुलाई को सुबह 7 बजकर 15 मिनट पर तेहरान से आया था और टेस्ट के लिए जब दाहिनी ओर का इंजन चालू किया गया तब यात्री उतर गए।**



**नई दिल्ली।** ईरान के चाबहार कोणार्क एयरपोर्ट पर बोइंग विमान के इंजन में एक मैकेनिक फंस गया था। ये घटना 3 जुलाई की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अबोलफजल अमीरी को वरेशएयरलाइन के बह्यह्यह्योइंग 737-500 के इंजन में खींच लिया गया जब वो इंजन संबंधित टूल लेने के लिए विमान के पास गए। इंजन टेस्ट रन पर था। विमान 3 जुलाई को सुबह 7 बजकर 15 मिनट पर तेहरान से आया था और टेस्ट के लिए जब दाहिनी ओर का इंजन चालू किया गया तब यात्री उतर गए। कवर फ्लैप खुले थे और इंजन के चारों ओर एक सुरक्षा क्षेत्र स्थापित किया गया था। तब मैकेनिक को एहसास हुआ कि वह इंजन पर एक टूल भूल गया है और इंजन में आग लगने से पहले ही वह टूल लेने के लिए विमान के पास गया तब वो टर्बाइन के अंदर समा गया। इस दौरान उसकी मौत हो गई। फायर ब्रिगेड को घटनास्थल पर पहुंचने के बाद उनके अवशेष बरामद होने की सूचना मिली है। मालूम हो कि 3 जुलाई की सुबह, वरेश एयरलाइंस के विशेषज्ञों में से एक, दुर्घटना स्थल पर हवाई दुर्घटना विशेषज्ञों की तरफ से जांच और विश्लेषण की आवश्यकता वाले कारणों के लिए पायलट के पावर-अप के दौरान , अचानक खुद को इंजन इनटेक के एयर सक्शन पथ में चला गया और बोइंग 737 पर स्थापित सीएफएम56-3 टर्बोप्रॉप इंजन में खींच लिया गया। बता दें कि किसी शख्स के विमान के इंजन में फंसने की यह पहली घटना नहीं है। मई में, एम्स्टर्डम के मुख्य हवाई अड्डे पर केएलएम सिटीहॉपर एम्ब्रेयर श्व190 के इंजन में फंस जाने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। यह घटना कई यात्रियों के सामने घटी, जब एक व्यक्ति इंजन की चपेट में आ गया था। आज शिफोल में एक भयानक घटना हुई जिसमें एक व्यक्ति चलते विमान के इंजन में फंस गया।

## नाटो करेगा यूक्रेन की मदद, सैनिकों को ट्रेनिंग देने के लिए जर्मनी में सेटअप करेगा नया कमांड

**वाशिंगटन।** अमेरिका में आयोजित उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन में यूक्रेन को मजबूती देने पर बात हुई। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि NATO यूक्रेन की राजधानी कीव में एक वरिष्ठ प्रतिनिधि नियुक्त करेगा और यूक्रेनी सैनिकों को ट्रेनिंग देने के लिए जर्मनी में एक नई सैन्य कमान की भी घोषणा करेगा। वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन रक्षा उद्योग फोरम में बोलते हुए, सुलिवन ने कहा कि ट्रान्साटलांटिक गठबंधन अपने इंडो-पैसिफिक साझेदारों-ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड और दक्षिण कोरिया के साथ इंडो-पैसिफिक में अपने साझेदारों के साथ चार नई संयुक्त परियोजनाएं शुरू करेगा। सुलिवन ने कहा कि चल रहे शिखर सम्मेलन के दौरान, नाटो जर्मनी में एक नई सैन्य कमान की घोषणा करेगा।

# सऊदी में सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करता था शिक्षक, मिली 20 साल की सजा

**दुबई।** सऊदी अरब में एक शिक्षक को सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने के लिए 20 साल की सजा सुनाई गई है। ह्यूमन राइट्स वॉच ने ये जानकारी दी है।



॥ऋ्ङ्ख के अनुसार, शिक्षक का नाम असद अल-गामदी और उम्र 47 साल बताई जा रही है। उन्हें नवंबर 2022 में सऊदी शहर जेद्दा में उनके घर पर रात में छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया था। न्यूयॉर्क स्थित अधिकार ग्रुप ने बताया है कि उन्हें 29 मई को सऊदी अरब के विशेष आपराधिक न्यायालय की तरफ से दोषी ठहराया गया था। इस अदालत को 2008 में आतंकवाद के आरोपियों पर मुकदमा चलाने के लिए स्थापित किया गया था। एचआरडब्ल्यू ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया ,उन्हें शांतिपूर्ण सोशल मीडिया गतिविधि से संबंधित आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर एक और कार्रवाई है। बता दें कि अदालती दस्तावेजों से पता चला कि असद पर राजा और क्राउन प्रिंस के कामों को चुनौती देने और झूठे, दुर्भावनापूर्ण खबरें फैलाने का आरोप लगाया गया था। ॥ऋ्ङ्ख ने ये जानकारी साझा की है। एचआरडब्ल्यू के मुताबिक, उनके खिलाफ सबूत के तौर पर इस्तेमाल किए गए पोस्ट में विजन 2030 सुधार एजेंडे से संबंधित प्रोजेक्ट की आलोचना की गई। एक पोस्ट में प्रमुख सऊदी मानवाधिकार नेता अब्दुल्ला अल-हमीद पर शोक व्यक्त किया गया, जिनकी सक्रियता से संबंधित आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद जेल में मृत्यु हो गई थी।

तता दें कि गामदी से पहले उनके भाई मोहम्मद पर भी इस तरह के आरोप लग चुके हैं। गामदी ने सोशल मीडिया पर कथित भ्रष्टाचार और मानवाधिकारों के हनन की निंदा की थी। मोहम्मद को उसकी सोशल मीडिया गतिविधि के आधार पर पिछले साल मौत की सजा सुनाई गई थी।

# पीएम गतिशक्ति के तहत एनपीजी ने पांच प्रमुख परियोजनाओं का किया मूल्यांकन

**नई दिल्ली।** पीएम गतिशक्ति के तहत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) की यहां आयोजित 74वीं बैठक में पांच प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया। इस बैठक में एनपीजी ने सड़क, रेल और शहरी परिवहन परियोजनाओं का मूल्यांकन किया।

वाणिज?य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि पीएम गतिशक्ति के तहत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप की 74वीं बैठक मंगलवार को नई दिल्ली में उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के अतिरिक्त सचिव राजीव सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में रेल मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की पांच महत्?वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के मूल्यांकन पर ध्यान केंद्रित किया गया। इन परियोजनाओं का मूल्यांकन पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान में उल्लिखित एकीकृत योजना के सिद्धांतों के साथ उनके संरेखण के लिए किया गया है।

मंत्रालय के मुता?बिक इनमें पहला परियोजना ओडिशा में बलराम-तेनतुलोई नई रेलवे लाइन (एमसीआरएल चरण ढ्ढ्ढ) है। इस ग्रीनफील्ड परियोजना में 11 कोयला ब्लॉकों के लिए महत्वपूर्ण फर्स्ट-माइल रेल संपर्क प्रदान करने के लिए अंगुल जिले में 1,404 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 49.58 किलोमीटर रेल लाइन का निर्माण कार्य शामिल है। दूसरा ओडिशा में बुधपंक-लुबुरी नई रेलवे लाइन (एमसीआरएल आउटर कॉरिडोर) है। यह 106 किलोमीटर तक फैली यह ग्रीनफील्ड रेल लाइन, जिसकी अनुमानित परियोजना लागत 3,478 करोड़ रुपये है, महानदी नदी बेसिन से कुशल कोयला निकासी में सहायता करेगी।

तीसरी प्रमुख परियोजना उत्तर प्रदेश में लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना चरण ढ्ढ-क्क पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर (चारबाग से वसंत कुंज) है। इस परियोजना पर 5,801 करोड़ रुपये खर्च होने की उम्मीद है और इसका उद्देश्य एक एकीकृत नेटवर्क के माध्यम से भीड़भाड़, वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करना और सार्वजनिक परिवहन की पहुंच को बढ़ाना है। इसके बाद गुजरात में एनएच-47 (नारोल जंक्शन से सरखेज जंक्शन) के एलिवेटेड कॉरिडोर सहित मौजूदा 6 लेन वाली सड़क का उन्नयन परियोजना है। इस ब्राउनफील्ड परियोजना की अनुमानित लागत 1,295 करोड़ रुपये है।

इसके अलावा महाराष्ट्र में चोकक से सांगली (अंकाली) तक एनएच-166 के खंड को 4-लेन किया जाना है। इस परियोजना में एनएच-166 के 33.6 किलोमीटर लंबे हिस्से को चार-लेन किया जाना शामिल है, जिसकी अनुमानित लागत 864 करोड़ रुपये है। नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप ने पीएम गतिशक्ति के सिद्धांतों के परिप्रेक्ष्य में सभी परियोजनाओं का मूल्यांकन किया है।

# जैविक उत्पादों के लिए भारत-ताइवान के बीच पारस्परिक मान्यता समझौता लागू

**नई दिल्ली।** भारत और ताइवान के बीच जैविक उत्पादों के व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए लिए पारस्परिक मान्यता समझौता (एमआरए) लागू हो गया है। ये समझौता नई दिल्ली में आयोजित व्यापार संबंधी 9वें कार्य समूह की बैठक के दौरान 8 जुलाई, 2024 से लागू किया गया है।



वाणिज?य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि भारत और ताइवान के बीच एमआरए का कार्यान्वयन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह जैविक उत्पादों के लिए पहला द्विपक्षीय समझौता है। एमआरए के लिए कार्यान्वयन एजेंसियां भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण और ताइवान के कृषि मंत्रालय के तहत कृषि एवं खाद्य एजेंसी हैं।

इस समझौते के आधार पर राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अनुरूप जैविक रूप से उत्पादित कृषि उत्पादों को एनपीओपी के तहत एक मान्यता प्राप्त प्रमाणन निकाय द्वारा जारी जैविक प्रदर्शन दस्तावेज (लेन-देन प्रमाण पत्र, आदि) के साथ ताइवान में ÷इंडिया ऑर्गेनिक÷ लोगों के प्रदर्शन सहित बिक्री की अनुमति है। इसी तरह जैविक कृषि संवर्धन अधिनियम के अनुरूप जैविक रूप से उत्पादित और संभाले गए कृषि उत्पादों को ताइवानी विनियमन के तहत एक मान्यता प्राप्त प्रमाणन निकाय द्वारा जारी किए गए जैविक प्रदर्शन दस्तावेज़ (लेन-देन प्रमाण-पत्र आदि) के साथ भारत में ÷ताइवान ऑर्गेनिक÷ लोगो के प्रदर्शन सहित बिक्री की अनुमति है।

मंत्रालय ने कहा कि पापस्परिक मान्यता से दोहरे प्रमाणपत्रों से बचकर जैविक उत्पादों के निर्यात में आसानी होगी। ऐसा करने से अनुपालन लागत कम होगी, सिर्फ एक विनियमन का पालन करके अनुपालन आवश्यकता सरल हो जाएगी और जैविक क्षेत्र में व्यापार के अवसर बढ़ जाएंगे। एमआरए प्रमुख भारतीय जैविक उत्पादों, जैसे चावल, प्रसंस्कृत खाद्य, हरी/काली और हर्बल चाय, औषधीय पौधों के उत्पादों आदि का ताइवान में निर्यात का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## खिलौना उद्योग कारीगरों की मदद करें: जितिन प्रसाद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिर्ज्य एवं उद्योग राज्र्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि घरेलू खिलौना उद्योग को कारीगरों की मदद करने और सृजन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए सहयोग को बढ़ाना चाहिए।

वाणिर्ज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि जितिन प्रसाद ने यहां उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) और इन्वेस्ट इंडिया के सहयोग से खिलौना कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रसाद ने 8 जुलाई को खिलौना कंपनियों के सीईओ की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उद्योग को क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सहयोग बढ़ाना चाहिए।

मंत्री ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास÷ के विजन पर प्रकाश डाला।

# लुईस ड्रेफस कंपनी ने भारत में विभोर एडिबल ऑयल रिलॉन्च किया

**गुरुग्राम।** कृषि सामग्रियों के लिए विश्व की अग्रणी मर्चैंट एवं प्रोसेसर, लुईस डेफ्रस कंपनी (एलडीसी) ने भारत में अपना एडिबल ऑयल, विभोर रिलॉन्च किया है। यह रिलॉन्च वैल्यू चेन में अपनी पहुँच का विस्तार करने की एलडीसी की विस्तृत रणनीति के अनुरूप किया गया है।



भारत में 25 सालों से मौजूद एलडीसी ने अपनी विशेषज्ञता और स्थानीय बाजार की समझ के साथ विभोर ब्रांड को फिर से पेश किया है। इसका उद्देश्य भारत में तेजी से बढ़ते एडिबल ऑयल बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत करना है क्योंकि यह बाजार 2024 में 34.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने और 2024 से 2029 तक प्रतिवर्ष 4.94त्न की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

भारत के लिए एलडीसी के कंट्री सीईओ, श्री सुमित मित्तल ने कहा, ''भारत एलडीसी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। हमारा रिफ्रेश्ड विभोर ब्रांड स्वास्थ्य के प्रति सतर्क भारतीय ग्राहकों की विकसित होती हुई जरूरतों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करता है।'' उन्होंने कहा, ''यह रिलॉन्च वैल्यू चेन में विस्तार करने की हमारी रणनीति में मदद करेगा और वैल्यू-एडेड उत्पादों के साथ हमारी पेशकशों में विविधता लाएगा, जिससे दुनिया की इस सबसे गतिशील अर्थव्यवस्था में लोगों की आहार की विकसित होती जरूरतें पूरी हो सकेंगी।''

इस नई उत्पाद श्रृंखला में विभोर रिफाईंड सोयाबीन तेल, पामोलीन तेल, कॉटनसीड तेल, सरसों का तेल और प्रीमियम वनस्पति शामिल हैं, जिनमें आवश्यक विटामिन ए और डी की पर्याप्त मात्रा मिलती है, जिससे स्वाद के साथ स्वस्थ व पोषणयुक्त आहार की जरूरत भी पूरी होती है।

एलडीसी द्वारा इस उत्पाद के लिए शुरू में उत्तर भारत पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसके बाद 2026 तक पूरे भारत में विभोर ब्रांड का विस्तार किया जाएगा। ग्रामीण और शहरी आबादी, दोनों के लिए पारंपरिक शॉपर से लेकर डिजिटल जागरुक उपभोक्ताओं तक बाजार की गहरी समझ और एलडीसी की वैश्विक सप्लाई चेन के साथ रिटेल आउटलेट्स, सुपरमार्केट्स एवं ऑनलाईन चैनलों के विस्तृत नेटवर्क से इस विस्तार में मदद मिलेगी।

एलडीसी ने भारत में विभोर एडिबल तेल ब्रांड के लिए रुपाली गांगुली को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। विभोर का रिलॉन्च 10 जुलाई को आयोजित एक कार्यक्रम में ब्रांड की टैगलाईन, 'मेरा विश्वास विभोर के साथ' के साथ किया गया। इस टैगलाईन से विश्वसनीयता और गुणवत्ता की ब्रांड की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। व्यापारिक साझेदारों के साथ एक एक्सक्लुसिव डिनर के अवसर पर ब्रांड एम्बेसडर, रुपाली गांगुली ने कहा, ''मैं विभोर ब्रांड को एन्डॉर्स करके बहुत उत्साहित हूँ। यह ब्रांड परिवार के लिए पोषणयुक्त आहार को महत्व देता है। मैं जब भी खाना बनाती हूँ, तब खाने के तेल एवं अन्य सामग्रियों को विशेष महत्व देती हूँ। मुझे विश्वास है कि विभोर भारतीय रसोईयों का स्वाद बढ़ाएगा।''

विस्तृत जनसमूह के लिए प्रतिस्पर्धी मूल्यों के साथ एलडीसी का उद्देश्य विभोर को भारत के एक अग्रणी कुकिंग ऑयल के रूप में स्थापित करना है, जिससे भारत के प्रति कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता और भारत के खाद्य एवं कृषि क्षेत्र में मुख्य साझेदार के रूप में इसकी भूमिका प्रदर्शित होती है।

लुईस डेफ्रस कंपनी के बारे में

लुईस डेफ्रस कंपनी कृषि सामग्रियों की अग्रणी मर्चैंट एवं प्रोसेसर है। इसका गठन सन 1851 में किया गया था। हम अपनी वैश्विक पहुँच और विस्तृत एस्सेट नेटवर्क की मदद से पूरे विश्व में अपने ग्राहकों को सेवाएं देते हैं। हम उन्हें सही स्थान और सही समय पर सुरक्षित, विश्वसनीय और जिम्मेदार तरीके से सही उत्पाद पहुँचाते हैं। हमारी गतिविधियाँ पूरी वैल्यू चेन में खेत से घर तक, और विस्तृत व्यापारिक मंचों, जैसे कार्बन सॉल्यूशंस, कॉफी, कॉटन, फूड एवं फीड सॉल्यूशंस, फ्रेट, ग्लोबल मार्केट्स, ग्रेन एवं ऑयलसीड्स, जूस, राईस एवं शुगर तक फैली हैं। हम लगभग 80 मिलियन टन उत्पादों का उत्पादन, प्रोसेसिंग, और परिवहन करके हर साल लगभग 500 मिलियन लोगों को आहार एवं वस्त्र प्रदान करते हैं।

# ज़िंदगी के 'दिल लगी', 'प्यारे अफज़ल', 'प्यार के सदके' जैसे शोज़ के साथ मानसून का मजा लीजिये!

खासतौर से जुलाई महीने के लिए बनाए गए जिंदगी की 'बेस्ट ऑफ रोमांस' थीम के साथ मानसून का आनंद उठाएं। प्यार और ड्रामे से भरी यह थीम आपके इस सफर को बेहद खुशनुमा बनाने वाली है। 6 जुलाई शाम 6 बजे से शुरू हुये 'दिल लगी' का प्रीमियर देखें। सिंध के सुदूर प्रांत सुकुर की तंग गलियों से निकली इस प्रेम कहानी में हुमायूं सईद और मेहविश हयात ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं।



आयेज़ा खान और हमजा अब्बासी के अभिनय से सजा शो देखें, 14 जुलाई, शाम 7-30 बजे। इस शो में फराह के प्रति अफज़ल की दीवानगी उसे प्यार और तरक्की के एक अलग ही मुकाम पर लेकर जाती है। इसके बाद 16 जुलाई, शाम 6 बजे से 'प्यार के सदके' का प्रसारण हो रहा है। इसमें बिलाल अब्बास और युमना जैदी, अब्दुल्ला और महजबीन के किरदार में हैं। इन दोनों को ही प्यार की मंजिल तक पहुंचने के लिए काफी सारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

सिनेमा के दीवाने 'बेहद' फिल्म देखना ना भूलें। ये फिल्म फवाद खान, सजल अली और अदनान सिद्दीकी जैसे बेहतरीन कलाकारों से सजी है और इसका प्रीमियर 14 जुलाई सुबह 11 बजे हो रहा है। ये प्यार और परिवार के ताने-बाने की दिल छू लेने वाली कहानी है। शोज़ की इन कड़ियों में 7 जुलाई, दोपहर 12-2 के बीच शामिल हो रहा है 'शहर ए जात'। इसमें अभिनय कर रहीं माहिरा खान एक बेहद अमीर परिवार की इकलौती बेटी की भूमिका में हैं। इसकी कहानी अपने सपनों के राजकुमार को गढ़ने से लेकर अपनी जिंदगी बसर करने तक के इर्द-गिर्द घूमती है।

वहीं, 13 जुलाई को रात 9 बजे लॉन्च हो रहा है माया अली, एहसान खान और सोहाई अली अब्रू अभिनीत 'खोया-खोया चांद'। इसमें व्यक्तिगत चुनौतियों और पारिवारिक ताने-बाने के बीच प्यार और किस्मत की कहानी दिखाई गई है।

# टाटा ट्रस्टस् ने महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की जांच को बढ़ावा देने के लिए समाज में जागरुकता फैलाने वाली फिल्म लॉन्च की



**मुंबई।** भारत में ब्रेस्ट कैंसर का बोझ तेजी से चिंता का विषय बनता जा रहा है। कैंसर की जांच कराने वाली महिलाओं में से एक महिला को हर चार मिनट में कैंसर का पता चलता है। कैंसर की जल्दी जांच कराना और समय से इसका इलाज कराना इसके बढ़ते मामलों को रोकने का प्रभावी तरीका है। स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने से लोगों में कैंसर के नाम से डर को ज्ञान में बदला जा सकता है। इससे महिलाओं को सक्रिय रूप से अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए सशक्त बनाया जा सकता है।

टाटा मेमोरियल अस्पताल में सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉक्टर शलाका जोशी ने कहा, ÷ब्रेस्ट कैंसर 30[1] में से 1 महिला को होता है। पिछले 25 सालों से ब्रेस्ट कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। मरीजों का प्रभावी इलाज करने के लिए कैंसर की जल्दी जांच जरूरी है। कैंसर का जल्दी पता लगने से मरीजों को ठीक करने में 90 फीसदी से ज्यादा मामलों में सफलता मिली है। बदकिस्मती से हमारे देश की 60 फीसदी[2] से ज्यादा महिलाओं को कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों और संकेतों की जानकारी न होने, जांच की सुविधाएं न होने, अपने स्वास्थ्य पर ध्यान न देने और इलाज के डर से कैंसर का एडवांस स्टेज में पता चलता है। कैंसर का जल्दी पता लगने से गहन और जटिल इलाज की जरूरत नहीं पड़ती और मरीज एक बेहतर जिंदगी बिता सकता है। मेरे अनुभव की बात करें तो कई महिलाएं अपने स्तनों पर गांठों को नजरअंदाज करती है, पर यह समझना बहुत जरूरी है कि जिन गांठों में दर्द नहीं होता, उनसे भी खतरा हो सकता है। युवा महिलाओं को भी ब्रेस्ट कैंसर हो सकता हैं। उन्हें इस बारे में सतर्क रहना चाहिए। हमारा अभियान अज्ञानता को दूर करना और महिलाओं को ब्रेस्ट की देखभाल के लिए जागरूक करना है। ब्रेस्ट कैंसर होने पर उन्हें जल्द से जल्द इसका इलाज शुरू कराना चाहिए। महिलाओं को इस ज्ञान से लैस कर मजबूत बनाने से इस रोग के बोझ में महत्वपूर्ण ढंग से कमी लाई जा सकती है।''

टाटा ट्रस्टस् 1940 से कैंसर के मरीजों की देखभाल के लिए अग्रणी मोर्चे पर काम कर रहा है। यहां के डॉक्टर ने कैंसर के बारे में उपयोगी रिसर्च कर और इलाज के नए-नए तरीकों से रोगियों के इलाज के लिए नई राह दिखाई है और एक कॉम्प्रीहेंसिव कैंसर केयर प्रोग्राम बनाया है। इस ट्रस्ट ने राज्य सरकार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के साथ साझेदारी में मरीजों की जांच के लिए कई कियोस्क और डायग्नोस्टिक यूनिट्स स्थापित की हैं। इससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि मरीजों को कैंसर की जांच और इलाज की गुणवत्तापूर्ण और किफायती सुविधाएं मिलें और यह पूरी तरह ब्रेस्ट कैंसर की जांच के कार्यक्रमों को सपोर्ट करे। इसके साथ ही आधारभूत ढांचे को मजबूत करना और मरीजों की पहुंच में बेहतर देखभाल की सुविधाओं को बढ़ावा देना जरूरी है। इससे भारत के सभी राज्यों की महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिल रहा है।

इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए टाटा ट्रस्टस् ने एक अनोखा अभियान ÷गांठ पे ध्यान÷ (÷फोकस ऑन द लंप÷) शुरू किया है। इस अभियान के लिए अपने परिवार की प्यार से देखभाल करने और अपनेपन से परिवार के लिए खाना पकाने के जज्बे से प्रेरणा ली गई है। इस अभियान का उद्देश्य यह है कि महिलाएं जिस लगन और उत्साह से अपने परिवार की देखभाल करती है, उनके लिए खाना बनाती हैं, उसी तरह वह अपनी सेहत पर भी ध्यान दें और स्तन पर किसी भी तरह की गांठ (लंप) के लक्षण दिखाई देते ही वह अपने स्तनों की नियमित रूप से जांच करायें।

# सर्राफा बाजार में गिरावट से सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी फीकी पड़ी चमक

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है। सोना के भाव में आज 350 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमी आई है। चांदी भी आज 700 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हुई है। सोने के भाव में गिरावट के कारण सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 73,840 रुपये से लेकर 73,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67,690 रुपये से लेकर 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी में भी गिरावट आने के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 94,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।


देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,190 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,840 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,140 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 73,190 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है जबकि 22 कैरेट सोना 67,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# सैमसंग ने नये फोल्डेबल फोन गैलेक्सी Z फोल्ड6 और Z फ्लिप6 को लॉन्च किया

## गैलेक्सी एआई को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया




**पेरिस।** सैमसंग ने आज पेरिस में गैलेक्सी अनपैक्ड कार्यक्रम में गैलेक्सी बड्स3 और गैलेक्सी बड्स3 प्रो के साथ अपने बिल्कुल नए गैलेक्सी Z फोल्ड6 और गैलेक्सी Z फ्लिप6 को लॉन्च किया है। नई गैलेक्सी Z सीरीज की शुरुआत के साथ, सैमसंग गैलेक्सी एआई के नए अध्याय को सामने ला रहा है। इसके लिए उपभोक्ताओं को शानदार अनुभव देने के लिए डिजाइन किए गए सबसे बेहतरीन और मजबूत फॉर्म फैक्टर का लाभ उठाया जाएगा। गैलेक्सी एआई कम्युनिकेशन, प्रॉडक्टिविटी और क्रिएटिविटी के एक नए युग को गति देने के लिए मजबूत, इंटेलिजेंट और टिकाऊ फोल्डेबल अनुभव को साथ लाता है।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में मोबाइल एक्सपीरिएंस बिजनेस के प्रेसिडेंट और हेड टीएम रो ने कहा, इनोवेशन के लंबे इतिहास ने सैमसंग को मोबाइल क्षेत्र में नेतृत्व करने, फोल्डेबल फॉर्म फैक्टर बनाने और मोबाइल एआई युग की शुरुआत करने में सक्षम बनाया है। अब, हम इन दो टेक्नोलॉजीज को एक साथ लाने और दुनिया भर के यूजर्स के लिए नई संभावनाओं का दरवाजा खोलने जा रहे हैं। हमारे फोल्डेबल्स प्रॉडक्ट्स प्रत्येक यूजर्स की उसकी अनूठी जरूरतों को पूरा करते हैं और अब यह गैलेक्सी एआई की शक्ति के साथ अनूठा अनुभव देने जा रहा है।

गैलेक्सी ँ फोल्ड6 और Z फिलप5 अब तक की सबसे स्लिम और सबसे हल्की गैलेक्सी Z सीरीज हैं, जिसे पोर्टेबिलिटी के लिहाज से तैयार किया गया है। सीधे एज के साथ पूरी तरह से सिमिट्रिकल डिजाइन सुंदर स्लीक फिनिश प्रदान करता है, जबकि गैलेक्सी Z फोल्ड 6 पर एक नया कवर स्क्रीन रेशियो ज्यादा बेहतर नैचुरल बार टाइप व्यू अनुभव देता है। आपके मानसिक सुकून के लिए, लेटेस्ट गैलेक्सी जेड सीरीज़ बेहतर आर्मर एल्युमीनियम और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 के साथ आती है, जो इसे अब तक की सबसे टिकाऊ गैलेक्सी ँ सीरीज़ बनाती है।


गैलेक्सी ँ फोल्ड6 और फ्लिप6 दोनों ही गैलेक्सी के लिए स्नैपड्रैगन 8 Gen 3 मोबाइल प्लेटफॉर्म से लैस हैं, जो अभी तक का सबसे एडवांस्ड स्नैपड्रैगन मोबाइल प्रोसेसर है, जिसमें अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सीपीयू, जीपीयू और एनपीयू परफॉर्मेंस को साथ लाया गया है।

गैलेक्सी Zफोल्ड6 नोट असिस्ट, पीडीएफ ओवरले ट्रांसलेशन, कंपोजर, स्केच टू इमेज और इंटरप्रेटर जैसे एआई-समर्थित फीचर्स और टूल्स की सीरीज मुहैया कराता है, और बड़ी स्क्रीन का लाभ उठाते हुए उत्पादकता में बढ़ोतरी करता है।

गैलेक्सी Zफोल्ड6 अपग्रेडेड गेमिंग अनुभव प्रदान करता है, इसमें शक्तिशाली चिपसेट और 1.6× बड़े वेपर चैंबर है जो लंबे समय तक गेम खेलने की क्षमता के साथ-साथ परफॉर्मेंस को बनाए रखता है।

# व्हाट्सऐप ने यूजर्स को सुरक्षित रखने के लिये ग्रुप मैसेजिंग में कंटेक्स्ट कार्ड की पेशकश की

**नई दिल्ली।** व्हाट्सऐप एक नया फीचर लेकर आ रहा है, जिससे यूजर्स को ग्रुप मैसेजिंग में सुरक्षित रहने में मदद मिलेगी।




अगर आपको किसी अनजान व्यक्ति ने एक ग्रुप में जोड़ा है, तो अब आपको उस ग्रुप के बारे में ज्यादा जानकारी देने वाला एक कंटेक्स्ट कार्ड नजर आएगा। इस कार्ड से आपको पता चलेगा कि आपको ग्रुप में किसने जोड़ा, वह ग्रुप कब बना और उसे किसने बनाया। फिर आप फैसला कर सकते हैं कि आपको ग्रुप में रहना है या नहीं। आप व्हाट्सऐप पर सुरक्षित रहने के लिये उपलब्ध कुछ सेफ्टी टूल्स को रिव्यू भी कर सकते हैं।

यह खासकर तब मदद करता है, जब आप किसी व्यक्ति या लोगों के एक समूह से हाल ही में जुड़ेहों, लेकिन आपने उन्हें अपने कॉन्टैक्ट में सेव नहीं किया है। या इससे पुष्टि होती है कि आप उस ग्रुप को जानते हैं या नहीं अथवा उसमें रहना चाहते हैं या नहीं।

यह अपडेट व्हाट्सऐप यूजर्स को सुरक्षा की एक और परत प्रदान करता है। इसे मौजूदा फीचर्स, जैसे कि अनजाने कॉलर्स को म्यूट करना , चैट लॉक ,इन-ऐप प्राइवेसी चेक-अप और यह तय करना कि कौन आपको ग्रुप्स में ऐड कर सकता है के आधार पर बनाया गया है। यह 1-1 मैसेजिंग के मौजूदा अनुभव के समान है, जिसमें यदि कोई अनजान व्यक्तिआपको मैसेज करता है तो आपको ज्यादा कंटेक्स्ट दिए जाते हैं।

यह फीचर यूजर्स को मिलने भी लगा है और आने वाले हफ्तों में सारे यूजर्स के लिये उपलब्ध होगा।

# मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी85 5जी स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** भारत के सर्वश्रेष्ठ 5त्न स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने आज मोटो जी85 5जी स्मार्टफोन के लॉन्च की घोषणा की। यह मोटो जी सीरीज का पहला स्मार्टफोन है, जिसमें सबसे बेहतरीन थ्री कर्व्ड, एंडलेस एज डिस्प्ले लगाया गया है। मोटो जी85 5जी स्मार्टफोन को इस सेगमेंट में पहली बार कई उम्दा और बेहतरीन फीचर्स के साथ पेश किया गया है, जिनमें सेगमेंट के सर्वश्रेष्ठ थ्री डी कर्व्ड 120 हर्टज पोलेड डिस्प्ले के साथ गोरिल्ला ग्लास 5 प्रोटेक्शन और 1600 एन आई टी एस का ब्राइटनेस शामिल है। लोगों को हैरत में डाल देने वाले सोनी लाईटिया 600 सेंसर के साथ सेगमेंट के सबसे शानदार शेक फ्री 50एमपी ओआईएस कैमरे के साथ आने वाले इस स्मार्टफोन का डिजाइन काफी स्लीक, लाइटवेट और सुपर-प्रीमियम है, जिसे पैनटोन क्यूरेटेड कलर्स के अलावा बेहतरीन सॉफ्टवेयर अनुभव के लिए स्मार्ट कनेक्ट के साथ बाजार में उतारा गया है। इसके साथ ही, मोटो जी85 5जी स्मार्टफोन में इस सेगमेंट का सबसे बेहतरीन 12जीबी रैम प्लस 256जीबी स्टोरेज है और यह 13 5जी बैंड्स के साथ जबरदस्त 5जी परफॉरमेंस, वीओएनआर और इसी तरह के ढेर सारे फीचर्स को सपोर्ट करता है।

मोटो जी85 5जी का 6.7 इंच का इमर्सिव पोलेड एंडलेस एज डिस्प्ले छोटी-से-छोटी बारीकियों को भी जीवंत बना देता है, जो अनगिनत कंट्रास्ट और सिनेमैटिक कलर के साथ एक सिरे से दूसरे सिरे तक लगातार देखने का बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है। यह डिस्प्ले इस सेगमेंट के सर्वश्रेष्ठ गोरिल्ला ग्लास 5 प्रोटेक्शन के साथ आता है, जो अपने 10-बिट डेप्थ तथा डीसीआई-पी3 कलर गैमट के साथ फिल्म की तरह शानदार क्वालिटी कलर के एक बिलियन से अधिक शेड्स की पेशकश करता है। इसका एफ एच डी प्लस रिज़ॉल्यूशन किसी पिक्सेलेशन के बिना बेहतरीन ढंग से शार्प और बारीकियों को कैद करने वाली तस्वीरें प्रदान करता है। इसके



अलावा, इसके सुपर-स्मूथ 120 हर्टज रिफ्रेश रेट की वजह से अलग-अलग ऐप्स के बीच स्विच करना, गेम्स खेलना और वेबसाइट स्क्रॉल करना बेहद आसान और सुविधाजनक हो जाता है। मोटो जी85 5जी का डिस्प्ले देखने के आरामदायक अनुभव के लिए एसजीएस आई प्रोटेक्शन और 1600 एन आई टी एस की पीक ब्राइटनेस के साथ आता है, तथा इसमें ऑन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट प्रोटेक्शन भी मौजूद है।

लॉन्च के मौके पर टी.एम. नरसिम्हन, मैनेजिंग डायरेक्टर, मोबाइल बिजनेस ग्रुप- इंडिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ÷यह लॉन्च सही मायने में इस इंडस्ट्री के सबसे बेहतरीन इनोवेशन को ग्राहकों के लिए सबसे किफायती मूल्य पर उपलब्ध कराने के हमारे अटल इरादे को दर्शाता है, जो टेक्नोलॉजी को सभी के लिए सुलभ बनाने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप है।

मोटो जी85 5त्न में हमारी लोकप्रिय एज सीरीज के कई बेमिसाल फीचर्स को बेहद कम कीमतों पर उपलब्ध कराया गया है। सच कहा जाए, तो यह प्रोडक्ट भारतीय स्मार्टफोन बाजार में मौजूद दूसरे प्रोडक्ट्स से कहीं बेहतर है, जो लोगों को स्मार्टफोन के बेजोड़ अनुभव के साथ-साथ कनेक्टिविटी का शानदार तरीके से उपयोग करने में सक्षम बनाता है।

# नियुक्ति पत्र पाकर खिले लेखपालों के चेहरे, सीएम को बोले धन्यवाद

अवधनामा ब्यूरो




**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा अयोजित लेखपाल चयन परीक्षा-2022 के आधार पर लेखपाल पद पर चयनित एवं संस्तुत लेखपालों को बुधवार को लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ के द्वारा नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया, जिसका सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में कुशीनगर में जनप्रतिनिधिगणों तथा जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की उपस्थिति में दिखाया गया।

- **जिले में कुल 96 लेखपालों को मिले नियुक्ति पत्र, लखनऊ से दिखाया गया सीधा प्रसारण**

इस अवसर पर विधायक कसया पी एन पाठक, विधायक खड्डा विवेकानंद पांडे, विधायक पडरौना मनीष जायसवाल, विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौड़ के कर कमलों द्वारा नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया एवं उन्हे हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देने के साथ साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी किया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने नव चयनित सभी लेखपालों के अग्रिम भविष्य की शुभकामनाओं के साथ-साथ हार्दिक बधाइ दिया। उन्होंने कहा लेखपाल राजस्व विभाग की रीड है। आप लोग के आने से राजस्व विभाग और मजबूत हुआ है। वरासत, आईजीआरएस के निस्तारण नामांतरण, पैमाइश की प्रक्रिया में तेजी आएगी। आप सभी का मैं जिलाधिकारी के रूप में स्वागत और अभिनंदन करता हूं।

जिलाधिकारी ने नव चयनित लेखपालों के कर्तव्य एवं आचरण नियमावली व अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया कहा कि यह लोक कल्याणकारी राज्य है हम सब के ऊपर कंट्रोल करने के लिए बहुत सारी संस्थाएं हैं, अतः आप सभी ट्रेनिंग के पश्चात अपने हल्के में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से रहकर अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें तथा राजस्व से आने वाली समस्याओं का प्रतिदिन निस्तारित करने का प्रयास करें। इनकी ट्रेनिंग कराने हेतु अपर जिलाधिकारी को निर्देशित भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी (वि एवं रा) वैभव मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया अंकिता जैन, उप जिलाधिकारी पडरौना व्यास नारायण उमराव, तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह, लेखपाल संघ के अध्यक्ष निलेश व मंत्री योगेंद्र यादव सहित अन्य तहसीलों के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो अधिष्ठान और लेखपाल उपस्थित रहें।

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** विकास खंड भादर कार्यालय से चंद कदम दूर केशवपुर गांव में बुधवार को अपरान्ह आकाशीय बिजली गिरने से बकरी चरा रहे एक युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। पंचनामा करके पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार केशवपुर गांव निवासी युवराज पाल उम्र 20 वर्ष पुत्र रतीपाल बुधवार को घर के पास ही बकरी चरा रहा था।तेज बारिश के बीच अचानक बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई युवक की मौत की खबर से गांव में हड़कंप मच गया।आनन फानन में ग्रामीणों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राकृतिक आपदा में एक बकरी की भी जान चली गई है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि निहाल चंद ने बताया कि अचानक हुए हादसे से गांव में डर का माहौल बना हुआ है। तहसील से राजस्व निरीक्षक और लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर रिपोर्ट तैयार की। पीपरपुर थाने की पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# भीड़ जमा होने पर पुलिस को देगा सूचना

## आईटीएम के कंप्यूटर साइंस के छात्र ने किया निर्माण



- **इसे बनाने में दस से बारह हजार रूपये का खर्च आया**
- **संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने छात्र को बधाई दी**

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर के छात्रों ने उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में सत्संग में मची भगदड़ की घटना को देखते हुए भविष्य मे दोबारा ऐसी घटना ना हों इसके लिये कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष के छात्र अंशित श्रीवास्तव ने 3 दिनों के अन्दर कॉलेज के इन्नोवेशन लैब मे एक ऐसी डिवाइस का अविष्कार किया हैं जो भीड़ वाली जगह जैसे सत्संग, कथा, जनसभा इत्यादि स्थानों पर स्थानीय पुलिस अधिकारीयों द्वारा मिले निर्धारित संख्या सें अधिक भीड़ होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देगा जिससे नजदीकी पुलिस समय रहते स्थिति का सामना करने के लिये तैयार रहे और अत्यधिक भीड़ एकत्र होने पर आयोजकों पर कार्यवाही कर सके। अंशित ने बताया इस क्राउड अलार्म डिवाइस को कथा आयोजन के कैम्प के प्रवेश द्वार पर लगाया जायेगा जिससे अंदर प्रवेश करने वाले का डेटा ये डिवाइज स्क्रीन पर नम्बरों के माध्यम सें पुलिस को थाने पर दिखता हैं। इसे बनाने मे मात्र दस सें बारह हजार रूपये का खर्च आया हैं और इस प्रोजेक्ट को बनाने मे लेसर सेंसर, एल.डी.आर. सेंसर कॉउंटर मीटर, 3.7 वोल्ट बैटरी जीएसएम मोबाइल इत्यादि उपकरणों का इस्तेमाल किया हैं। संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने छात्र को बधाई दी है। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया।

# नवचयनित लेखपालों को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** मिशन रोजगार के अंतर्गत निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 7720 लेखपालों को बुधवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति पत्र वितरित किया।

उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में किया गया। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी निशा अनंत सहित अन्य अधिकारी एवं नवचयनित लेखपाल मौजूद रहे। जनपद अमेठी के लिए चयनित लेखपालों को जिला पंचायत अध्यक्ष विधायक गौरीगंज और जिलाधिकारी ने नियुक्ति पत्र वितरित किया।

बताते चलें कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 7720 लेखपालों का चयन किया गया है जिसमें जनपद अमेठी के लिए 83 लेखपालों में से 45 लेखपालों को लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया तथा 20 लेखपालों को आज कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया अन्य शेष लेखपालों की नियुक्ति की कार्यवाही संबंधित उपजिलाधिकारियों द्वारा की जा रही है।

## बारिश में जोखिम उठाकर काम कर रहे पंचायत कर्मी

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** बारिश के मौसम में एडीओ पंचायत कार्यालय का बुरा हाल है।छत बुरी तरह टपक रही है। दीवारें भी जर्जर हो चुकी हैं।एडीओ पंचायत कार्यालय में कर्मचारी जान जोखिम में डालकर कार्य सरकार को आगे बढ़ा रहे हैं। ए डी ओ पंचायत कार्यालय का भवन क्षेत्र पंचायत प्रमुख कक्ष के बगल स्थित है। किनारे की दीवार का प्लास्टर उखड़ गया है। पीपल के पेड़ की जड़ें दीवार के बाहर साफ दिख रही है। तेज बारिश होने से छत बुरी तरह टपकती है। कार्यालय में बैठकर काम करने में कठिनाई हो रही है। इस सम्बन्ध में पूछने पर ए डी ओ पंचायत पवन कुमार यादव ने कहा कि विभाग के पास बजट का संकट है।जो भी परिस्थिति बनी हुई है उसी में कार्य सरकार का फरमान पूरा किया जा रहा है।

# हल्दी कार्यक्रम में गए युवक की गला रेतकर हत्या

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पड़ोसी राज्य बिहार के धनहा थाना क्षेत्र के कठार पंचायत के खलारी टोला में सोमवार की रात हल्दी कार्यक्रम में भोजन करने गए युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी होने पर युवक के गांव वाले और परिजन मौके पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने जांच के लिए साक्ष्य जुटाया।

बिहार प्रांत के धनहा थाना क्षेत्र के तुनियहवा गांव निवासी 24 वर्षीय दिनेश कुशवाहा सोमवार की रात घर से दो किमी दूर खलाली टोला गांव में प्रहलाद कुशवाहा के घर आयोजित हल्दी कार्यक्रम में भोजन करने गया था। प्रहलाद कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि दिनेश रात में तकरीबन साढे नौ बजे तक भोजन कर चुका था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दरवाजे की सफाई कर रात लगभग 1:30 बजे पत्तल फेंकने खेत में गए तो वहां पर खून से सनी उसकी लाश पड़ी थी। दरवाजे पर डीजे बजने के चलते कुछ भी पता नहीं चल सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को खेत से बाहर निकाला।

पुलिस के बुलाने पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाया। हालांकि भोजन स्थल से करीब 10 मीटर की दूरी पर खेत में युवक का शव मिला। लेकिन दरवाजे पर मौजूद लोगों को इसकी भनक नहीं लगी। मृतक की मां ने पुलिस को बताया कि दिनेश को एक साल पहले कुछ लोग प्रेम प्रसंग में फंसाया था। उन्ही लोगों ने बेटे की हत्या की है। अनुमंडल पुलिस अधीक्षक कुमार देवेन्द्र ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी हुई है। परिजनों से जानकारी ली जा रही है। हल्दी कार्यक्रम में शामिल होने वालों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## बिजली की चपेट में आने से किशोरी की मौत

अवधनामा संवाददाता




**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोहरौना में बुधवार को एक 14 वर्षीय किशोरी अनामिका पुत्री बृजेश बिजली की चपेट में आ गई जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अनामिका घर में ही एक टेबल फैन का प्लग बोर्ड लगा रही थी।

वह उसको जैसे ही चालू करने गई उसमें करंट आ गया था और वह उसकी चपेट में आ गई। जिससे करंट लगने से किशोरी चिखने चिल्लाने लगी तथा वही नीचे गिर गई। परिजन आए तो देखा कि उसकी मृत्यु हो चुकी थी। यह देखकर परिजन रोने बिलखने लगे। गांव में गम का माहौल छाया हुआ था।

## एसडीएम ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

**गोरखपुर।** नदियों बढ़ते जल स्तर को देखते हुए बुधवार को एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण किए। इस दौरान गहीरा के बाढ़ से प्रभावित होने पर एक नाव की व्यवस्था की गई है। सहजनवां तहसील में रासी और आमी नदी के पानी में तेजी से उफान हो रहा है। बरसाती पानी से आमी नदी तेजी से उफान रही है, जिसके कारण निचले क्षेत्रों के गांवों में नदी का पानी पहुंच गया है और लोगों को बाढ़ का दंश झेलना पड़ रहा है। आमी के पानी से सहजनवां ब्लॉक का एक गांव गहीरा प्रभावित हो गया है। गांव के लोगों को आने जाने के लिए तहसील प्रशासन की तरफ से एक नाव की व्यवस्था की गई है। बुधवार को सहजनवां एसडीएम कुंवर सचिन सिंह ने खीरीडार, गहिरा आदि गांवों का निरीक्षण कर बाढ़ की स्थिति को देखी। साथ ही ग्रामीणों और ग्राम प्रधान से बात कर बचाव के लिए एलर्ट पर रहने की बात कही।


## टीकाकरण सत्र का आयोजन



**बैतालपुर-देवरिया अवधनामा संवाददाता।** युवक मंगल दल व स्वामी विवेकानंद युवा वेलफेयर सोसाइटी बरनई के द्वारा बुधवार को बैतालपुर क्षेत्र के ग्राम सभा बरनई के पंचायत भवन पर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से टीकाकरण सत्र का आयोजन किया गया। एएनएम बन्दना देवी ने बताया कि इस टीकाकरण सत्र पर सभी 0 से 5 वर्ष के बच्चो व गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण होगा।तथा साथ ही गर्भवती महिलाओं वजन जाँच, बी.पी.जाँच, लम्बाई, ब्लड जाँच, यूरिन जाँच, व पेट सम्बंधित जाँच व एचआईवी का जाँच किट द्वारा भी होता है।और साथ ही बच्चो को विटामिन ए,पोलियो,डायरिया की खुराक दी जाती है और उन 0 से 5 वर्ष के बच्चो को पेंटावेलेंट, ओ पी वी,रोटा,पी सी वी,एम आर,जेई, डीपीटी, ओ पी टी बूस्टर के साथ विभिन्न टिका इस सत्र पर लगता है। कहा कि बच्चो के शरीर मे रोग प्रतिरक्षण हेतु टिकेलगाए जाते हैं जिससे बच्चों के शरीर की रोग से लड़ने की शक्ति बढ़ती है बच्चों में कई संक्रामक बीमारियों की रोकथाम होती है तथा समुदाय के स्वास्थ्य के स्तर में सुधार होता है। युवक मंगल दल अध्यक्ष विकास यादव ने बताया कि टीके आपके बच्चो को गम्भीर बीमारियों से बचाते हैं।टीकाकरण से जीवन बचता है। यह आपको, आपके परिवार और आपके समुदाय को सुरक्षित रखता है। टीकाकरण बीमारियों को खत्म करके भावी पीढ़ियों को सुरक्षित रखने में मदद करता है। टीकाकरण कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप अब कई संक्रामक रोग दुर्लभ हो गए हैं या समाप्त हो गए हैं उक्त अवसर पर आशा संगिनी शीला देवी आंगनवाड़ी सहायिका सोशिल्या देवी कमलावती देवी व गर्भवती महिलाऐ मंजू देवी पूजा देवी प्रियंका देवी आदि लोग उपस्थित थे।

## उपचुनाव में प्राग्या ने की जीत हासिल, सभासद निर्वाचित

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत सहजनवा वार्ड 1 जिगिना में हुए उपचुनाव में प्राग्या ने चुनाव जीत हासिल कर वार्ड सभासद निर्वाचित हुई है। यहां से निर्वाचित सभासद राधिका देवी के आकस्मिक मृत्यु के कारण सीट रिक्त चल रही थी। 8 जुलाई को हुए मतदान में पांच प्रत्याशी अपने भाग्य को आजमा रहे थे। यहां 2368 मत थे। जिसमे 1433 मत पड़े थे। बुधवार को 10 बजे मतगणना शुरू हुआ करीब एक घंटे में परिणाम भी आ गया।जिसमे प्राग्या को 571 मत,मोनिका को 30 मत राजकुमारी को 381 मत,सरस्वती 368 मत,सीमा सिंह को 57 मत मिले थे। 2 मत नोटा के थे। वही 24 मत अवैध पाए गए थे। प्राग्या ने 190 मत से जीत हासिल कर सभासद निर्वाचित हुई। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल के साथ प्रभारी निरीक्षक गीडा योगेंद्र कुमार राय, एसओ सहजनवा विशाल उपाध्याय मौजूद थे। जीत के बाद रिटर्निंग आफिसर बृजेश यादव द्वारा विजेता सभासद को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया सहित अनेक लोग मौजूद थे।



# डीएम ने प्राथमिक विद्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को विकास खण्ड भेटुआ अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र सुमेरपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र पर चल रहे टीकाकरण की जानकारी ली जिस पर एएनएम द्वारा बताया गया कि माह के द्वितीय बुधवार को टीकाकरण सत्र का आयोजन किया जाता है। टीकाकरण सत्र के दौरान गर्भवती महिलाओं बच्चों को टीकाकरण एवं दवा वितरण हेतु बुलावा भेजा जाता है। जिलाधिकारी ने उपस्थित गर्भवती महिला गीता का वजन टीकाकरण हीमोग्लोबिन की मात्रा की जांच कराई एवं उन्हें दी जाने वाली दवा की जानकारी ली तथा नियमित जांच व देख रेख करने के निर्देश आशा व एएनएम को दिया। टीकाकरण सत्र के दौरान उपस्थित बच्चों का वजन लंबाई टीकाकरण कराया व सैम मैम बच्चों की जानकारी ली जिस पर एएनएम द्वारा बताया गया कि एक बच्चा लाल श्रेणी में है इसके उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। जिलाधिकारी ने वजन रजिस्टर टीकाकरण रजिस्टर टीकाकरण कार्ड वैक्सीन व दवाओं की उपलब्धता उनके रखरखाव का निरीक्षण किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से आंगनबाड़ी केंद्र में कुल नामांकित बच्चों की संख्या हॉट कुक नए पंजीकरण की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय सुमेरपुर का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने पढ़ रहे बच्चों अखिलेश सृष्टि यादव लक्ष्मी चौहान से ब्लैक बोर्ड पर लिखे शब्दों को पढ़वाया एवं उनका अर्थ पूछा जिसका बच्चों ने संतोषजनक उत्तर दिया।

उन्होंने विद्यालय में नए प्रवेशित बच्चों की जानकारी ली जिस पर शिक्षिका निशा सिंह ने बताया कि कक्षा एक में 8 नए नामांकन हुए हैं। जिलाधिकारी ने विद्यालय की अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान सोलर पैनल काम नहीं कर रहा था जिसे ठीक कराने हेतु खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया।

# झांसा देकर दुकानदार के खाते से 60 हजार की ठगी

अवधनामा संवाददाता



**कसया, कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के सपहा चौराहे पर मंगलवार दोपहर एक दुकानदार की फोन पे स्मार्ट स्पीकर मशीन ठीक करने का झांसा देकर खाते से एक जालसाज ने साठ हजार रुपए ठगी करने के बाद फोन पे स्मार्ट स्पीकर मशीन भी लेकर चला गया। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर को कसया थाना क्षेत्र के सपहा चौराहे पर स्थित राजेश जायसवाल की ऋतु श्रंगार एवं जनरल स्टोर की दुकान पर एक जालसाज फोन पे स्मार्ट स्पीकर मशीन ठीक करने का झांसा देकर एक जालसाज खाते से 60 हजार रुपए ठगकर फरार हो गया। पीड़ित ने कसया पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। तहरीर के मुताबिक पीड़ित राजेश जायसवाल ने बताया कि मंगलवार को अपने दुकान पर बैठे थे, तभी समय करीब एक बजे वह व्यक्ति मेरे दुकान पर आया और कहा कि आपके फोन पे स्मार्ट स्पीकर का मशीन खराब हो चुका है, जिसको ठीक करना है, उक्त व्यक्ति द्वारा उक्त मशीन को ठीक करने के बहाने मेरे खाते से बीस-बीस हजार करके तीन किस्तो में कुल 60 हजार रुपए निकाल लिया तथा मशीन भी लेकर चला गया। मेरे मोबाईल पर मेसेज आने के बाद उक्त घटना की जानकारी मुझे हुई, उक्त व्यक्ति द्वारा मेरे दूकान मे लगे फोन पे स्मार्ट स्पीकर क्यूआर कोड बनाने पूर्व में भी आता था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जनपद को मिले 144 लेखपाल

## विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में वितरित किया गया नियुक्ति पत्र

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा आयोग द्वारा चयनित नवनियुक्त लेखपालों को नियुक्ति पत्र लखनऊ में वितरित किया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन स्थित गांधी सभागार में किया गया, जिसे ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, विधायक भाटपाररानी सभाकुंवर कुशवाहा, जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की उपस्थिति में देखा गया। सजीव प्रसारण के पश्चात जनपद में नवनियुक्त 144 लेखपालों को नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति पत्र पाकर नवनियुक्त लेखपालों के चेहरे खिल उठे।

इस अवसर पर ग्राम विकास राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। लेखपाल प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। उन्होंने सभी नव चयनित लेखपालों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए अच्छे समाज के निर्माण में सकारात्मक भूमिका के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। योगी सरकार में योग्यता को सम्मान मिल रहा है। विधायक भाटपाररानी सभाकुंवर ने कहा की प्रदेश सरकार ईमानदारी के साथ पारदर्शी नियुक्ति कर रही है। चयन का एकमात्र पैमाना योग्यता है। 2017 से पहले की भर्तियों में भेदभाव किया जाता था। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने नव चयनित लेखपालों को बधाई देते हुए कहा कि आज जनपद को कुल 144 लेखपाल प्राप्त हुए हैं। इस नियुक्ति के पश्चात जनपद में स्वीकृत कुल 569 पद के सापेक्ष 501 लेखपाल कार्यरत हो गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास के सभी पायदान राजस्व विभाग से जुड़े हैं।

लेखपाल अपने हलके में सरकारी भूमि का कस्टोडियन होता है, इसलिए उसका कार्य दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय ज्ञान का युग है। नियमों की जानकारी प्राप्त कर शासन के मंशानुरूप जनहित में कार्य करें और ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व विभाग से संबंधित विवादों का स्थाई समाधान कर अपने हलके को विवाद मुक्त रखें। मुख्य राजस्व अधिकारी जेआर चौधरी ने सभी नव चयनित लेखपालों के सफल एवं सुखद कार्यकाल की शुभकामना दी। साथ ही उन्होंने कहा कि नव चयनित लेखपाल समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के हित में कार्य कर संविधान की उद्देशिका को चरितार्थ करें। नव चयनित लेखपाल संजय यादव एवं पारुल कुशवाहा ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, एसडीएम रुद्रपुर रत्नेश तिवारी, एसडीएम बरहज अंगद यादव, तहसीलदार सदर केके मिश्रा सहित राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

- **योगी सरकार में मिल रहा है योग्यता का सम्मान: गौतम**

## नलकूप का पाइप फटने से सड़क पर जलजमाव, ग्रामीणों का प्रदर्शन

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा ब्लाक के हरपुर, जबरैला विश्खोहर मार्ग से सटे नलकूप का पाइप फटने से सड़क पर हो रहे जल जमाव को लेकर दर्जनों की संख्या ने ग्रामीणों ने सड़क पर खड़े होकर प्रदर्शन किया। और नलकूप विभाग से फटे पाइप को ठीक कराने की मांग किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बरसात के मौसम में वैसे ही सड़क पर जल जमाव बना रहता है। लेकिन नलकूप का पाइप करीब एक माह से फटा हुआ है। कई बार जेई से फटे पाइप को ठीक कराने के लिए शिकायत किया गया लेकिन अभी तक ठीक नही कराया गया। फटे पाइप की वजह से पूरा पानी सड़क पर आकर जमा हो रहा है। राहगीर उसी कीचड़ से होकर गुजर रहे। स्कूली बच्चे और राहगीर भी कीचड़ में गिर कर घायल हो रहे। लेकिन शिकायत के बावजूद विभाग का कोई जिम्मेदार सूंघ नही ले रहा है। ग्रामीणों ने फटे हुए पाइप को बदलने की मांग किया है। इस संदर्भ में अवर अभियंता नलकूप जशवंत सिंह ने कहा की मौसम ठीक होने पर पाइप को बदल दिया जायेगा। प्रदर्शन करने वालो में सुनील कुमार गुप्ता,माखन लाल, दीपचंद यादव, दिनेश कुमार,राजकिशोर,संजय,भजन, रंजीत गुप्ता,सुरेंद्र यादव मौजूद थे।

## आईटीआई में आवेदन की अंतिम तिथि 4 अगस्त

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने बताया कि नए प्रवेश प्रक्रिया सत्र 2024-25 हेतु आईटीआई में ऑनलाइन आवेदन 10 जुलाई 2024 से 4 अगस्त 2024 रात्रि 12 बजे तक वेबसाइट www.scvtup.in पर किया जा सकता है प्रवेश पंजीकरण शुल्क सामान्य पिछड़ा वर्ग हेतु शुल्क रूपए 250 अनुसूचित जाति जनजाति हेतु शुल्क रूपए 150 का भुगतान ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह में भी गांवों में नहीं है साफ-सफाई

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह में भी गांवों में साफ सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं है। सफाई कर्मियों की टीमें हर गांव में नहीं पहुंच पा रही है। कम्पोजिट विद्यालय भादर -प्रथम के पीछे से निकलने वाली नाली गंदगी से पटी हुई हैं। कम्पोजिट विद्यालय भादर -प्रथम विकास खंड भादर के सबसे पुराने विद्यालय में है इस विद्यालय की स्थापना 1934 में हुई थी। विद्यालय परिसर में ही ब्लॉक संसाधन केंद्र स्थित है पास में ग्रामीण मिनी स्टेडियम है। परिसर में कुछ लोग स्कूल भवन के पीछे दीवार तक कूड़ा करकट और गंदगी डालकर अतिक्रमण कर रहे हैं। कूड़ा नाली में फेंकने और गंदे पानी का जमाव होने से दुर्गंध फैल रही है। मच्छरों की आमद बढ़ने से पास के तीन कमरों में चलने वाली कक्षाएं प्रभावित हैं। संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। नालियों में लार्वा नाशक दवाओं का छिड़काव अभी तक नहीं हुआ है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथी वरुण सोनी पुत्र श्री अशोक कुमार (Ashok Kumar), जिनका पता - सृजन 28, एनटीपीसी कॉलोनी, पोस्ट विद्युत नगर, जिला अंबेडकर नगर है। शपथी के पिता का नाम एनटीपीसी के सभी अभिलेखों में त्रुटिवश अशोक कुमार वर्मा (Ashok Kumar Verma) हो गया है जबकि शपथी के पिता का नाम अन्य सरकारी अभिलेखों में अशोक कुमार (Ashok Kumar) है। जो कि शुद्ध एवं सत्य है। शपथी के पिता को इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

शपथी
वरुण सोनी पुत्र श्री
अशोक कुमार

# सावधान हाईवे और सड़क निगल रही है जिंदगी

- यातायात नियमों का पालन न करना पड़ रहा भारी
- माहभर में लगभग तीन दर्जन मौतों से सड़क सुरक्षा पर उठ रहे हैं सवाल। हाईवे पर रोज लिखी जा रही मौत की कहानी, हाइवे पर लापरवाह नागरिक सुधरने को नहीं तैयार

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** देश और प्रदेश में सड़कों का विकास लापरवाह नागरिकों व उनके परिवार के लिए मुसीबत बनता जा रहा है।हाईवे के तेज होने व तेज रफ्तार वाहनों के फर्राटा भरने से सड़क दुर्घटनाओं की बाढ़ आ गई है। रोज सुबह से लेकर शाम तक जिले में कोई न कोई ऐसी खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती है कि लोगों का कलेजा काँप उठता है। कोई ना कोई परिवार, अपने वृद्ध परिजन,युवा बेटे,महिला व बच्चों के सड़क पर दुर्घटना में काल के गाल में समा जाने के कारण गमगीन दिखाई दे जाता है। बीते 4 माह में पुलिस महकमा सड़क दुर्घटना में मृतकों का पोस्टमार्टम कराते कराते थक सा गया है।उनके रजिस्टर में लगातार मौतों की संख्या बढ़ती जा रही है। सरकार पुलिस व प्रशासन लगातार सड़क पर होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए अभियान चलाकर,जागरुक कर,सोशल मीडिया पर सड़क सुरक्षा के उपाय को प्रसारित कर,इन घटनाओं को कम करने के लिए दिन-रात जूझ रहा है। पर वाह प्रदेश के नागरिक लापरवाही की इंतहा है।सड़क के नियम तोड़ने में तो जैसे होड़ मची हुई है। हाईवे पर लापरवाही से चलने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है। दो पहिया वाहनों पर चार-चार सवारी बैठा कर चलने का चलन चल पड़ा है।प्रतिबंध के बावजूद हाईवे पर ई रिक्शा फर्राटा भर रहे है।अमहट से लेकर हसनपुर के बीच का फोर लेन हाईवे पार्किंग एरिया बना हुआ है। ऐसे में सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोक पाना नामुमकिन सा हो गया है। हाईवे को पार करने के लिए लोग अपनी जान दाव पर लगा रहे हैं।साइकिल लेकर हाइवे पर घूमने और तेज रफ्तार वाहनों के चपेट में आ जाने से लगातार सड़क दुर्घटनाओं में नागरिकों की मौत हो रही है।बारिश के कारण सड़क पर फैले कीचड़ भी कहीं ना कहीं दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं।सड़क पर आवारा पशुओं की जमात खड़ी हो गई है। इन घटनाओ की रोकथाम के लिए शासन प्रशासन भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।नतीजा आवारा पशुओं से टकराकर वाहन छतिग्रस्त हो रहे हैं। दुर्घटना हो रही है, लोग घायल हो रहे हैं कभी-कभी उनकी जान भी जा रही है। सरकार के निर्देशों पर चलने वाला यातायात सुरक्षा माह व सड़क जागरूकता अभियान शासन प्रशासन की तिजोरी भरने के लिए समन शुल्क वसूलने तक ही सीमित रहता है। ये अफसर काफी चलाक किसम के है, ये अभियान को पूरा करने के लिए शहर के किसी नामी निजी स्कूल का चयन करवा लेते है, वहां बच्चों को खड़ा कर आला अधिकारी लंबे चौड़े भाषण दे देते हैं।जिसका फोटो वीडियो सोशल मीडिया से लेकर मीडिया का हिस्सा बन जाता है और यही यातायात जागरूकता अभियान की पूर्ति हो जाती है। शहर में जाम की स्थिति विकराल होती जा रही है ।अतिक्रमण सुल्तानपुर की पहचान बन चुका है।पुलिस व यातायात प्रशासन शहर को अतिक्रमण मुक्त करने में महीनों से हाफ रहा है।नगर के चौक क्षेत्र का व्यापारिक इलाका भी सब्जी मंडी बनकर रह गया है। रही सही कसर ठेले वा खुमचे वालों ने पूरा कर दिया है। वेंडिंग जोन में ना तो व्यापारी बैठ रहे हैं ना ही ग्राहक जा रहे है। पूर्व में शहर में लगने वाले ठेलों के रजिस्ट्रेशन कर उन्हें वार्ड वाइज फेरी लगाने के लिए योजना बनी थी, जो अधिकारियों के स्थानांतरण के साथ ठंडा वस्ते में चली गई है। अब देखना यह है कि सड़क पर लगातार हो रहे हादसे शहर में अतिक्रमण से कराह रहे शहर को निजात दिलाने के लिए आगामी पखवाड़े में जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक मिलकर कौन सी योजना पर काम करते हैं। सड़क पर हो रहे हादसे कम हो, शहर में अति मुक्रमण मुक्त माहौल बने। व्यापारियों का वेंडिंग जोन गुलजार हो, जिम्मेदार अधिकारी इसकी पहल कब करते हैं,ये देखने वाली बात होगी।

## कोतवाली नगर क्षेत्र के अमिलिया खुर्द गांव में आधा दर्जन लोगों पर हुआ हमला

**सुल्तानपुर।** कोतवाली नगर के चर्चित रामनगर कोटवा से सटे गांव में लाठी चल गई है।अमिलिया खुर्द गावँ में तकरीबन आधा दर्जन लोग लहूलुहान हो गए हैं !बताया जाता है कि बंटवारे को लेकर कुछ दिन पहले आपस मे समझौता हुआ था !लेकिन आज एक पक्ष की नियत अचानक से बदल गई और उसने बाउंडरी कराने के बाद पड़ोस के एक कमजोर परिवार पर दबंगो ने हमला बोल दिया।बताया जाता है कि हमलावरो ने अपने घर का दरवाजा पड़ोसी की ओर खोलने लगे। विरोध करने पर दबंगों ने माता बदल , विजय कुमार,राहुल, पत्नी, बहू को लाठी डंडों से मार कर घायल कर दिया । घायलों ने कई बार 112 को फोन लगाया । लेकिन ना तो रामनगर गोंडवा चौकी की पुलिस पहुंची और ना ही 112 की टीम। पता चला है कि आसपास के इलाके में मारपीट के कई मामलों को लेकर चौकी के एक सिपाही की गतिविधियां संदिग्ध है !बताया जाता है कि भेदभाव पूर्ण मामले के निस्तारण को लेकर वह अक्सर विवाद की स्थिति ला खड़ा कर देता है।

# सावधान! आपके पास भी आ सकती है फ्राड कॉल

- पुलिस बन कर किया कॉल
- 50 हजार जल्दी डालो नहीं तुम्हारे भतीजे को भेज देंगे जेल

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** सावधान- आपके पास कभी भी कोई फ्राड काल आ सकती है। आप कॉल करने वाले व्यक्ति की बातें सुन कर डरें नहीं। आप उसे ध्यान से सुनें और फिर अपने परिवार, परचित व्यक्ति से इस बारे में जानकारी शेयर करे। उसकी सत्यता जाने बगेर आप उनकी बातों में ना आएं, अन्यथा आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। बुधवार को मोहल्ला शंभूनगर निवासी राकेश यादव के मोबाइल पर एक कॉल आई। उसकी आईडी पर पुलिस कर्मी का फोटो लगा था। उसने कहा कि आपका भतीजा पुलिस की कस्टडी में है। उसने लड़की के साथ अश्लील हरकत की है। जिसे थाने में बैठा लिया है। आप जल्दी से 50 हजार रुपये ऑन लाइन ट्रांसफर करो, अन्यथा उसे जेल भेज दिया जायेगा। इस पर कॉल करने वाले ने उससे फोन पर बात भी कराई। आबाज सुन कर वह बिलकुल सहमत हो गये कि यह आवाजा उसके भतीजे की ही है। यह करिश्मा लेटेस्ट तकनीकी है। इस तरह के लोग फ्राड कर रहे हैं। राकेश यादव ने इसकी सत्यता जानने के लिए अपने एक मीडिया कर्मी का सहारा लिया और थाने पहुंच कर देखा तो वहां उनका भतीजा नहीं था। पुलिस से जानकारी की तो उन्होंने कहा कि थाने से कोई इस तरह से फोन नहीं करता है। यह फ्राड करने वाले हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने आम जनता से एसे फ्राड कॉल के आने पर लोगों से कहा है कि वे हड़बड़ाहट में कोई काम नहीं करें। अन्यथा उनको नुकसान उठाना पड़ सकता है। कोई भी पुलिस कर्मी फोन कर करके आपसे पैसा नहीं मागता है। इस लिए किसी के चंगुल में न फंसें।

## सिविल डिफेंस वॉलंटियर करेंगे यातायात पुलिस के साथ कार्य

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा पुलिस लाइन सभागार फिरोजाबाद में अपर पुलिस अधीक्षक नगर की उपस्थिति में सिविल डिफेंस के पदाधिकारी व वांलटियर के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी जिसमें द्वारा मौजूद सभी सिविल डिफेंस के वांलटियरों को आगामी त्यौहार कांवड तथा मौहर्रम के सम्बन्ध में यातायात व्यवस्था व भीड़ नियन्त्रण व अन्य व्यवस्थाएँ बनाने में कंधे से कंधा मिलाकर पुलिस का सहयोग करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही कहा कि अब से सिविल डिफेंस वांलटियर यातायात पुलिस व होमगार्ड के साथ फोर्स मल्टीप्लायर का कार्य करेंगें। गोष्ठी के दौरान सिविल डिफेंस के सभी वांलटियरों को जनपद में चाक-चौबंद यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत चौराहों पर यातायात पुलिस के साथ व्यवस्था एवं जूलूस आदि में पुलिस के साथ अपनी ड्यूटी निर्वहन करने हेतु विस्तृत से जानकारी देकर जागरुक किया गया, तथा शुक्रवार को सिविल डिफेंस के वांलटियरों को पुलिस के साथ परेड व ड्रिल की कार्यवाही सिखायी जायेगी।

# सहरिया महिलाओं ने सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की उठायी मांग



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम गौना में रहने वाले सहरिया परिवारों की महिलाओं ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजते हुये सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाये जाने की मांग उठायी है। डीएम को दिये शिकायती पत्र में महिलाओं ने बताया कि उनके परिवार में कृषि भूमि नहीं है, जिस कारण वह मजदूरी करके अपना भरण पोषण करते हैं। बताया कि गांव के आसपास वन विभाग की जमीन व जंगल लगा हुआ है, जहां से तेंदूपत्ता, गोंद, अचार, महुआ एवं अन्य अदना पैदावार करते थे। बताया कि 2006 में पारित कानून के मुताबिक वनाधिकार के कृषि पट्टे दिये गये हैं, लेकिन धरातल पर आज तक किसी भी प्रकार से कोई पट्टा आवंटित नहीं हुआ है, जिससे वह सरकार द्वारा दिये जाने वाले इस लाभ से वंचित हैं। बताया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी योजनायें जो संचालित हैं जिनमें वृद्धा, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अन्त्योदय कार्ड, कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, बारिसान का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे सभी परिवार परेशानी में हैं। महिलाओं ने जिला प्रशासन से सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय एड.हरदयाल सिंह लोधी एड., मंझली बहू, बड़ी बहू, गिरनी बाई, बड़ी बहू, मंझली बहू, नन्नी बहू, गझली बहू, राजकुमारी, रामदुलारी के अलावा अनेकों महिलायें मौजूद रहीं।

## पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण अनिवार्य




**ललितपुर।** उच्च प्राथमिक आदर्श कंपोजिट विद्यालय, नगर क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाध्यापिका अलका अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के नवनिर्मित भवन के समक्ष स्थित मैदान को हरा भरा कर पर्यावरण संवर्धन हेतु प्रांगण में सागौन, चितवन, आम, अमरूद, जामुन, कटहल एवं वट वृक्ष आरोपित किए गए। कार्यक्रम में कक्षा एक से लेकर आठ तक के छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह के साथ प्रतिभाग करते हुए विभिन्न छायादार एवं फलदार पेड़ों को लगाया। साथ ही संकल्प लिया कि आज रोपित सभी पौधों की सुरक्षा एवं उनको बचाने की जिम्मेदारी विद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य की होगी।

# जनप्रतिनिधियों द्वारा नवचयनित लेखपालों को वितरित किये गये नियुक्ति पत्र

- मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 7,720 लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की उपस्थिति में लोक भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लोक भवन के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद डॉ. आनन्द कुमार गोंड, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व पदमसेन चौधरी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी व नानपारा के राम निवास वर्मा ने जिलाधिकारी मोनिका रानी के साथ जिले के लिए आवंटित 114 नवचयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि जिले के लिए आवंटित 114 लेखपालों को तहसील का आवंटन कर दिया है। तहसील सदर बहराइच को 15, कैसरगंज को 25, महसी को 16, नानपारा को 27, पयागपुर को 20 तथा मिहींपुरवा को 11 लेखपालों का आवंटन किया गया है। जनपद में लेखपालों के लिए कुल स्वीकृत पद 407 के सापेक्ष पूर्व में तैनात 198 एवं नवचयनित 114 को सम्मिलित करते हुए जिले में लेखपालों की संख्या 312 हो गई है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार मौर्या, नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, पयागपुर के दिनेश कुमार, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, मोतीपुर के संजय कुमार, तहसीलदारगण, राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी, नवनियुक्त लेखपाल व उनके परिजन सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली वर्ड पब्लिक स्कूल में ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को किया जागरूक




**टूंडला।** ऑपरेशन जागृति फेस टू का कार्यक्रम आयोजन दिल्ली वर्ड पब्लिक स्कूल में हुआ। जिसमें लगभग 350 बच्चों के साथ-साथ स्कूल के समस्त स्टाफ ने प्रतिभा किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इलॉपमेंट और साइबर बुलिंग के संबंध में जानकारी दी गई और साथ ही साथ महिला व छोटे बच्चों को मोहरा बनाकर झूठा मुकदमा लिखवाने के संबंध में चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लोग आपसी विवाद में मानवता को ही तार तार कर देते हैं और फिर घर की महिलाओं को ही मोहरा बनाते हैं जो गलत है। महिलाओं को भी अब जागरूक होना होगा और उनको ऐसे विवादों में नहीं पड़ना होगा। उक्त कार्यक्रम में एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्र, सीओ टूंडला राजेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी टूंडला अनुज कुमार, महिला चौकी प्रभारी महिला उप निरीक्षक अलवीना पठान, एफएच चौकी प्रभारी उप निरीक्षक आदेश, मुख्य आरक्षी जावित्री, हार्वेंद्र, आशीष, मोहन आदि मौजूद रहे।

### शिव प्रसाद पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन



**टूंडला।** शिव प्रसाद पब्लिक स्कूल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने 'भारत जानो, विश्व जगाओ' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल मैनेजर लक्ष्मी मैम, संचालन व संयोजन रवि चेतन चित्रांश, मुख्य अतिथि कवि दिलीप गौड़, स्वागत अध्यक्ष लालू रावत, कार्यक्रम व्यवस्था प्रमुख अभी प्रताप सिंह व स्वागत मंत्री हुतेंद्र बघेल रहे। विजई प्रतिभागियों आर्यन, रेशमा, अरुण, ऋषभ, प्रतीक, उन्नत, अनुष्का, सुप्रिया, निखिल, अमन, प्रगति, साक्षी, राजन, तरुण, माधवी को परिषद द्वारा प्रमाणदपत्र देकर सम्मानित किया गया। तहसील प्रमुख रवि चेतन चित्रांश ने कहा कि विद्यार्थी परिषद द्वारा इस तरह की प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में अपने राष्ट्रभक्ति चेतना व अपनी संस्कृति के प्रति स्वाभिमान को जाग्रत करके बच्चों में देश प्रथम के भाव को प्रस्फुटित करना है। स्कूल मैनेजर लक्ष्मी मैम ने कहा कि टूंडला एबीवीपी द्वारा हमारे विद्यालय में यह पहला ही कार्यक्रम था बच्चों ने बहुत उत्साहित होकर कार्यक्रम में भाग लिया।

### राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस: आयोजित हुई गोष्ठी



**बहराइच।** राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस के अवसर पर आकांक्षी विकास खण्ड हुजूरपुर के ग्राम भंगहा स्थित जय मां लेंगडेक मत्स्य बीज प्रजनन हैचरी परिसर में एक गोष्ठी का आयोजन कर मौजूद कृषकों को मत्स्य पालन के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार ने मछुआ दुर्घटना बीमा, निषाद राज बोट योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि सहित अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

# पेयजल आपूर्ति हेतु रोड कटिंग कार्य में सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं: जिलाधिकारी



- कार्य के दौरान बैरिकेटिंग लगाकर यातायात हेतु एक लेन पर ट्रैफिक डायवर्जन के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में पेयजल आपूर्ति के सुदृढ़ीकरण हेतु जल निगम द्वारा बिछाई जा रही पाइप लाइन हेतु रोड कटिंग के कार्य प्रगति पर है, जिसे व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने व यातायात सुचारू रूप से संचालित कराए जाने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने शहर में सुबह भ्रमण किया। जिलाधिकारी में नगर के वर्णी चौराहा स्थित रिसाला मंदिर, तुवन चौराहा एवं नेहरू नगर में जल निगम के कार्यों का अवलोकन किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रिसाला मंदिर मैदान में खोखे, घोड़ा गाड़ी व अतिक्रमण पाया गया, जिसे तत्काल हटवाटे हुए चौहद्दी में वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए गए। इसके उपरान्त तुवन चौराहे पर चल रहे रोड कटिंग के कार्य एवं सर्वे प्लान का अवलोकन किया गया, इसी दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का संज्ञान लिया गया, जिसमें तुवन चौराहा से होते हुए चर्च रोड पर हकीम दवाखाना द्वारा दुकान लगा ली गई है। निर्देश दिये गए कि इस प्रकार के अतिक्रमण की सूचना मिलते ही तत्काल हटवाया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि रोड कटिंग कार्य का शिड्यूल बनाकर मीडिया के माध्यम से प्रसारित कराया जाए, ताकि जनता को पूर्व से ही सूचना मिल सके। साथ ही जहां कार्य कराया जा रहा है वहां सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सम्बंधित विभागों की एनओसी प्राप्त कर कार्य कराया जाए तथा प्रोपर बैरिकेटिंग कराकर एक लेन यातायात के लिए सुचारु रखी जाए, निर्देशों के क्रम में एडीएम नमामि गंगे द्वारा कार्य स्थल पर बैरिकेटिंग कराकर एक लेन सुचारु करा दी गई। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने नेहरुनगर का निरीक्षण कर अमृत योजनान्तर्गत किये जा रहे कार्य को देखा गया, मौके पर बताया गया कि वार्ड में अमृत योजनान्तर्गत कार्य किया गया और स्थानीय लोगों से वार्ता की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन लोगों को अमृत योजना प्रथम के तहत कनेक्शन से छूट गए हैं, उन्हें अमृत योजना-2 के अंतर्गत आच्छादित किया जाए। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जनपद में चल रहे रोड कटिंग के कार्य का रोस्टर बनाकर कार्य कराया जा रहा है, साथ ही सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है, साथ ही यातायात व्यवस्था सुचारु रखने हेतु वर्किंग साइट पर बैरिकेटिंग लगाकर वन वे व्यवस्था की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में वार्ड नं 11 सिविल लाइन द्वितीय तुवन मंदिर से चर्च रोड तक बांयी पटरी पर 200 मी. लम्बाई में पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है, जो 02 दिवस में पूर्ण कर लिया जाएगा, वार्ड नं0- 22 रावतयाना द्वितीय में एसडीपीएस स्कूल के सामने बड़ी नहर के बांयी तरफ 300 मी लम्बाई का प्रगति पर है जो 7 दिवस में पूर्ण करा लिया जाएगा। वार्ड नं0-21 तालाबपुरा द्वितीय में भीकम यादव एड. के मकान के सामने नाले का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जो 02 दिवस में पूर्ण किया जाएगा, वार्ड नं0-21 में ही सीतापाठ मंदिर रोड पर डैम के पीछे पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है जो 07 दिवस में पूर्ण कराया जाएगा।

## स्थायी लोक अदालत बहराइच में चयनित होंगे 02 सदस्य

**बहराइच।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के पूर्णकालिक सचिव ने बताया कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार स्थायी लोक अदालत बहराइच में 02 सदस्यों की नियुक्ति की जानी है। उपयोगिता सेवा के क्षेत्र यथा वायु, सड़क, जलमार्ग द्वारा व्यक्तियों या माल के वहन के लिए यातायात सेवा, डाक, तार, टेलीफोन सेवा या ऐसा स्थापन जो जनता को विद्युत, प्रकाश या जल का प्रदाय करता है, या लोक सफाई, स्वच्छता प्रणाली, अस्पताल, औषधालय में सेवा, बीमा सेवा के अन्तर्गत ऐसी कोई सेवा सम्मिलित है जिसे यथास्थिति, केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार लोकहित में हो अर्ह होंगे। पूर्णकालिक सचिव ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति निर्धारित प्रारूप पर अपने आवेदन पत्र तारा महिला इण्टर कालेज के निकट नवीन एडीआर भवन में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के कार्यालय में स्वयं अथवा डाक द्वारा 09 अगस्त 2024 तक उपलब्ध करा सकते हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत- बायताल वि.खं. डुमरियागंज, जनपद-सिद्धार्थनगर

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत बायताल विकास खण्ड डुमरियागंज द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 22.06.2024 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत बायताल के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 01:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बायताल के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बायताल कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत बायताल के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- धर्मेंद्र कुमार**
**ग्रा.पं. बायताल**
**वि.खं. डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर**

**सचिव- अनुपम पान्डेय**
**ग्रा.पं. बायताल**
**वि.खं. डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर**


## बकरी चरा रही महिला गोमती नदी कूदी



**सुल्तानपुर।** बल्दीराय थाना क्षेत्र के चौकी वलीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत केवटली में गोमती नदी के किनारे बकरी चरा रही 42 वर्षीय दलित महिला सुनीता गोमती नदी में कूद गई।बताया जा रहा है कि महिला मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। घटना की सूचना पर ग्रामीणों ने पहुंचकर नदी में खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। चौकी इंचार्ज वलीपुर मौके पर पहुंचकर नदी में डूबी महिला का पता लगा रहे हैं। केवटली गांव निवासी जागेश्वर पत्नी सुनीता 42 वर्ष बुधवार को 11 बजे के करीब गोमती नदी घाट के किनारे बकरी चराने गई थी। मानसिक रूप से बीमार होने के कारण और नदी में कूद गई। आसपास के अन्य चरवाहों ने गुहार लगाई तो गांव के तमाम लोगों के पहुंचे।नदी में सुनीता को खोजे लेकिन कुछ पता नहीं चल सकता है।

# अटल भूजल योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत का प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** अटल भूजल योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तरीय एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय ग्राम विकास प्रशिक्षण संस्थान रोंडा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता परियोजना के नोडल अधिकारी आकाशदीप ने की। प्रशिक्षण के दौरान जिला प्रशिक्षण अधिकारी कमल किशोर कमल व सुनील कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रशिक्षक ने विशेष रूप से किसानों को प्रशिक्षित किया।

प्रशिक्षण के अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी आकाशदीप ने कहा कि किसानों एवं ग्रामीण जनों को पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा जिस प्रकार हम देख रहे हैं कि पानी की उपलब्धता लगातार कम होती जा रही है, ऐसे में हमें ध्यान रखने की आवश्यकता है के पानी को बचाते हुए अपनी खेती किसानी को बेहतर ढंग से किया जाए। उन्होंने किसान भाइयों को उन्नत किस्म के बीज एवं उन्नत श्रेणी के कृषि उपकरण उपयोग करने की सलाह दी।

वरिष्ठ प्रशिक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अटल भूजल योजना के अंतर्गत हमारा प्रयास से के गांव-गांव में भूगर्भ जल के घटते स्तर पर लोगों को जागरूक किया जाए एवं उन्हें जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति संवेदित किया जाए। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि जल संरक्षण एवं जल के विवेकपूर्ण उपयोग के द्वारा ही हम पानी वह बचते हुए अपने कार्यों को कर सकते हैं।

आई सी एक्सपर्ट आर के पांडे ने ग्रामीणों से गंभीरता पूर्वक अटल भूजल योजना को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा अटल भू जल योजना के माध्यम से आने वाली पीढ़ी को खुशहाल जीवन दे सकते हैं। जिला प्रशिक्षण अधिकारी कमल किशोर कमल ने सभी प्रतिभागियों सरल भाषा मे पानी की एक एक बूंद के महत्व को बताया।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल पैकेट पद्धति से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **31.07.2024** को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।
निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | निविदा सूचना संख्या | 06402024 दिनांक 09.07.2024 |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर–वाराणसी/उ0रे0/लख0 के अधीन वरि0 खण्ड इंजीनियर/कार्य/वाराणसी के परिक्षेत्र में लखनऊ मण्डल के वाराणसी क्षेत्र–पंडित दीन दयाल उपाध्याय (डी0डी0यू0) (लगभग 30 कि0मी0) स्वचलित सिग्नलिंग के प्रावधान के संबंध में 05 एस0एण्ड0टी0 भवनों के निर्माण का कार्य। | |
| 2 | अनुमानित लागत | रू0 98,19,962.25 |
| 3 | धरोहर राशि | रू0 2,49,600.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह (06) माह। |
| 5 | निविदा डालने का प्रारंभ | 17.07.2024 |
| 6 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 31.07.2024 15:00 बजे |
| 7 | बेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– 1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरांन्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ0रे0 नयी दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनांक 07.04.2015

2096/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हमीरपुर में मात्र 24 पैथालोजी हैं पंजीकृत लेकिन चल रही हैं दर्जनों अवैध पैथोलॉजी



सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की उड़ाई जा रही हैं धज्जियाँ

**अवधनामा संवाददाता (हिफजुर्रहमान)**

**हमीरपुर-मौदहा।** जिले भर में अवैध पैथोलॉजी लैबों की बाढ़ सी आ गई है। कलेक्शन सेंटर की आड़ में धड़ल्ले से अवैध पैथोलॉजी लैबों का संचालन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सामने ही चल रहीं है अनेकों अवैध पैथोलॉजी। बिना रजिस्ट्रेशन व अधिकृत मान्यता न होने के बावजूद संचालित हो रहीं पैथोलॉजी लैबों की जानकारी होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के अनुसार जिले में केवल 24 पैथोलॉजी लैब ही पंजीकृत हैं।मौदहा में 2 पैथालोजी ही पंजीकृत हैं लेकिन चल रही हैं अनेक कमो बेश यही हाल जिला मुख्यालय का भी है जहाँ अनगिनत अवैध लैब कलेक्शन सेंटर की आड़ में चल रही हैं। जिले भर में यह आंकड़ा दर्जनों की संख्या में बताया जा रहा है। इन लैब का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है और लोगों के सैंपल लेकर जांच की जा रही है।

### क्या है सुप्रीम कोर्ट के आदेश

12 दिसंबर 2017 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश क्रमांक 32596/2010 अनुसार पैथालॉजी लैब में कार्यरत पैथालॉजिस्ट जिसके पास एमडी अथवा डीसीपी की डिग्री हो, वही व्यक्ति रिपोर्ट पर हस्ताक्षर कर सकता है। इसके अलावा भले ही वह एमबीबीएस डॉक्टर्स क्यों न हो, उसे रिपोर्ट में हस्ताक्षर करने का अधिकार नहीं है। इस मामले में टैक्नीशियन की अपील को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। लेकिन इसके बाद भी जिले भर मे कस्बों के साथ ग्रामीण इलाकों में भी अवैधरूप से सैकड़ों पैथालॉजी लैब का संचालन अयोग्यों द्वारा किया जा रहा है।

### योग्यता न रजिस्ट्रेशन

लैब संचालन के लिए शासन द्वारा विधिवत नियम लागू किए गए हैं, लेकिन जिले में आश्चर्यजनक रूप से डीएमएलटी व उनके सहयोगी तक लैब संचालित कर रहे हैं, वे ही रिपोर्ट में साइन करके दे रहे हैं, जबकि लैब संचालक एमबीबीएस, एमडी पैथोलॉजिस्ट होना चाहिए। इतना ही नहीं अवैध तरीके से संचालित हो रहीं लैब के पास न ही नियमानुसार पॉल्यूशन बोर्ड का रजिस्ट्रेशन है और न ही पंजीकृत मेडिकल वेस्ट फर्म का पंजीयन है। लैब के पास पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का रजिस्ट्रेशन, पंजीकृत मेडिकल वेस्ट सर्विस से एग्रीमेंट, सीएमएचओ ऑफिस का रजिस्ट्रेशन लेकिन नियमों को ताक पर रखकर पैथोलॉजी लैब संचालित हो रही हैं। और स्वास्थ्य विभाग मौन है।

# सरीला में नवनिर्वाचित सांसद का जोरदार स्वागत




**अवधनामा संवाददाता**

**सरीला (हमीरपुर)** चुनाव जीतने के बाद सरीला प्रथम आगमन पर नवनिर्वाचित सांसद अजेन्द्र सिंह राजपूत का इंडिया गठबंधन के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। बुधवार को हमीरपुर महोबा लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद अजेन्द्र सिंह लोधी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत सरीला पहुंचने पर जगह - जगह इंडिया गठबंधन के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया।नवनिर्वाचित सांसद ने कस्बे में आयोजित सभा को संबोधित किया, जहां सपा की महिला सभा की जिलाध्यक्ष नीलम यादव के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया और मुंह मीठा कर जीत की बधाई दी। जिस पर नवनिर्वाचित सांसद ने इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया और हमेशा जनता के हर सुख दुःख में खड़े रहने का वादा किया।इस मौके पर पुष्पेन्द्र यादव ममना, विधानसभा प्रत्याशी चन्द्रवती वर्मा , शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष शिव सिंह यादव, महिला सभा की जिलाध्यक्ष नीलम यादव,विधानसभा अध्यक्ष गोकुल राजपूत, जिला सचिव लाखन सिंह यादव,राजेश राजपूत, वरिष्ठ नेता नत्थू अहिरवार, पवन श्रीवास, बृजेन्द्र यादव, सुदामा विश्वकर्मा, शमीम खां, अरुण राजपूत, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# करोड़ों की लागत से निर्मित राठ-उरई राज्य राजमार्ग ध्वस्त, जिम्मेदार मौन

**अवधनामा संवाददाता**

**सरीला हमीरपुर।** सरकार द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित पनवाड़ी - बिलरायां राज्य राजमार्ग लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की उदासीनता और सड़क निर्माण में हुए मानकविहीन निर्माण में जिम्मेदारों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है बारिश की शुरूवात में चंद बूंदे पड़ते ही राठ से चिकासी पुल तक कई जगह गहरे और यातायात में जानलेवा रूप ले चुके बड़े बड़े गढढे हो चुके है और स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभाग इसको गंभीरता से न लेकर मूकदर्शक बनकर इस जर्जर हो चुके मार्ग पर किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे है एक तरफ जहां लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ओवरलोड परिवहन को सड़क की दुर्गति का कारण मानते है वहीं उखड़ चुकी सड़क और गढढे अपनी घटिया गुणवत्ता प्रयोग की दास्तान खुद मौके पर और तस्वीरों में बयां कर रही है। सरकार द्वारा समय समय पर सरकारी निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार करने



वाले जिम्मेदारों पर ज़ीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपनाकर लगातार कार्यवाही की जाती है लेकिन जिम्मेदार विभागीय अधिकारी और ठेकेदार जब भी मिलीभगत कर सरकारी निर्माण कार्यों में मानक विहीन कार्य कराते है तब यदा कदा एसी तस्वीरें आती है जिससे साफ पता लगता है कि सरकार लाख जीरो टोलरेंस पॉलिसी का राग अलापे लेकिन स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार सरकारी धन के दुरपयोग करने से बाज नहीं आ रहे है ताजा मामला लोक निर्माण विभाग के पनवाडी -बिलरायां राज्य राजमार्ग का है जहां पर करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित सड़क राठ और चिकासी पुल के मध्य कई जगह धंसकर जर्जर हो चुकी है और बड़े गढ़ो ने इस सड़क पर यातायात को जानलेवा बना रखा है इस फोर लेन सड़क में जगह जगह पर हो चुके गढढो में बारिश की शुरुवात होते ही पानी भर चुका है सड़क में हो चुके अनगिनत गढढे और इस जर्जर हो चुके मार्ग की जानकारी होने के बाद भी विभाग किसी बड़ी अनहोनी के इंतजार में है कुल मिलाकर पूरी सड़क जर्जर हो चुकी है यात्रियों ने बताया कि राठ से उरई के मध्य इस जर्जर मार्ग से यात्रा करना बहुत कष्टप्रद है वहीं अपना दल (एस) से जिलाध्यक्ष महेंद्र राजपूत ने मुख्यमंत्री सहित लोक निर्माण विभाग के शासन में बैठे आला अधिकारियों को पत्र भेजकर बताया कि राठ से चिकासी तक बहुत बड़े बड़े गढढे हो गए है सौ करोड़ रुपए की लागत से बनी यह सड़क एक बर्ष पूर्व तैयार की गई थी ठेकेदार व लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदारों की मिलीभगत से यह सड़क मानक विहीन निर्माण के कारण अपनी दुर्गति को प्राप्त हो चुकी है जनमानस और राहगीरों का निकलना दूभर हो गया है उन्होंने शिकायती पत्र भेजकर मुख्यमंत्री और जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से अपने समयकाल का एक वर्ष ही पूर्ण करके ध्वस्त हो चुकी।

# बारिश का क्रम थमने से धान की रोपाई अटकी



**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** मानसून आने के बाद बारिश का क्रम रुक जाने से धान किसान परेशान है। नलकूपों के लिए महज 10 घंटे की विधुत आपूर्ति ने किसानों को मानसिक रूप से परेशान कर दिया है। धान की नर्सरी तैयार होने के बाद बारिश के अभाव में किसान रोपाई नहीं कर पा रहा है। मानसून की दस्तक के बाद क्षेत्र में जोरदार बारिश के बाद खरीफ की फसलों की बुवाई का मार्ग प्रशस्त हो गया था लेकिन बारिश के थमने से धान किसान मायूस है। पलरा के किसान नवीन यादव, विदोखर के किसान परशुराम, पाटनपुर के किसान छोटेलाल पाल, टेढा के सौरभ सिंह, गोपीश्याम द्विवेदी, पारा रैपुरा बिहारीलाल प्रजापति, पंधरी के भज्जू सिंह आदि ने बताया कि बारिश न होने से धान की रोपाई थमी हुई है। निजी नलकूपों को 10 घंटे की विधुत आपूर्ति का रोस्टर लागू होने से समस्या खड़ी हो रही है। लोकल फाल्ट आदि को लेकर बमुश्किल महज 8 घंटे की सप्लाई होने से किसान समय से धान की रोपाई नहीं कर पा रहा है। किसानों को मानसून की बारिश का इंतजार है। पर्याप्त बारिश के बाद ही धान की रोपाई में तेजी आएगी।

# मुख्यमंत्री द्वारा नव नियुक्त लेखपालों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ प्रसारण

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदेश के 7720 लेखपालों का नियुक्ति पत्र वितरण मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से लाइव प्रसारण किया गया। इसी क्रम में जनपद हमीरपुर में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुलदीप निषाद आदि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनपद के 82 नव नियुक्त लेखपालों (तहसील हमीरपुर में 18, तहसील मौदहा में 27, तहसील राठ में 20 तथा तहसील में 17) का वितरण कार्यक्रम डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आप लोग मेहनत कर नियुक्ति पत्र प्राप्त कर




नव नियुक्त लेखपालों को डीएम ने वितरित किया नियुक्ति पत्र

लेखपालों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण ईमानदारी एवं पारदर्शी ढंग से करें कार्य: मुख्यमंत्री

रहे हैं आप लोग जिलाधिकारी के निर्देशन में कार्य करेंगे उन्होंने कहा कि जनता की तरफ से कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए आप लोग फील्ड में मनोयोग से कार्य करें। जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने सभी नवनियुक्त लेखपालों को बधाई देते हुए कहा कि जनपद में लेखपालों की कमी से राजस्व कार्यो में बाधा आ रही थी जिससे कि कार्यों में प्रगति बढ़ेगी। आप लोगों की ट्रेनिंग महत्वपूर्ण होती है सभी उप जिलाधिकारी इस पर ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि आप लोग जितना अच्छी तरह से सही नियत व सही नियति से टेक्निकल कार्य समझेंगे उतना ही सफल होंगे एवं जमीन की समस्याओं का निस्तारण कराएंगे। उन्होंने कहा कि कोई लेखपाल गलत कर देता है उससे दूसरों का कार्य खराब होता है जिससे गांव में वैमनस्य होता है आप लोगों का फिल्ड में महत्वपूर्ण रोल होता है विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र तहसील स्तर से दिए जाते हैं जिसमें लेखपाल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, कहा कि आप लोग फील्ड में रहेंगे तो बहुत से लोग लालच देंगे लेकिन अपने पथ से न हटे और आगे कार्य करते रहें फील्ड में समाज व लोगों की मदद करें । कहा कि आप लोग की रिपोर्ट कमीशनरी हाईकोर्ट सुप्रीम कोर्ट तक जाती है इसलिए पारदर्शी के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि आप लोग राजस्व की रीड होते हैं जो सरकार की योजनाएं हैं आप उनको निचले स्तर तक ले जाएं आप लोग कर्मठता के साथ कार्य करें एवं आगे बढ़े। इस अवसर पर नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) तथा अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं जनपद की समस्त तहसीलों के उपजिलाधिकारी मौजूद रहे।

# पुत्र ने ही पिता की सब्बल मारकर की थी हत्या

पुत्र के गिरफ्तार होने पर खुला राज

**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** जमीन बेचकर रुपए जुआ शराब में उड़ने तथा शराब पीकर घर में उत्पात मचाने से खफा होकर पुत्र ने पिता की हत्या सब्बल मार कर की दी और फरार हो गया था। पुलिस ने बुधवार को इसका खुलासा करके आरोपी को जेल भेजा है।

बीते 4 जुलाई को वार्ड संख्या तीन का निवासी धनीराम वर्मा मृत पाया गया था। उसके शरीर पर गंभीर चोटें थी। मृतक की पत्नी उमा देवी ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद से मृतक का छोटा पुत्र धर्मेंद्र कुमार घर से फरार था। पुलिस ने बुधवार को धर्मेंद्र कुमार को कस्बे की रानी लक्ष्मीबाई तिराहा से गिरफ्तार



करके घटना का खुलासा किया है। पुलिस हिरासत में हत्यारोपी पुत्र ने बताया कि पिता पैतृक जमीन बेचकर रुपए जुआं शराब में बर्बाद कर रहा था और शेष बची जमीन बेचने की फिराक में था। मना करने पर शराब पीकर आए दिन गाली गलौज करता था। इसी से आजिज होकर सब्बल मारकर हत्या की थी। गिरफ्तारी के दौरान थानाध्यक्ष राकेश कुमार, कस्बा इंचार्ज राहुल मिश्रा, दीवान आरिफ खान, सिपाही अमित यादव मौजूद रहे। पुलिस टीम ने आलाकत्ल बरामद करके आरोपी को जेल भेजा है।

# आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज रेणुकूट में वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज, रेणुकूट में विद्यालय के इको क्लब के तत्वावधान में वन महोत्सव कार्यक्रम- 2024 के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत विद्यालय परिसर में सागौन, बेल, आँवला, आम, नीम आदि के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक वनिता वासनिक का विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ल पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

इको क्लब प्रभारी शशांक शेखर तिवारी ने कार्यक्रम के उद्देश्य व रूपरेखा से सभी को परिचित कराया। इस अवसर पर छात्राओं ने संगीत शिक्षिका ज्योति मिश्रा द्वारा तैयार कराया हुआ स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि,



प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य, वरिष्ठ शिक्षकों व शिक्षिकाओं के साथ-साथ विद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा 150 से अधिक पौधे रोपित किए गए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने जलवायु परिवर्तन के लिए उत्तरदायी कारकों के विषय में जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षों की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। साथ ही छात्र - छात्राओं को सदैव पेड़-पौधे लगाते रहने का संकल्प लेने को कहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य व उप-प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने व उसके संरक्षण में अपनी सहभगिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। तदुपरान्त उपस्थित सभी सदस्यों तथा विद्यार्थियों ने पौधारोपण व उनके संरक्षण हेतु शपथ भी ली।

इको क्लब प्रभारी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. संतोष कुमार तिवारी, मीरा जायसवाल, जितेन्द्र कुमार सिंह, रितेश कुमार यादव तथा इको क्लब के अन्य सदस्यों के साथ-साथ विद्यालय परिवार के सदस्यों का सहयोग अत्यन्त सराहनीय रहा।

# स्कूल परिसर में शिक्षामित्र के पति की हथियार से हुई हत्या

**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** विकासखंड के अतरार गांव में मंगलवार रात शराब पार्टी के बाद गांव के प्राइमरी स्कूल परिसर में शिक्षामित्र के पति की धारदार हथियार से हत्या पर हड़कंप मच गया। बुधवार सुबह शव मिलने की सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पंहुचकर छानबीन शुरु की है।



अतरार गांव निवासी संदीप सिंह 40 वर्ष पुत्र अर्जुन सिंह की पत्नी अर्चना सिंह प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र है। वहां एक ही परिसर में उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट, प्राथमिक विद्यालय और पंचायत भवन संचालित हैं। मंगलवार रात संदीप को गांव के ही कुछ लोगों के साथ वहां देखा गया था। सुबह संदीप का शव विद्यालय परिसर में मिलने से हड़कंप मच गया। उसके सिर में धारदार हथियार से वार करके हत्या की गयी है।

घटना की सूचना पर बिवांर थानाध्यक्ष पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। एएसपी व सीओ ने घटनास्थल का निरीक्षण कर फॉरेंसिक टीम और डाग स्क्वायड को बुलाकर जांच के लिये निर्देशित किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि रात में विद्यालय परिसर में संदीप सिंह और इसके साथियों ने शराब पार्टी की थी। इसी दौरान हुई कहासुनी के बाद हत्या की बात पता चली है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# भाजपा चोपन मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण

**अवधनामा संवाददाता**

**चोपन/सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी चोपन मंडल में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया एक माह के अंदर ही देश भर में करोड़ों पौधे लगाए गए हैं और यह अभियान 140 करोड़ पेड़ लगाने के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। हर भारतवासी पूरे उत्साह के साथ इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आतुर है। पर्यावरण की सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित इस अभियान को मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की अनूठी उपलब्धि मानता हूं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह ने सम्बोधन में कहा कि वन हमारी सांस्कृतिक विरासत है। प्राचीन काल से हमारे देश में वनोत्सवों का आयोजन होता रहा है।

कहा कि वृक्षारोपण को आदिकाल से शुभ माना जाता है। पीपल, बरगद, आवला, तुलसी आदि वृक्षों की पूजा का विधान होने से मानव और वृक्षों



का संबंध प्राचीन काल से चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि आज के सभ्य जीवन में मानव के लिए वन अत्यंत लाभदायक है। अनेक उद्योग तो वन संपदा पर अधारित है। वनों को हरा सोना भी कहा जाता है। कहा कि वन भूमि कटाव को रोकने में सहायक होते हैं। वर्षा होने में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यहीं नहीं आध्यात्मिक और भौतिक दोनों दृष्टियों से वनों का मानव जीवन में अत्यधिक महत्व है। साथ में वहां मौजूद लोगों से यह भी कहा कि हर एक एक व्यक्ति घर जाकर एक एक पौधा रोपण जरूर करें ताकि देश का संतुलन बना रहे। इस वृक्षारोपण में उपस्थित आईटी सेल विकास सिंह छोटकू, सुदामा गोंड, कैलाश, मुकेश पटेल, जावेद, राम दुलारे खरवार व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दस ग्राम पंचायतों का किया गया चयन: शेषमणि दुबे



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** बुधवार को ब्लॉक रावर्टसगंज के निपराज, बघुआरी सहित पांच ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में सामुदायिक स्तर के हितधारकों को बाल संरक्षण की बुनियादी जानकारियों से परिचित कराने एवं बाल संरक्षण-सामाजिक व्यवहार परिवर्तन संचार सम्बन्धित मॉड्यूल विकसित किये जाने के उद्देश्य से ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक ग्राम प्रधान की अध्यक्षता मे आहुत कराते हुए समिति के सदस्यगणो का अभिमुखीकरण / गठन किया गया एवं एजेण्डा के अनुसार बिन्दुवार चर्चा की गयी। जिला बाल संरक्षण ईकाई से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया की जिला बाल संरक्षण अधिकारी पुनीत टंडन द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई से नोडल कार्मिक नामित करते हुए विभाग द्वारा जनपद के चयनित दस ग्राम पंचायतो में ग्राम बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगणो के साथ अभिमुखीकरण/ गठन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है साथ ही यह भी बताया गया की इसका मुख्य उद्देश्य है की सामुदायिक स्तर पर बाल संरक्षण और सम्बंधित पदाधिकारियों की सामाजिक और प्रत्येक त्रैमास ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आहूत करते हुए बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी, रोकथाम के साथ-साथ विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ से लाभान्वित कराते हुए बच्चो सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान कराया जा सके।

# नवचयनित 85 लेखपालों को मिला नियुक्ति पत्र

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 7,720 लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन लोक भवन लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की उपस्थिति में किया गया

मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा नवचयनित लेखपालों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया जनपद सोनभद्र में नवचयनित 85 लेखपालों के नियुक्ति पत्र का कलेक्ट्रेट सभागार में मंत्री समाज कल्याण व विधायक सदर द्वारा किया गया वितरण

-वही उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत नियुक्त लेखपालों को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा नियुक्ति प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट



निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से 7 हजार 720 लेखपालों का चयन: मंत्री संजीव कुमार गोंड़

सभागार में सजीव प्रसारण किया गया, इस मौके पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण को राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौंड़, विधायक सदर भूपेश चौबे, अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी राजेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं जनपद के नवचयनित लेखपालों ने देखा। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौंड़ ने उपस्थित नवचयनित लेखपालों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के निर्देशन में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत 7 हजार 720 लेखपालों का चयन किया गया है। जिनको आज प्रदेश स्तर एवं जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र का वितरण किया जा रहा है, जनपद सोनभद्र में नवचयनित 85 लेखपालों को बुधवार को नियुक्ति पत्र का वितरण किया जा रहा है, यह भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न करायी गयी है, इस भर्ती प्रक्रिया में किसी भी बिचैलियें की कोई भूमिका नहीं रही है। अभ्यर्थियों ने कड़ी मेहनत करके परीक्षा की तैयारी और लेखपाल भर्ती परीक्षा में सम्मिलित हुए , उन अभ्यर्थियों को आज नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है, प्रदेश सरकार निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराकर युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा रही है। इस दौरान विधायक सदर भूपेश चैबे ने नवचयनित लेखपालों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ड्यूटी के दौरान प्रदेश सरकार द्वारा जो भी जिम्मेदारी जनपद के राजस्व सम्बन्धी मामलों के निस्तारण हेतु दी जाये, उसका निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करेंगें, जिससे कि आम जनमानस का प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ससमय समस्याओं का निस्तारण हो सकेगा।

# युवाओं के कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु किया एमओयू



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/ सिंगरौली।** बुधवार को भारत सरकार की संकल्प योजना के अंर्तगत कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने जिला प्रशासन, सिंगरौली के साथ एक एमओयू किया है। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की ओर से महाप्रबंधक, जयंत क्षेत्र राजीव कुमार एवं जिला प्रशासन सिंगरौली की ओर से प्राचार्य शासकीय औद्योगिक संस्थान, सिंगरौली मकर ध्वज चौहान ने उक्त समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन के अनुसार एनसीएल जयंत के निगमित सामाजिक दायित्व के मद से रू 9.20 लाख की वित्तीय सहायता की जाएगी जिसके माध्यम से संकल्प योजना के तहत सिंगरौली जिले के 510 युवाओं को भारी वाहनों के संचालन हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने के दौरान जयंत क्षेत्र के स्टॉफ अधिकारी (कार्मिक) पी के त्रिपाठी, नोडल अधिकारी (सीएसआर) साजिद नसीम एवं आईटीआई, सिंगरौली के टीपीओ ओम प्रकाश उपस्थित रहे।

# 12 जुलाई को मुख्यमंत्री करेंगे तीन दिवसीय आम महोत्सव का शुभारम्भ

- आम की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ ही पैकेजिंग पर विशेष ध्यान दे रही है योगी सरकार
- आम की विभिन्न प्रजातियों को जनमानस में लोकप्रिय बनाने व संरक्षण देने के लिए किया जा रहा है आम महोत्सव का आयोजन
- आम महोत्सव 2024 में लगभग 800 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया जायेगा
- महोत्सव में बॉयर सेलर मीट का किया जायेगा आयोजन
- विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ प्रशिक्षण सेमीनार किये जायेंगे आयोजित: उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी लखनऊ में 12 जुलाई को पूर्वान्ह् 11 बजे से तीन दिवसीय आयोजित होने वाले आम महोत्सव को शुभारम्भ करेंगे। उत्तर प्रदेश में उत्पादित होने वाले आम की विभिन्न प्रजातियों को जनमानस में लोकप्रिय बनाने व संरक्षण देने के लिए इस तीन दिवसीय आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के आम की पूरी दुनिया में पहचान कायम हैं। इसलिए पूरे देश में आम के निर्यात में उत्तर प्रदेश का अहम योगदान है। योगी सरकार आम की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ ही पैकेजिंग पर विशेष ध्यान दे रही है। जिससे आम के निर्यात में बढ़ोत्तरी हो तथा निर्यातकों की आमदनी बढ़े और इसके साथ ही आम उत्पादकों को भी इसका लाभ मिले सके। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह बुधवार को अपने सरकारी आवास पर आम महोत्सव के आयोजन के बारे में प्रेस प्रतिनिधियो को सम्बोधित कर रहें थे। उन्होंने बताया कि फलों का राजा आम खासतौर से उत्तर प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। एक बड़े क्षेत्रफल में विभिन्न प्रजातियों का उत्पादन किया जाता है और आम उत्पादन में स्वरोजगार के साथ ही आमदनी की भरपूर सम्भावनाऐं हैं। राज्य सरकार आम की गुणवत्ता, विविधिता तथा विभिन्न प्रजातियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके लिए आम उत्पादको के लिए पैकहाउस से लेकर निर्यातको, खुदरा व्यापारियों और रेस्टोरेन्ट एवं आमजनमानस को एक मंच पर लाकर आम की बिक्री और खपत बढाने पर विशेष जोर दिया जा रहा हैं। आम निर्यात की पूरी श्रृंखला की जानकारी देने के लिए यह तीन दिवसीय आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। उद्यान मंत्री ने बताया कि उ0प्र0 आम महोत्सव-2024 में आम के सभी हितधारक तथा किसान, समितियां, स्वयं सहायता समूह, पैक हाउस, फूड प्रोसेसर, निर्यातक, व्यापारी, नर्सरी मालिक, मशीनरी और उपकरण आपूर्तिकर्ता, शोधकर्ता, वैज्ञानिक आदि शामिल होगें। आम महोत्सव 2024 में लगभग 800 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया जायेगा। इस वर्ष 100 से अधिक स्टॉल लगाए जा रहे हैं। आम महोत्सव में आम से बने विभिन्न पकवान एवं व्यंजन भी प्रदर्शित किये जायेंगे, साथ ही प्रतिभागियों द्वारा तैयार आम के पकवानों की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष विशेष आकर्षण में आम विविधता प्रदर्शनी में 120 से अधिक किस्मों के प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर आम उत्पादकों-विक्रेताओं एवं क्रेताओं-निर्यातकों की एक बॉयर सेलर मीट का आयोजन कराकर आम क्रेताओं-विक्रेताओं को एक मंच उपलब्ध कराया जायेगा, इससे अन्य प्रान्तों में भी आम के और अधिक प्रभावी विपणन के लिए कार्यवाही की जा सकेगी। इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगितायें तथा प्रशिक्षण सेमीनार आयोजित किये जायेंगे। आम महोत्सव में प्रदेश के अतिरिक्त मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, राजस्थान एवं अन्य राज्यों के उद्यान विभाग के प्रतिनिधि, प्रगतिशील बागवान एवं निर्यातकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

# अग्निवीर: ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 28 जुलाई



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** विंग कमांडर/कमान अफसर ए0 गुणशेकर ने बताया कि अग्निवीर वायु इनटेक फरवरी, 2025 (महिला एवं पुरूष) की भर्ती हेतु विस्तृत विज्ञापन बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट agnipathvayu. cdac.in पर जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक 08 जुलाई, 2024 से 28 जुलाई, 2024 तक नियत है। पंजीकरण एवं अधिसूचना का लिंक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस भर्ती में दिनांक 03 जुलाई, 2004 और 03 जनवरी, 2008 (दोनों तिथियॉ सम्मिलित) के बीच जन्मे पात्र अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन करने हेतु योग्य है। भर्ती प्रक्रिया की प्रथम चरण की ऑनलाइन ई-परीक्षा दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 से प्रारम्भ होगी।

# दो अवैध व्यवसायिक निर्माणों को एलडीए ने किया सील

**अवधनामा ब्यूरो**





**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को गोमती नगर में दो अवैध व्यवसायिक निर्माणों के साथ मडियांव में मानचित्र स्वीकृत कराए बिना कराए गये बी.के. मैरिज लॉन को सील कराया। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि ऊषा तिवारी व अन्य की ओर से गोमती नगर के विनम्र खण्ड में भूखण्ड संख्या 3/1 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से लोअर ग्राउण्ड, अपर ग्राउण्ड, प्रथम, द्वितीय व तृतीय तल में दुकानें, शोरूम व हॉल आदि का निर्माण कराया गया था। इसके अलावा डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय की ओर से गोमती नगर के विराज खण्ड में भूखण्ड संख्या 5/425 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बेसमेण्ट, ग्राउण्ड फ्लोर व प्रथम तल का निर्माण कराया जा रहा था। दोनों निर्माण कार्यो के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। आदेशों के अनुपालन में बुधवार को सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता एस.के. दीक्षित व आशीष श्रीवास्तव ने दोनों इमारतों को सील कराया। इसी तरह प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी रविनंदन सिंह ने बताया कि मुरारी लाल की ओर से मडियांव के भिठौली में आई.आई.एम. रोड पर लगभग 2000 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर हॉल, किचन व कमरों आदि का निर्माण करा बी.के. मैरिज लॉन संचालित किया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना अवैध रूप से बनाए गये मैरिज लॉन के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे, जिस पर बुधवार को सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता भरत पाण्डेय व प्रमोद कुमार पाण्डेय ने लॉन को सील कराया।

# आरक्षण की लूट बंद कर संविदा के बजाए स्थायी नियुक्ति की मांग

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष मनोज यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख कर अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को मिले आरक्षण की लूट बंद कर संविदा के बजाए स्थायी नियुक्ति और नॉन फाउण्ड सूटेबल को तुरंत बंद करने की मांग की है। श्री यादव ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री इन विषयों पर बहुसंख्यक आबादी, एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग के अधिकारों की रक्षा करते हुए संविधान की गरिमा को और ऊंचाई प्रदान करेंगे। पत्र में उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से प्रदेश में सभी भर्ती संस्थाओं राज्य विवि, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, उच्चतर-माध्यमिक शिक्षा चयन आयोग, पुलिस भर्ती आयोग की नियुक्तियों में आरक्षण के संवैधानिक अधिकार की लगातार अवहेलना की जा रही है। सरकारी संस्थानों में संविदा और आउटसोर्सिंग पर नियुक्तियां मानव श्रम, भ्रष्टाचार और आरक्षण की संगठित लूट है। इस पर तत्काल रोक लगना चाहिए और समूह ग और घ की सभी नियुक्तियां स्थायी हों। कोरोना के समय प्रदेश में भर्ती पांच हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को हटाने के निर्णय पर पुनर्विचार कर सेवाविस्तार दिया जाए और कर्मचारियों की स्थायी नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। साथ ही भर्ती संस्थानों के नॉट फाउण्ड सूटेबल से इन वंचित वर्गो के अभ्यर्थियों के साथ भेदभाव का बेहद अन्यायपूर्ण और निंदनीय तरीका निंदनीय है। इस नियम को तत्काल खत्म किया जाए।

# जीवन संरक्षण के नाम महा पौधरोपण अभियान

**अवधनामा ब्यूरो**



सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में चिनहट के शांति विहार कॉलोनी स्थित स्वप्नकुंज परिसर में किया गया वृहद पौधरोपण

**लखनऊ।** जीवन संरक्षण के नाम महा पौधरोपण अभियान÷ के अंतर्गत ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में बुधवार 10 जुलाई को चिनहट के शांति विहार कॉलोनी स्थित स्वप्नकुंज परिसर में वृहद पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर मनोकामिनी, चम्पा, जरबेरा, मोरपंखी सहित तरह-तरह के पाम के पौधे रोपित किये गए। अपने संदेश में सपना गोयल ने कहा कि सनातन धर्म में हमेशा प्रकृति संरक्षण को महत्व दिया है। इसके साथ ही विभिन्न पूजन अनुष्ठानों में तुलसी, आम, बरगद, बेल, केला, आंवला जैसे विभिन्न जन कल्याणकारी वृक्ष और पौधों को शामिल किया जाता है। वास्तव में पेड़ पौधों को हम नहीं बल्कि पेड़ पौधे हमे संरक्षण प्रदान करते हैं। इसीलिए लखनऊ ही नहीं प्रदेश भर में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। अकेले लखनऊ, चिनहट, मोहनलालगंज में दो हजार पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही 51 शक्तिपीठ की मातृशक्तियों द्वारा इस वृहद अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर भी संचालित किया जाएगा।

सत्य सनातन नारी शक्ति-लक्ष्मणपुरी की सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी लोगों को उठानी होगी। प्राणवायु, भोजन, लकड़ी ही नहीं वृक्ष प्राकृतिक आपदाओं पर भी अंकुश लगाते हैं। जल स्तर बनाए रखते हैं और जीवनदायिनी जल के लिए वर्षा के भी आधार बनते हैं।

# जे.ई. परीक्षा का परिणाम को जल्द घोषित करने की मांग



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा आयोग के 1388 पदों के लिए सम्पन्न हुई जे.ई. परीक्षा का परिणाम 6 साल बाद भी घोषित न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए परिणाम जल्द घोषित करने की मांग की। श्री राय ने कहा कि जे.ई. परीक्षा परिणाम जल्द घोषित न हुए तो कांग्रेस अभ्यर्थियों के हित में आंदोलन को मजबूर होगी। श्री राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी न सिर्फ पेपर लीक करा कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है बल्कि सम्पन्न परीक्षाओं का परिणाम घोषित न करके भी युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर रही है। युवाओं के प्रति इतनी संवेदनहीन सरकार पहले कभी नहीं रही। न तो परिणाम घोषित किया जाता है और हक मांगने पर अभ्यर्थियों को लाठियों से पीटा जाता है। पिछले 6 सालों से सरकार के चक्कर लगाते-लगाते भी जब परिणाम नहीं आया तो आज नाराज अभ्यर्थियों ने पिकअप भवन के सामने धरना दिया। मगर इस निरंकुश सरकार की मंशा साफ है कि न हक देंगे और मांगोगे तो पुलिस से पिटवाएंगे।

# तलाकशुदा महिलाओं के गुजारे भत्ते के आदेश का स्वागत

**लखनऊ।** आल इंडिया मुस्लिम महिला बोर्ड की अध्यक्षा शाइस्ता अंबर ने सर्वोच्च न्यायालय के तलाकशुदा महिलाओं के गुजारे भत्ते के आदेश का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा फैसला सभी धम-सम्प्रदायों की महिलाओं-बच्चों के हित में तुरंत लागू हो। गुजारे भत्ते को लेकर जो आदेश न्यायालय ने दिया है कि तलाक के बाद भी पति उसे गुजारा भत्ता दे तो इससे तलाक या परिवार टूटने की संभावना कम होगी। शाइस्ता अंबर ने कहा कि हमने वर्ष 2023 में तलाकशुदा महिलाओं-बच्चों के गुजारा भत्ते के लिए याचिका दायर की थी।

# मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरीडोर को एनपीजी मंजूरी बड़ी उपलब्धि : सुशील कुमार

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** लखनऊ मेट्रो के प्रस्तावित ईस्ट-वेस्ट कॉरीडोर चारबाग से बसंतकुज के डीपीआर मंजूरी दिशा में सकारात्मक पहल हुई है। इसे दिल्ली में मंगलवार को हुई नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप की मंजूरी मिली। प्रदेश सरकार इस परियोजना को मार्च में ही अनुमोदन दे चुकी है। दिल्ली में हुई बैठक में मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरीडोर निर्माण के लिए किसी भी तरह की बाधा नहीं मिली। बैठक में प्रधानमंत्री गति शक्ति पोर्टल (पीएमजी) नेशनल मास्टर प्लान पोर्टल का उपयोग कर तमाम यूटिलिटी पर चर्चा की गयी जिसमें ईस्ट-वेस्ट कॉरीडोर मेट्रो निर्माण के लिए कोई बाधा नहीं मिली। पीएम गति शक्ति पोर्टल से मेट्रो निर्माण के लिए स्थलीय परीक्षण से पहले निर्माण के रास्ते में आने वाली यूटिलिटी जैसे रेलवे लाइन, सीवर, नाले, संरक्षित स्मारक, हाईवे, पुल, फ्लाईओवर आदि की बारीक और सटीक जानकारी मिल जाती है, जिससे निर्माण योजना बनाने में वक्त की बचत होती है। एनपीजी के बाद अगला चरण पब्लिक इन्वेस्टमेण्ट बोर्ड का होता है जिसमें परियोजना की मंजूरी के बाद केन्द्रीय कैबिनेट से परियोजना की डीपीआर की मंजूरी की जरूरत होती है। यूपी मेट्रो के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरीडोर को एनपीजी मंजूरी बड़ी उपलब्धि है। चारबाग से बसंतकुंज तक प्रस्तावित ईस्ट-वेस्ट कॉरीडोर की कुल लम्बाई 11.165 किलोमीटर होगी, जिसमें एलिवेटेड लम्बाई 4.286 किमी और भूमिगत लम्बाई 6.879 किमी होगी। कॉरीडोर में कुल 12 स्टेशन होंगे जिसमें 7 भूमिगत और 5 एलिवेटेड होंगे। प्रस्तावित कॉरीडोर के पूरा होने का अनुमानित समय 5 साल और लागत 5081 करोड़ है। ईस्ट-वेस्ट कॉरीडोर के स्टेशनों में चारबाग भूमिगत, गौतम बुद्ध नगर भूमिगत, अमीनाबाद भूमिगत, पाण्डेयगंज भूमिगत, सिटी रेलवे स्टेशन भूमिगत, मेडिकल कॉलेज चौराहा भूमिगत, चौक भूमिगत, ठाकुरगंज एलिवेटेड, बालागंज एलिवेटेड, सरफराजगंज एलिवेटेड, मूसाबाग एलिवेटेड और बसंतकुंज एलिवेटेड होंगे। चारबाग से बसंतकुंज तक मेट्रो का ईस्ट-वेस्ट कॉरीडोर पुराने लखनऊ के प्रमुख स्थानों अमीनाबाद, चौक आदि को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को जोड़ पुराने लखनऊ के लोगों को सुविधा प्रदान करेगा।

# मजलिसों और मातम का सिलसिला देर रात तक चलता रहा

- हजरत फातिमा (स.अ.) को उनके बेटे का पुरसा दिया
- लब्बैक या हुसैन और हुसैन बादशाह के नारों की गूंजती रही आवाजें



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मोहर्रम माह के तीसरे दिन बुधवार को मजलिसों और मातम का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। जहां शहर के इमामबाड़ों में पुरूषो ने मजलिसों में शिरकत की वहीं महिलाओं ने अपने इलाकों के घरों में मजलिस-ओ-मातम करके हजरत फातिमा (स.अ.) को उनके बेटे का पुरसा दिया। जिसे सुनकर अजादार जारो-कतार रोये और या हुसैन-या हुसैन की सदाएं बुलन्द कर उनका गम मनाया। इसके अलावा मजलिसों में लब्बैक या हुसैन और हुसैन बादशाह के नारों की भी गूंजती रही।

छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में मौलाना मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि रोजे कयामत इंसान का एक एक अंग उसके गुनाहों की गवाहई देंगा। हमें ऐसी जिन्दगी गुजारनी चाहिए कि न हमारा जिस्म और न हमारी रूह खसारे में रहे।

इमामबाड़ा जन्नतमाब तकी साहब चौक में मौलाना सैफ अब्बास ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा किजुल-अशीरा से लेकर जीवन की अंतिम सांस तक अली हमेशा नबी(स.) के साथ रहे हिजरत की रात में पैगंबर (स.) की जान बचाई, बद्र में मुसलमानों की जान बचाई और इस्लाम को खंदक में बचाया। यही कारण था कि अल्लाह ने अपने पैगम्बर (स.) से कहा, हे पैगम्बर, अपने जीवनकाल में ही अपने उत्तराधिकारी और खलीफा की घोषणा कर दो। पैगम्बर ने अल्लाह के हुक्म से हजारों लोगों के बीच अली (अ.स.) की विलायत का ऐलान कर दिया।

इमामबाड़ा शहनाजफ हजरतगंज में मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना अली अब्बास खान ने कहा कि इलाही निजाम को समझने लिए अल्लाह की सिफात को समझना जरूरी है। पूरी कायनात अल्लाह के हुजूर में हाजिर है। अल्लाह जिस तरह अपनी जात का इल्म रखता है उसी तरह अपनी मखलूकात का इल्म रखता है। मफलूकात की खिलकत से पहले. खिलकत के वक्त और खिलकत के बाद एक जैसा इल्म रखता है। इमाम मोहम्मद बाकिर अस फरमाते हैं कि कायनात में जो कुछ है, अल्लाह उसका इल्म हमेशा से इस तरह से रखता है जिस तरह से उसकी खिलकत से पहले रखता था।

इमामबाड़ा गुफरामाआब चौक में मौलाना कल्बे जव्वाद ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि अज़ादारी इमाम हुसैन (अ.स) की शहादत की यादगार है जिसे अल्लाह ने क़ाएम किया। उन्होंने कहा कि अगर आज दीन बाक़ी है और कायम ओ दाएम है तो ये इमाम हुसैन (अ.स) की शहादत की बुनियाद पर है। मौलाना ने कहा कि दुनिया में हर ग़म की एक मुद्दत होती है, अल्लाह ने इंसान की फितरत में रखा है कि वह बड़े से बड़ा गम भी एक वक़्त के बाद भूल जाता है। लेकिन ग़मे हुसैन तनहा ऐसा ग़म है जो वक़्त के साथ साथ बढ़ता जा रहा है।और हमेशा ये गम ताज़ा रहता है क्योकि ये अल्लाह का वादा है।

हुसैनी इमाम बारगाह अलीगंज में मौलाना इब्राहीम कुम्मी ने कहा कि अहलेबैत (अ.स.) ने हमें जिंदगी का मकसद बताया है। अहलेबैत वह वसीला हैं जिनके जरिए हम हर चीज को जान व पहचान सकते हैं।

इमामबाड़ा कसरे हुसैनी बिल्लौचपुरा में मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी ने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब ने जाते जाते फरमाया था कि हम तुम्हारे दरमियां दो चीजे छोड़ कर जा रहा है। इसके बाद भी यजीद के लोगों ने कर्बला में हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों को तीन दिन का भूखा-प्यासा शहीद कर दिया।

इमामबाड़ा लाडोखानम नक्खास में मौलाना सकलैन अब्बास नकवी ने कहा कि कुरान और अहलेबैत एक-दूसरे से जुदा नहीं हो सकते। जो दोनों के साथ होगा वह कामयाब होगा। दुनिया में अल्लाह के बताए रास्ते पर चल कर ही निजात हासिल हो सकती है।गोलागंज स्थित मकबरे आलिया में मौलाना राहिब हसन ने कहा कि अल्लाह हर इंसान को नेमत देता है लेकिन वो नेमत वक्ति तौर पर होती है फिर अल्लाह वापस ले लेता है कोई भी नेमत हमेशा बाकी नहीं रहती है लेकिन यह मजलिसे अज़ा एक ऐसी नेमत है जो कयामत तक बाकी रहने वाली है।

### ये कह के हाथ खोल दिये उसके शाह ने...

इमामबाड़ा नाजिम साहब बाजाजा में तीसरी मुहर्रम की मजलिस को खुर्शीद रजा फतेहपुरी ने मीर अनीस का तसनीफ करदा हजरत ए हुर्र के हाल का मर्सिया पढ़ा- ये कह के हाथ खोल दिये उसके शाह ने,लिपटा लिया गले से रिसालत पनाह ने,पूछा गुबार चेहरे का शेर अला ने, जर्रे को मेहर कर दिया जहरा के माह ने,हुर्र के क़दम की आके मलक खाक ले गए,मेहमान को अपने पंजतन ए पाक ले गए। कल की मजलिस को औन रिज़वी मर्सिया पेश करेंगे।

### ताबूतों की जियारत आज

हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की बहन शहजादी हजरत जैनब (स.अ.) के बच्चों औन व मोहम्मद (अ.स.) की दर्दनाक शहादत की याद में बृहस्पतिवार को हसन कालोनी दौलतगंज में उनके ताबूतों और जुलजनाह की जियारत रात 8 बजे करायी जायेगी। इससे पूर्व मजलिस को मौलाना खलीक अहमद जरवली खिताब करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन हुसैनी ने किया है।

### यहां भी हुआ जिक्रे कर्बला

इसके अतिरिक्त इमामबाड़ा सैयद आगा विक्टरिया स्ट्रीट में मौलाना अखतर अब्बास, इमामबाड़ा अफजल महल में मौलाना आगारूही, शिया पीजी कालेज में मौलाना अब्बास नासिर सईद, इमामबाड़ा राजा झाऊलाल में मौलाना अखतर अब्बास जौन, इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में मौलाना अली हाशिम आब्दी व मौलाना रजा अब्बास, रौजाए हजरत मुस्लिम रईस मंजिल व रौजाए जैनबया टिकैतराय में मौलाना तकी रजा,इमामबाड़ा मकसदे हुसैनी घासमंडी मौलाना रईस काजमी ने मजलिस को खिताब किया।

### मर्सिया ख्वानी का सिलसिला जारी



इमाम बाड़ा नाज़िम साहब में इदारे तहफ़्फ़ुज़ ए मर्सिया ख़्वानी के ज़ेरे एहतेमाम बा उन्वान अहले बैत अस की पसंदीदा ज़ाकिरी मर्सिया ख्वानी का सिलसिला जारी है।
आज तीसरी मुहर्रम की मजलिस को ख़ुर्शीद रज़ा फ़तेह पूरी ने मीर अनीस का तसनीफ़ करदा हज़रत ए हुर्र के हाल का मर्सिया अपने मख़सूस अंदाज में पढ़ा । कल की मजलिस को औन रिज़वी साहेब ख़िताब फरमाएंगे।

**तीसरी मुहर्रम की मजलिस में पढ़े जाने वाले बंद**

**ये कह के हाथ खोल दिये उस के शाह ने**
**लिपटा लिया गले से रिसालत पनाह ने**
**पूछा गुबार चेहरे का शेर अला ने**
**ज़र्रे को मेहर कर दिया ज़ेहरा स0 के माह ने**
**हुर्र के क़दम की आके मलक खाक ले गए**
**मेहमान को अपने पंजतन ए पाक ले गएँ**

# 16वीं कैलीग्राफी, छायाचित्र एवं पेंटिंग मोहर्रम प्रदर्शनी का उद्घाटन





**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** वन वॉइस ट्रस्ट और फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के सहयोग से 16वीं कैलीग्राफी, छायाचित्र एवं पेंटिंग मोहर्रम प्रदर्शनी का उद्घाटन बुधवार को राज्य ललित कला अकादमी में हुआ। प्रदर्शनी में देश-विदेश के छायाकारों व चित्रकारों के चित्र व कैलीग्राफी के नमूने प्रदर्शित किये गये हैं। प्रदर्शनी में देश के 18 और विदेश के 6 छायाकारों व पेंटिंग व कैलीग्राफी में देशी-विदेशी मिला कर कुल 42 कलाकारों के चित्र शामिल हैं जिनमें करामत हुसैन कॉलेज व यूनिटी कॉलेज के 18 छात्रों के चित्र भी शामिल हैं। प्रदर्शनी का उद्घाटन मानवता की मोमबत्ती जला कर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, फखरुद् दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के अध्यक्ष अतहर सगीर तुरज जैदी, न्यायाधीश आबिद शमीम, एरा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अब्बास अली मेहदी, एस.एन. लाल सहित अन्य ने किया। प्रदर्शनी के आयोजक एस.एन. लाल ने बताया कि मोहर्रम के जो भी रीति-रिवाज आज इस्तेमाल होते हैं वह सभी अवध की देन हैं। प्रदर्शनी में नवाब मसूद अब्दुल्लाह, डॉ. सरवत तकी, मेराज हैदर, रोशन तकी, नजमुल हसन रिजवी नजमी, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जफरयाब हसन रिजवी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए छायाकारों व चित्रकारों के चित्रों की सराहना की। इस दौरान प्रदर्शनी में आए दर्शकों व अतिथियों को तुलसी के पौधे वितरित किये गये।